रीतिकाल के काव्यों में प्रयुक्त अरबी-फारसी शब्दों का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन"

(इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल् उपाधि हेतु प्रस्तुत शोध प्रबन्ध)

निर्देशक :

डा० सत्य प्रकाश मिश्र,

रीडर (हिन्दी विभाग)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

शोधकर्त्री

श्रीमती सावित्री पाण्डेय

(एम० ए० हिन्दी)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

हिन्दी विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद

1991

विषय-सूची

संकेत-सूची

कवि	रचनाका नाम	संकेत	पृ० से पृ० तक
आलम	आलम केलि	1	1 — 152
	माधवानल कामकंदला	2	1 — 94
केशव	रसिक प्रिया	1	
	वीर चरित्र	2	
	रतनबावनी	3	
	जहाँगीर जसचन्द्रिका	4	
	विज्ञानगीत	5	
	रामचन्द्रिका	6	
	छंद माला	7	
	शिख-नख	8	
	कविप्रिया	9	
कृपाराम	हिततरंगिणी	1	
गंग	गंगकवित्त	1	
ग्वाल	ग्वाल रत्नावली	1	
	ग्वाल काव्य संकलन	2	
घनानन्द	घनानन्द रत्नावली	1	
चन्द्रशेखर	हम्मीरहठ — ह०ह०	1	
चिन्तामणि	कृष्ण उल्लास	1	

कवि	रचना का नाम	संकेत	पृ० से पृ० तक
जसवंत सिंह	भाषाभूषण	1	
	दोवा	2	
	प्रबोध नाटक	3	
	आनन्द विलास	4	
	अनुभव प्रकाश	5	
	अपरोक्ष सिद्धान्त	6	
	सिद्धान्त बोध	7	
	सिद्धान्त सार	8	
	छूटक दोहा	9	
	श्रीभगवद्गीता (टीकाभाषा)	10	
	गीता महात्म्य	11	
ठाकुर	ठाकुर शतक	1	
तोष	सुधानिधि	1	
देव	भावविलास	1	
	रसविलास	2	
	सुमिल बिनोद	3	
देव ग्रंथावली	अष्टयाम	1	
	देवचरित्र	2	
	देवमाय प्रपंच	3	
	वैराग्यशतक	4	
	प्रेमचन्द्रिका	5	
	सुख सागर तरंग	6	
	काव्य रसायन	7	
	कुशल विलास	8	

कवि	रचना का नाम	संकेत	पृ० से पृ० तक
देव ग्रन्थावली	जयसिंह विनोद	9	
	भवानी विलास	10	
	भाव विलास	11	
	रस विलास	12	
	वैराग्य शतक में आत्म-दर्शन पच्चीसी	13	
	वैराग्यशतक में जगदर्शन	14	
	वैराग्यशतक में तत्वदर्शन	15	
	वैराग्यशतक में प्रेम-पच्चीसी	16	
	सुमिल विनोद	17	
नागरीदास	नागरीदास ग्रंथावली—		
	पद प्रबोध माला	1	1—15
	बनजर प्रशंसा	2	16—31
	ब्रजलीला	3	31—42
	गोपीप्रेम प्रकाश	4	53—60
	रामचरित्र माला	5	61—79
	छूटक पद	6	80—116
	उत्सव माला	7	117-219
	पद मुक्तावली	8	220—512
	पद मुक्तावलीका शेषांश	9	513—522
पजनेस	पजनेस प्रकाश	1	
पद्माकर	पद्माकर ग्रंथावली —		
	अनूपगिरि हिम्मत बहादुर की विरुदावली	1	
	पद्माभरण	2	

कवि	रचना का नाम	संकेत	पृ० से० पृ० तक
पद्माकर ग्रंथावली	जगद्विनोद	3	
	प्रबोध पचासा	4	
	गंगा लहरी	5	
	प्रताप सिंह विरुदावली	6	
	कलि पचीसी	7	
	प्रकीर्णक	8	
बिहारी	बिहारी सतसई	1	
बेनी प्रवीण	नवरस तरंग	1	
बोधा	बोधा ग्रंथावली —		
	विरही सुभान दंपति विलास या (इश्कनामा)	1	
	माधवानल कामकंदला चरित्र या विरहवारिश	2	
भिखारीदास	भिखारीदास ग्रन्थावली प्रथम खंड —		
	रस सारांश	1	
	शृंगार निर्णय	2	
	छन्दार्णव	3	
	भिखारीदास ग्रंथावली : द्वितीय खंड —		
	काव्य निर्णय	4	
भूषण	भूषण ग्रंथावली —		
	शिवराजभूषण	1	1–111
	शिवाबावनी	2	111–129
	छत्रसाल दशक	3	129–135
	स्फुट काव्य	4	135–153

कवि	रचना का नाम	संकेत	पृ० से पृ० तक
मतिराम	मतिराम ग्रंथावली –		
	रसराज	1	201–296
	ललितललाम	2	199–366
	फूल मंजरी	3	429–435
	मतिराम सतसई	4	369–426
रघुनाथ	दूषण उल्लास	1	
रसखान	प्रेमवाटिका	1	
	रसखान काव्य	2	
रसलीन	रसलीन ग्रंथावली –		
	रस प्रबोध	1	1–210
	अंग दर्पण	2	210–251
	मुतफरिक कवित्त या फुटकल कवित्त	3	302
	स्फुट दोहे	4	
वृन्द	वृन्द ग्रंथावली –		
	सम्मेत शिखर न्छन्द	1	1
	बारहमासा	2	2
	अक्षरादि दोहे	3	5
	भाव पंचाशिका	4	12
	शृंगार शिक्षा	5	35
	नैन बत्तीसी	6	26
	पवन पच्चीसी	7	51
	वचनिका अथवा रूपसिंह की वार्ता	8	115
	सत्य स्वरूप रूपक	9	262

कवि	रचना का नाम	संकेत	पृ0 से पृ0 तक
वृन्द	नीति सतसई	10	58
	यमक सतसई	11	204
	हितोपदेशाष्टक	12	304
	भाषा हितोपदेश	13	
	पुष्कराष्टक	14	307
	भारत कथा	15	308
	स्फुट छन्द	16	310
सेनापति	कवित्त रत्नाकर	1	
सोमनाथ	सोमनाथ ग्रन्थावली –		
	रसपीयूष निधि	1	1–224
	रास पंचाध्यायी	2	225–266
	शृंगार विलास पूर्वार्द्ध	3	267–312
	माधव विनोद	4	313–498
	महादेव जी को ब्याहुलो या शशिनाथ विनोद	5	499–546
	ध्रुव विनोद	6	547–586
	शृंगार विलास(उत्तरार्द्ध)	7	587–620
	सुजान विलास	8	621–816
	दीर्घ नगर वर्णन	9	817–828
	नवाबोल्लास	10	829–832
	संग्राम दर्पण	11	833–890
	प्रेम पच्चीसी	12	891–894

भूमिका

भूमिका

रीति काल की काव्यभाषा ब्रज है । इसमें बहुत से शब्द अरबी, फारसी और तुर्की के है । ये शब्द भारत में सर्वप्रथम संभवतः अरबों के भारत में आने के साथ-साथ आये क्योंकि अरब वालों का कथन है कि भारतवर्ष के साथ उनका सम्बन्ध मानव जाति की उत्पत्ति के आरंभ से है । उनका कहना है कि यह देश उनका पैतृक जन्म स्थान है ।

हिन्दुस्तान और अरब संसार के वे महादेश हैं, जो पड़ोसी कहे जा सकते हैं । ये दोनों देश समुद्र तट के आमने-सामने के देश हैं । समुद्र तट के देश स्वभावतः व्यापारी होते है । इसी वजह से इन दोनों देशों का आपस में परिचय और गहरा सम्बन्ध स्थापित हुआ । हजारों वर्ष पहले जल मार्ग द्वारा अरब व्यापारी भारतवर्ष के तट पर आते थे और यहां की उपज तथा व्यापारिक पदार्थों को (मिस्र और शाम देश के द्वारा) यूरोप तक पहुंचाते थे और वहां के पदार्थ भारतवर्ष तथा उसके पास के टापुओं (चीन और जापान) तक ले जाते थे ।

अरब व्यापारी जल मार्ग से मिस्र और शाम के नगरों से चल कर, स्थल मार्ग से लाल सागर के किनारे-किनारे जहाज को पार करके यमन पहुंचते थे । फिर पाल-वाली नाव से अफ्रीका व हबा देश को होते हुए समुद्र के किनारे-किनारे हजरत मौत उम्मान, बहरीन और इराक के तटों को पार करके फारस की खाड़ी के ईरानी तटों से होकर बलोचिस्तान के बन्दरगाह 'तेज' में उतरते थे । वे उससे आगे के बंदरगाह 'देबल' (कराची) में आते थे । आगे बढ़कर गुजरात काठियावाड़ा के बन्दरगाह 'थाना' (बम्बई) होते हुए फिर आगे बढ़ते थे और समुद्री मार्ग से ही कालीकट और कन्याकुमारी तक पहुंच जाते थे । मद्रास, लंका और अंडमान के तट पर होते हुए (रुकते हुए) बंगाल की खाड़ी से बंगाल के बन्दरगाहों को देखते हुए बरमा, श्याम व चीन तक चले जाते थे । और पुनः उसी मार्ग से वापस आते थे ।

संसार में समुद्री व्यापार करने वालों में सर्वप्रथम फिनिशियन जाति का नाम आता है । अन्वेषकों के कथनानुसार ये लोग अरब थे । जिनका पूर्वी देश के लिए पूर्व में वहरैन व पश्चिमी देश के लिए पश्चिम में शाम देश में भूमध्य सागर के तट पर बन्दरगाह था, इसी जाति के द्वारा यूनान में सभ्यता का प्रारंभ हुआ ।

पुरानी ईरानी भाषा और संस्कृत में स और ह आपस में बदला करते हैं । इसके कई उदाहरण है इसलिए जब फारस वालों ने भारत के एक प्रान्त पर अधिकार किया तब उन्होंने सिन्ध नदी का नाम हिन्द हो रख दिया । इससे इस देश का नाम भारतवर्ष के अलावा हिन्द पड़ गया । अरबों ने जो सिन्ध के सिवा इस देश के दूसरे नगरों को भी जानते थे सिन्ध को सिन्ध कहा और भारतवर्ष के दूसरे नगरों या प्रदेशों को हिन्द निश्चय किया । अन्त में यही नाम सारे संसार में भिन्न-भिन्न रूपों में फैल गया । इसके ह् का अ हो गया, जिससे फान्सीसी भाषा में इड व इण्डिया बना । खैबर से आने वाली जातियों ने इसका नाम हिन्दुस्थान रखा जो फारसी उच्चारण में हिन्दुस्तान बोला जाता है ।

इस्लाम के बाद अरबों का ध्यान भारत की ओर झुका । सर्वप्रथम सन् 15 हि० (सन् 636 ई०) में बम्बई के पास थाना नामक बन्दरगाह पर अरबों ने कब्जा किया फिर, भड़ौच और बरौस) देबल पर कब्जा किया । और इन बन्दरगाहों पर सिन्ध सीमा रक्षक के रुप में स्थायी पद नियुक्त किया गया । राजा दाहर (ब्राह्मण) के राज्य काल में मुहम्मद बिन कासिम का आक्रमण हुआ और उस आक्रमण में जिन भारतीय सैनिकों ने अरबों का सबसे अधिक सामना किया उनका नाम बिलाजुरी ने अपनी पुस्तक (155 हि० में लिखा गया) में तकाकिरा बतलाया है जो अरबी भाषा में ठाकुर शब्द का बहु० वचन रुप है । सन् 140 हि० (सन् 759 ई०) में हिशाम ने गन्धार में अपनी विजय के स्मारक में एक मस्जिद बनवाई । यह गुजरात देश इस्लाम का प्रथमचरण था और सिन्ध को छोड़कर बाकी भारत में यह पहली मस्जिद थी । यहाँ दो प्रसिद्ध अरबी रियासतें जिनमें एक मुलतान में और दूसरी सिन्ध के अरबी नगर मन्सूरा में थी ।

अरबों के विवरण से यह स्पष्ट रुप सेसिद्ध होता है कि हिजरी पहली शताब्दी के अन्त और इस्वी आठवीं शताब्दी के आरंभ में सिन्ध में बौद्ध धर्म का प्रचार था । अरब वाले बौद्धों को समनीयः कहते थे । भूगोल के सभी लेखकों ने यहाँ बुद्ध नामक

बस्ती का उल्लेख किया है ।[1] जिसका ठीक नाम चचेनामे में बुद्धपुर[2] है । फिर यहाँ नव बिहार नाम के एक उपासना मन्दिर का उल्लेख मिलता है: जो विशेष रूप से बौद्धों के मन्दिर का नाम है । उनके पुजारी का नाम समनीयः मिलता है, जो ब्राह्मण के विरोधी थे । इलियट साहब ने भी इसका समर्थन किया है ।

जब मुसलमानों को पहले पहल भारत की जातीयता से काम पड़ा तब सिन्ध में बौद्ध मत का प्रचार था । इसलिए निश्चित रूप से बुद्ध का मूल रूप बौद्ध है न कि फारसी शब्द बुद (बुत) जो कदाचित स्वयं भी बौद्ध शब्द का बिगड़ा रूप है ।

बुजुर्ग बिन शहरयार सन् 300 हि० — यह एक जहाज चलाने वाला था इसने अरबी भाषा में एक पुस्तक अजायबुल हिन्द नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें जलमार्ग में जो जो बातें देखी सुनी थीं, उनका वर्णन किया है । इसमें सबसे अधिक महत्व की घटना एक हिन्दू राजा का कुरान का हिन्दी अनुवाद कराकर सुनना था । इस पुस्तक में विलक्षण बात यह है कि स्थान-स्थान पर व्यापार के लिए बानियानियाँ शब्द का व्यवहार किया गया है, जो स्पष्टतः हिन्दी शब्द बानिया है । उस समय छोटी नावों को अरब मल्लाह बरजा कहते थे । यह हिन्दी का बेड़ा शब्द है । इसका अरबी बहुवचन बवारिज है पर इस पुस्तक में बार-बार बवारिज शब्द का व्यवहार समुद्री डाकुओं के लिए भी किया गया है । डोली और डोलों के अर्थ में हिंडोला शब्द का और पलंग के अर्थ में बलंज शब्द का व्यवहार हुआ है ।

मसऊदी (सन् 303 हि०) — इसका नाम अबुल हसन अली था । इसकी दो पुस्तकें प्राप्त हैं – (1) किताब उल तम्बीह वलू अशराफ जो संक्षिप्त है । (2) मुरूजुज जहब व मआदुनुल जौहर है । दूसरी पुस्तक बड़ी है । इसमें अन्य बातों के

---

1. बुशारी मुकद्दसी और इब्न हौकल का जिक्रे सिन्ध ।

2. इलियट का इतिहास, पहला खण्ड : पृ० 138.

साथ-साथ यह भी लिखा है कि भारत में बहुत सी बोलियाँ बोली जाती है (पृष्ठ 163 और 381) इसने कन्धार को रहबूतों (राजपूतों) का देश बतलाया है ।

भारत के समुद्र तटों पर अरबों के आने जाने का यह प्रभाव हुआ कि अरबी यात्रा विवरणों और भूगोल में और अरब तथा फारस के मल्लाहों की जबान पर जहाजों और उनके सम्बन्ध में अनेक हिन्दी नाम चढ़ गये । उनमें से एक शब्द बारजा का ऊपर जिक्र किया गया है । जिस प्रकार रूम सागर में समुद्री डाकुओं को करसान कहते हैं और आज कल की अरबी भाषा में बारजा लड़ाई के जहाजों के बेड़े को कहते हैं । दूसरा शब्द दोनिज है जिसका बहुवचन दवानिज होता है । यह हिन्दी के डोंगी शब्द का अरबी रूप है । तीसरा शब्द होरी है, जिसे अब भी बम्बई वाले होड़ी कहते हैं ।

भारतवर्ष या भारतीय टापुओं के तीन और शब्द हैं जिनके ठीक-ठीक मूल रूप का पता नहीं चलता । बलीज= जहाज की छत, जोश = नाव का रस्सा, कनेर = नारियल के छाल की रस्सी को कहते हैं जो जहाजों के बाँधने और तख्तों के सीने के काम आती थी । ये शब्द भी भारतीय शब्दों से ही निकले हुए हैं । एक शब्द ऐसा है जो उस समय के पूर्वी सार्वराष्ट्रीय समुद्री व्यापार का संक्षिप्त इतिहास है । अरबी में इस शब्द का रूप "नाखुजा" है और इसका बहुवचन "नवाख़ज़ा" है, लेकिन भारत वाले उसके फारसी रूप नाखुदा से अधिक परिचित है । असल में यह शब्द नावखुदा है, इसमें नाव शब्द हिन्दी का और स्वामी के अर्थ में खुदा शब्द फारसी का है । हाफ़िज़ कहते हैं — "मा खुदा दारम मारा ना खुदा दरकार नेस्त" अर्थात् मेरे साथ खुदा है । मुझे नाखुदा (एक अर्थ ईश्वर रहित और दूसरा मल्लाह) की आवश्यकता नहीं है ।

इब्न बतूता अपनी पुस्तक में लिखता है कि कारो मंडल और मलाबार के बीच में हेली नाम का एक अन्तरीप है । इलायची शब्द का मूल यह नाम है । यह समझा जाता है कि संस्कृत में जो इसे एला और फारसी में हेल कहते हैं वह इसी हेली अन्तरीप के नाम से लिया गया है । इसी एला शब्द से उर्दू में उसीप्रकार

इलायची शब्द बन गया जिस प्रकार अगर या ऊद का नाम जो मँडल (कारोमँडल) से जाना था, अरबों में मन्दल हो गया । अरब वाले भारत के साथ जिन वस्तुओं का व्यापार करते थे, प्रायः उनके नाम कुछ तब्दीली के साथ ग्रहण किये हैं, जिन्हें देखने से पता चलता है कि ये हिन्दी से उत्पन्न अरबी रूप हैं । निम्न-लिखित अरबी के कुछ शब्द हिन्दी भाषा से निकले हुए हैं :—

अरबी	हिन्दी	उर्दू (या हिन्दी)
सन्दल	चन्दन	सन्दल
मस्क	मूषिका	मुश्क
तम्बोल	ताम्बूल	पान, तम्बोल
काफूर	कपूर	काफूर
करनफल	कनकफल	लौंग
फिलफिल	पिप्पली, पिप्पला	गोलमिर्च (संभवतः इसीसे अँग्रेज़ी का पेपर शब्द भी बना है ।)
फोफल	कोबल, गोपदल	सुपारी, डली
जंजबील	जंर्जबीरा	सौंठ, अदरख
नीलोफ़र	नीलोत्पल	नीलोफल
हेल	एला	एलायची, इलायची

ऊद (अगर) हिन्दी किस्त हिन्दी (कुट) साजज हिन्दी (तेजपत्ता) कुरुतुम हिन्दी (कुसुब) और तमर हिन्दी (हिन्दुस्तानी खजूर अर्थात् इमली) आदि शब्दों के साथ हिन्दी शब्द ही यह सूचित करता है कि ये सब चीजें भारत से जाती थी और भारत की थीं । ऊद या अगर की लकड़ी कोरोमंडल से जाती थी, इसलिए अरबवालों ने उसका नाम मंदल रख दिया ।

औषधियाँ

अरबी	हिन्दी	उर्दू (या हिन्दी)
जायफल	जायफल	जायफल
इत्रीफल	त्रिफला	इत्रीफल
शखीरा	शिखर (शिखिकंठ)	तूतिया
बलीलह	बहेड़ा	बहेड़ा
हलीलज	हरें	हलीला
बलादर	भिल्लातक	भिलावाँ

कपड़ों के प्रकार

कर्फस	कार्पास	मलमल
शीत	छींट	छींट
बौतः	पट लुगीवाल	रुमाल

रंग

नीलज	नील
किर्मिज	किरमिल

फल

मोज	मोचा	केला
नारजील	नारियल	
अम्बज	आम	
लेमूं	निम्बू	इसीसे अंग्रेजी का LEMON शब्द निकला है ।

इन शब्दों ने अरब में जाकर नया नाम पाया है ।

कुरान में जन्नत या स्वर्ग की प्रशंसा में इस स्वर्गतुल्य देश की तीन सुगन्धित पदार्थों

ये वस्तुएं तो भारत से बाहर जाती थीं पर इनके बदले में अरब वाले भारतवासियों को उनकी जरूरत की वस्तुएं देते थे जैसे कपड़े आदि । जो वस्तुएं यहां ली जाती थीं उनमें हिजरी तीसरी शताब्दी (ई० नवीं शताब्दी लगभग) में सिन्ध में सोने के सिक्कों की भारत में बहुत मांग थी जिन्हें अशर्फी कहते थे, पन्ने की अंगूठी (मिस्त्र से), मूंगा – साधारण पत्थर जिसका नाम दहंज था, मिस्र से शराब, रूम से रेशमी कपड़े, समूर, पोस्तीन और तलवारें आती थीं । फारस से गुलाबजल जो प्रसिद्ध था भारत में आता था बसेरे से देबल (सिंध के बन्दरगाह) में खजूर आती थी । कोरमंडल में अरब से घोड़े आते थे अरब से (या बाहर) से आनेवाली इन वस्तुओं और घोड़ों के नाम अरबी, ईरानी या फारसी होते थे धीरे-धीरे अरबी नामों ने देशी नामों को हटा दिया । सातवीं शती के पूर्वार्ध में 'बाण' ने रंगों के आधार पर घोड़ों के देशी नामों का भी उल्लेख किया है । जैसे शोण श्याम श्वेत पिंजर हरित तित्तिर कल्माष आदि । धीरे-धीरे घोड़ों के अरबी नाम बाजार में भर गये और देशी नाम हट गये । विशेषतः पश्चिम भारत में यहां तक कि बारहवीं शती में हेमचन्द्र ने अपने अभिधान चिन्तामणि नामक कोश में घोड़ों के अरबी और देशी नाम और संस्कृत नाम साथ-साथ दिये हैं । घोड़ों के कुछ नाम देखे जा सकते हैं । जैसे –

<u>तुखार</u> = तुखार देश के घोड़े तुखार मध्येशिया में शकों के एक कबीले और उनके मूल निवास स्थान की संज्ञा थी । वहां से कुषाण और गुप्त काल में आने वाले घोड़े तुखार कहलाते थे ।

<u>बांक</u>= बांके टर्रे, मुंहजोर ।

<u>तायन</u> = फा० ताजियाना, = चाबुक ।

<u>रथवाह</u> = रथ के घोड़े ।

<u>पैगह</u> = घुड़शाल ।

कैकानी = केकाण देश के घोड़े — गोमल नदी के पश्चिम में किकियाङना नामक प्रदेश पड़ता था । यहाँ के घोड़े व भेड़ें मशहूर थीं, ऊँ ये पूरे घोड़ों की नस्ल की तो विदेशों में बड़ी माँग थी, ब्राहुइयों का यह प्राचीन प्रदेश जो अब भी घोड़ों के अच्छी नस्लों के लिए प्रसिद्ध है, बोलन दर्रे के दक्खिन बलूचिस्तान के उत्तरपूर्व में मस्तुंग और कलात के इलाकों को घेरे हुए है ।

पखरै = धातु पक्खर, अश्व को कवच से सज्जित करना ।
काला, कुम्मैत, लील जरदा मुश्की — ये घोड़ों के मुख्य रंग हैं ।

कुम्मैत = वह घोड़ा जिसका रंग उन्नाब या ताजी खजूर की तरह स्याही मायल सुर्ख हो घोड़ों का यह रंग तमाम रंगों में अच्छा समझा जाता है । इस रंग का घोड़ा गर्मी सर्दी और सफर की तमाम तकलीफ सह सकता है । कुम्मैत अरबी भाषा का शब्द है यह अरब ईरान भारत सब जगह चला गया था । .

काला = सियाह=हाशमी — इसे ही संस्कृत में श्याम या कृष्ण वर्ण कहा जाता था । अनेक भेद होते हुए भी घोड़े के मूल रंग चार ही थे । सफेद स्याह लाल जर्द (हाशमी) ।

खंग = खिंग दूध की रंगत के समान सफेद रंग का घोड़ा इसीका एक भेद नुकरा तथा सेराह है ।

कुरंग = जिस घोड़े के रोएँ स्याह, सुर्ख व जर्द हो और जिसकी चमड़ी सुर्ख हो उसे कुरंग कहते हैं ।

बोर = सुर्ख रंग का एक उपभेद ।

बोज = बदामी रंग (भूरे रंग के लिए यह तुर्की शब्द था ।)

दुर = (अरबी दुर्र, फारसी दुर =मोती) मोती या मुखारीद की सफेदी के रंग का घोड़ा ।

केबी = चित्र-विचित्र रंग के घोड़े, केबू एक इसी प्रकार की चिड़िया होती है ।

अबलक = दो रंग का घोड़ा जो सुर्ख व सफेद रंग का या सियाह व सफेद रंग का होता है । जिसके चारों पैर सफेद हों ऐसे घोड़ों को भी अबलक कहते हैं । अरबी अबलक - कुला या कुल्ला नामक घोड़े में भी जेब्रा जैसी पट्टियां कही गई हैं ।

अबरस = अरबी अब रश वह कुम्मैत रंग का घोड़ा जिस पर खरबूजे की फांकों जैसी धारियां हों । बाज सवार सुर्ख और सफेद मिले रंग वाले घोड़े को भी अबरस कहते हैं । मूल रंग पर छोटे छोटे नुक्ते । फा० में एक शब्द आबसैर है जो मजे की चाल चलने वाले घोड़े के लिए प्रयुक्त होता है । संभव है अबरस पाठान्तर उसीके लिए हो ।

अगज = अग़श - अ० वह घोड़ा जिसका सिर एकदम सफेद रंग का हो । तुर्की में आकाश श्वेत रंग का वाचक है ।

सिराजी = शीराज नगर का घोड़ा ।

चौधर = सुरंग या लाल रंग के घोड़े की खाल में सफेदी का अंश और झलकने लगे तो उसे चौधर कहते हैं ।

चाल = सुर्खी मायल रंग के घोड़े सुर्ख व सफेद मिले जुले बालों वाला चकोर की रंगत वाला घोड़ा । तुर्की शब्द ।

समुंन्द = जिसका रंग सोने के रंग के समान हो । यह प्रसिद्ध रंग है । इसे सुतुरी भी कहते हैं । जर्दा या पीले काही उपभेद है ।

ताजी = अरब देश के घोड़े । अरबों का प्रसिद्ध नाम ताजिक था । आठवीं शती में जब अरब सौदागर और यात्री पश्चमी भारत में आने लगे तो यह नाम इस देश में चल गया ।

खुरमुज = ईरान की खाड़ी के उपरले सिरे पर खोरमूसा नामक समुद्री खाल (फा० खोर - समुद्र का भीतरी घुसा हुआ भाग) और उसी नाम का बन्दरगाह है । किसी समय वह घोड़ों के चालान का बड़ा बन्दरगाह था । वहाँ से आने वाले घोड़ों का व्यापारिक नाम खुरमूज या खुरमुजी पड़ गया ।

नोकिरा = एक रंग सफेद घोड़ा चाँदी के रंग की तरह चमकदार – फारसी – नुक़रई, अरबी नुकरः = चाँदी ।

जरदा = स्वर्ण के से पीले रंग का घोड़ा । अरबी में इसे असफर = पीले रंग का घोड़ा कहते हैं ।

अगरान = उस छोटे सफेद निशान को जो दिरहम (या अठन्नी) से छोटा हो फुरहः और घोड़े को अक़रह कहते हैं । यदि माथे पर सफेद निशान इससे बड़ा हो, तो उसे गु़र्रः और घोड़े को अग़र्रः कहते हैं । अगर्रः से ही सम्भवतः बहुवचन रूप अगरान था ।

पँच कल्यान = जिसके चारों घुटनों तक और मुख पर सफेदी हो । शरीर का रंग चाहे जो हो ।

सँजाब = जंगली चूहे और लोमड़ी की रंगत से मिलता हुआ घोड़ा । इसकी चमड़ी पर सफेद और काले निशान गुप्त रहते हैं । पानी से भिगोने पर जान पड़ते हैं । (फ्लिौट)

मुसुकी = स्याह घोड़ा (ईरान में प्रचलित शब्द) ।

हिरमिजी = हुरमुज से आने वाले घोड़े । फारस की खाड़ी में अब्बास के पास हुरमुज नाम का छोटा द्वीप है और मिनाब नदी के मुहाने पर एक बन्दरगाह भी है । मार्कोपोलो के अनुसार यह स्थान घोड़ों के व्यापार का मुख्य केन्द्र था ।

इराकी = इराक देश के घोड़े ।

तुरकी = तुर्क या रुम देश से आने वाले घोड़े ।

बुलाकी = फा० बलक का अर्थ काला सफेद मिश्रित घोड़ा है ।

बुजुर्ग बिन शहरयार का जिक्र करते हुए बनिया शब्द की चर्चा हो चुकी है । इन महाशय ने अपनी पुस्तक अजायब उल हिन्द में बीसों स्थान पर बनियाना के नाम से जहाज के दूसरे यात्रियों के रूप में भारतीय व्यापारियों का नाम लिया है । बल्कि एक स्थान पर तो उन्होंने बनियाना और ताजर (व्यापारी) ये दो शब्द अलग-अलग दिये हैं, जिससे क्रमशः हिन्दू व्यापारयों और अरब सौदागरों का अभिप्राय है । अरब में आज तक हिन्दू व्यापारी बनिया कहलाता है । इसका बहुवचन बनियाना होता है । वह आगे लिखते हैं कि "इराक़, बहरैन, उमान, सूडान, मस्रुअ, सईद, बन्दर और कायरों (मिस्र) में आज भी ये लोग व्यापार करते हैं । हज्जाज और मिस्र की यात्रा में इन बनियों से मेरी भेंट हुई है ।"

ये लोग नित्य प्रति की बाजारु अरबी भाषा ऐसी सुन्दरता से बोलते हैं कि हमारे यहाँ के मौलवी उनका मुँह ताकते रहें । ये लोग प्रायः सिन्धी, मुल्तानी और गुजराती होते हैं, जो ईश्वर जाने कब से इन देशों में आते-जाते रहते हैं ।[1]

जाहिज़ = अरबी का प्रसिद्ध लेखक दार्शनिक और तार्किक था यह बसेर का रहनेवाला था इसलिए भारत से भी इसके सम्बन्ध थे इसने एक छोटा निबन्ध —

---

1. अजायबुल हिन्द : पृ० 104, 165.

"गोरी व काली जातियों से कौन बढ़ कर है" पर लिखा था और अपना निर्णय काली जातियों के पक्ष में देता है। इस सम्बन्ध में उसका कहना है कि जितने (इराक में) सर्राफ है सब के यहाँ खजानची खास सिन्धी होगा या किसी सिन्धी का लड़का होगा क्योंकि उनमें हिसाब-किताब रखने और सर्राफी का काम करने का स्वाभाविक गुण होता है।[1] इससे यह साफ जाहिर है कि अरबी और फारसी ज्ञान भारतीयों को था।

जाहिज ने भारतीय पंडितों और वैद्यों के नाम दिये हैं जिन्होंने अरबी भाषा में गणित फलित ज्योतिष चिकित्सा साहित्य और नीति के बहुत से ग्रंथों का अरबी में अनुवाद किया जो बिना अरबी भाषा के ज्ञान के असंभव है। अरबवाले स्पष्ट रूप से कहते हैं कि उन्होंने 1 से 9 तक के अंक लिखने का ढंग हिन्दुओं से सीखा है। इसीलिए अरब वाले अंकों को हिन्द सा और इस प्रणाली को हिसाब हिन्दी या हिन्दी हिसाब कहते हैं।

भारतवर्ष से तीसरी विद्या 'चिकित्सा' अरब वालों को मिली। चिकित्सा-शास्त्र की संस्कृत में लिखी पुस्तकों का अरबी अनुवाद कराया गया। उनमें से दो पुस्तकें मुख्य हैं — एक तो सुश्रुत की पुस्तक है जिसे अरब वाले ससरो कहते हैं। यह पुस्तक दस प्रकरणों में थी। दूसरी पुस्तक चरक की है, जो भारत में चिकित्साशास्त्र का बहुत बड़ा ज्ञाता और ऋषि हुआ है। इस पुस्तक का पहले फारसी में अनुवाद हुआ था फिर अब्दुल्लाह बिन अली ने इसका फा० से अरबी में अनुवाद किया था।[2]

अरबी में दो शब्द सबसे बढ़कर विलक्षण है। एक दवा का नाम व दूसरा खाद्य पदार्थ का। दवा में इतरी फल है जो बहुत प्रसिद्ध है प्रत्येक चिकित्सक और रोगी इसका व्यवहार करता है। हिजरी चौथी शताब्दी में मुहम्मद ख्वारिज्म ने

---

1. रिसाला फखरु सु सूदान अलल् बैजान जाहिज मजमूआ रसायल जाहिज, पृ० 81.

2. इब्न नदीम, पृ० 303.

लिखा है यह हिन्दी शब्द तिरीफल (त्रिफला) है यह तीन फलों — हर्रे, बहेड़े और आंवले से बनता है । इसी प्रकार की एक दवा अँबजात है । ख्वारिज्म कहता है कि भारत में आम नाम का एक फल होता है, उसीको शहद नीबू और हर्रे में मिला कर अँबजात बनाते हैं । संभवतः इसको गुडम्बा या आमों का अचार या मुरब्बा कहना चाहिए । इनसे भी विलक्षण शब्द बहतः (या भातः ?) है, जिसके सम्बन्ध में ख्वारिज्म ने कहा है यह एक प्रकार का रोगियों का भोजन है, यह सिन्धी शब्द है, यह दूध और घी में चावल को पका कर बनाया जाता है । यह हमारा हिन्दुस्तानी भात है जो अरबों के विचार से रोगियों के लिए हल्का भोजन होगा । इसको चाहे खीर समझा जाये या फीरीनी ।

संस्कृत से अरबी व फारसी में बहुत सी पुस्तकों का अनुवाद हुआ जिसमें पशु चिकित्सा ज्योतिष व रमल प्रश्नों का रहस्य बृहज्जातक, सामुद्रिक शास्त्र (हस्तरेखा ज्ञान) गारुड़ी विद्या (सर्प विद्या), विष विद्या बेश = जहर यह हिन्दी के विष शब्द से बना है, जिसका अर्थ है जहर, संगीत शास्त्र, महाभारत, युद्ध विद्या और राजनीति, कीमिया या रसायन, तर्कशास्त्र की पुस्तकों का अरबी व फारसी में अनुवाद हुआ है । इन्द्रजाल पर अरबी में अनुवाद हुआ । कथा कहानी की कई पुस्तकों का अनुवाद अरबी में हुआ । संस्कृत की पुस्तक पंचतंत्र का फारसी व अरबी में कलेलादमना नाम से अनुवाद हुआ है । अरबी भाषा से इस पुस्तक का संसार भर की भाषाओं में अनुवाद हुए ।

बैरुनी अपनी पुस्तक किताबुल हिन्द, पृ० 12 पर लिखता है कि जब तक मैंने भारतवासियों की भाषा नहीं सीखी थी, तब तक तो मैं उनके सामने शिष्यों की तरह बैठता था पर जब मैंने उनकी भाषा कुछ-कुछ सीख ली और मैं उन्हें ज्योतिष तथा गणित के नये-नये सिद्धान्त और नई-नई बातें बतलाने लगा तब वे चकित हो गये और स्वयं मुझ से सीखने लगे और आश्चर्य से पूछने लगे कि तुम किस पंडित के शिष्य हो ? फिर जब मैं उनकी विद्या सम्बन्धी योग्यता की त्रुटियां दिखलाने लगा तब वे मुझे जादूगर और परोक्षदर्शी समझने लगे और मुझे विद्यासागर

कहने लगे ।[1]

बैरूनी ने सबसे बड़ा काम यह किया कि हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच विद्या विषयक दूत का काम किया उसने अरब और ईरानियों को हिन्दुओं की विद्याओं का ज्ञान कराया और हिन्दुओं को अरबों तथा ईरानियों के नये-नये अन्वेषणों से परिचित कराया । उसने अरबी जानने वालों के लिए संस्कृत से और संस्कृत जानने वालों के लिए अरबी से पुस्तकों का अनुवाद किया । उसने तीन पुस्तकें लिखीं – (1) अरबी से संस्कृत में (2) संस्कृत से अरबी में तथा (3) भारतीय विद्याओं और सिद्धान्तों की छानबीन और जाँच पड़ताल के सम्बन्ध में ।

खेल के विषय में – चौसर व शतरंज दोनों भारत की देन हैं । चौसर के खेल में चौसर की बिसात चौसर के चिह्न और चौसर का खेल, आकाश की राशियों 360 दिनों हर दिनों के 24 घंटे, 12 घंटे के दिन, 12 घंटे की रात का पूरा चित्र है । शतरंज का आधार कुल 64 घरों, फिर 32 फिर 16 फिर 8 और 4 घरों पर है । गणित के इन दाँव पेंच के अलावा दोनों खेल भारत की दो धार्मिक या दार्शनिक विचारधाराओं (शाखाओं) का सूचक है । चौसर इस बात का प्रमाण है कि आदमी सब प्रकार से विवश है और आकाश तथा नक्षत्रों के चक्कर जो कुछ चाहते हैं, वही उससे कराते हैं । संसार क्षेत्र में कोई भी आदमी स्वयं अपनी इच्छा और विचार से पैर नहीं उठाता बल्कि वह कोई और ही है, जो उससे बलपूर्वक पैर उठवाता है । हमारा लाभ व हानि दूसरे के हाथ में है । इसके विरुद्ध शतरंज इस बात का प्रमाण है कि संसार में जो कुछ होता है, वह मनुष्य के अपने प्रयत्नों का फल है । उसकी हार-जीत सफलता और विफलता दोनों उसकी बुद्धि विचार समझ-बूझ और दौड़-धूप पर निर्भर है । तात्पर्य यह है कि संसार की जिन समस्याओं का और किसी प्रकार निर्णय नहीं हो सकता, ये दोनों खेल उन समस्याओं का विद्वत्तापूर्ण निर्णय है ।

---

1. किताबुल हिन्द, पृ० 12.

अब कुछ शब्द पक्षियों के विषय में देखें —

(1) लगलग :

तुर्की० अन्य रूप लकलक, लक्लक्, लैलक, सारस पक्षी । अतएव हिन्दी में दुबले-पतले व्यक्ति के लिए हिन्दी में व्यंग्य से कहते हैं 'बड़े लगलग बने हुए हैं ।' फारस में इस चिड़िया को हाजी लगलग भी कहते हैं । उनका विश्वास है कि जाड़ों में यह हर साल मक्का को हज करने चली जाती है ।

(2) लफंगा :

शोहदा, आवारा । हिन्दी-तुर्की भाषा में एक चिड़िया का नाम लपंग या लफंग है । यह गिद्ध से मिलती है पर उससे छोटी होती है। पूछ की जड़ सफेद रंग की होती है । शिकार के लिए यह बिल्कुल निकम्मी और ढिलुआ समझी जाती है । वैसे भी बड़ी बुद्धू चिड़िया है । इसीसी लफंगा शब्द है ।

(3) चुगद :

फारसी में उल्लू के लिए आता है पर संभवतः तुर्की शब्द चुगदीक है जो एक चिड़िया का नाम है ।

(4) चील :

तुर्की व संस्कृत दोनों में प्राप्त है (चील, चील्ल) संभव है गुप्त काल से पहले यह चील शब्द तुर्की से संस्कृत में अपना लिया गया हो । शकों के द्वारा यह यहाँ लाया गया होगा ।

(5) हुदहुद :

एक चिड़िया (तुर्की) ।

(6) बुलबुल : एक चिड़िया (तुर्की) । हिन्दी में फारसी या अरबी के जरिये

धर्म के सम्बन्ध में एक शब्द है बुत जिससे बुतपरस्त (मूर्तिपूजक) और बुतखाना (मन्दिर) शब्द बने हैं। साधारणतः लोग बुत को फारसी शब्द समझते है पर वास्तव में बुद्ध शब्द से बुद और फिर बुद से बुत शब्द बना है। बुद्ध की मूर्ति की पूजा हुआ करती थी इसलिए फारसी में बुद शब्द का अर्थ ही बुत या मूर्ति हो गया इसलिए अरबी में बुत को बुद कहते हैं और इसका बहुवचन 'बुदूह' होता है।[1] मसऊदी कहता है कि "सिन्ध में वहाँ की भाषा है जो भारत की और भाषाओं से अलग है।" मन्सूरा के बन्दरगाह देबल के सम्बन्ध में बुशारी कहता है "यहाँ सब व्यापारी ही व्यापारी बसते हैं, उनकी भाषा सिन्धी और अरबी है।"[2] इससे यह अनुमान हो सकता है कि यहाँ की भाषा पर अरबी का कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। इसका एक बड़ा प्रमाण आज भी मिलता है। सिन्धी भाषा में अरबी भाषा के शब्द उसी प्रकार मिले हुए हैं, जिस प्रकार उर्दू भाषा में मिले हैं। और सबसे बड़ा प्रभाव यह पड़ा है कि सिन्धी की लिपि आज भी ज्यों की त्यों अरबी ही है। भारत और खैबर की घाटी के उस पार के देशों में सदा से बराबर लड़ाई और मेल के सम्बन्ध चले आते थे। इस्लाम से पहले इन देशों की यह दशा थी कि जब कभी काबुल का बादशाह बलवान हो गया तब उसने हिन्द और पेशावर तक अधिकार कर लिया, और जब भारत के राजाओं को अवसर मिला तब उन्होंने काबुल और कन्धार तक सीमा बढ़ा ली। यही दशा सिन्ध की ओर भी थी कभी ईरान के बादशाह ने मकरान से सिन्ध नद तक अधिकार कर लिया और कभी सिन्ध के राजा ने बलोचिस्तान और मकरान लेकर ईरान की सीमा से सीमा मिला दी। ईसवी सातवीं शताब्दी तक बराबर यही हाल होता था। उसी समय से मुसलमान लोग देश को जीतते हुए इधर बढ़ने लगे और इन देशों के कबीले और जातियाँ मुसलमान होने लगीं। इस तरह धर्म के साथ जुड़े शब्दों का आगमन होने लगा जैसे – कुरान, अल्लाह,

---

1. देखें – फेहरिस्त इब्न नदीम पृ० 347 और सफरनामा (सुलेमान पृ०55-57)
2. मुरुजुज्जहब पहला खंड, पृ० 28।

मस्जिद, आयते आदि । उधर इस्लाम का सबसे पहला राज्य "समानी" था, जिसने बुखारा को अपनी राजधानी बनाया पर उसके समय में भी लोगों का ध्यान काबुल से आगे न जा सका । इसके बाद "सफ्फरी" राज्य हुआ जो थोड़े ही दिनों तक रहा उसने काबुल और कन्धार से आगे पैर बढ़ाये थे । अब्बासी खिलाफत ने सिन्ध का नाम मात्र का शासन भी इसीको सौंप दिया । इसके बाद समानी राज्य की सीमाओं से हट कर उसके एक तुर्क अधिकारी अल्पतगीन अपने स्वामी की सैनिक चढ़ाई और दंड से बचने के लिए इस दूर के इलाके में अधिकार जमाने का प्रयत्न आरंभ किया और गजनी में अपने स्वतंत्र राज्य की राजधानी बनाई । यह हिजरी चौथी शताब्दी के मध्य की बात है । इसी गजनी राज्य का चाहे दूसरा कहो चाहे तीसरा राजा महमूद गजनवी है । उसने अपने तैतिस बरस के राज्य में गजनी के चारों ओर के देशों और राज्यों को चाहे वे मुसलमान थे, चाहे नहीं थे अपने भीषण आक्रमणों से विवश करके अपने छोटे से पैतृक राज्य में मिलाकर एक बहुत बड़े साम्राज्य की नीव डाल दी । इसने गजनी के एक ओर काशगर के इस्लामी एलखानी राज्य को दूसरी ओर स्वयं अपने समानियों के राज्य को तीसरी ओर दैलमियों के राज्य को तबरिस्तान के राज्य आलजियार को पूर्व की ओर गोरियों के देश को जो अब तक न मुसलमान थे और न कभी किसी राज्य के आधीन रहे थे, और इसके बाद पूर्व में मुल्तान और सिन्ध में अरब अमीरों को और लाहौर तथा भारत के कुछ राजाओं को उलट-पुलट कर गजनी का साम्राज्य स्थापित किया था । इनमें से भारत और गोर के अतिरिक्त जितने राज्य थे सब मुसलमान के ही थे ।

यह तो उत्तरी भारत का हाल था । दक्षिण भारत की दशा कुछ और ही थी । सन् 416 हि० (सन् 1064 ई० में महमूद गजनवी, सन् 574 हि० (सन् 1178 ई०) में शहाबुद्दीन गोरी और सन् 592 हि० (सन् 1196 ई०) में कुतुबुद्दीन ऐबक् गुजरात पर धावे करके बादल की तरह आये और आँधी की तरह निकल गये । इसके सौ बरस बाद बघेले राजा और उसके मंत्री माधव की

---

1. ---- किताबुल् बिदअ बत्तारिख, पृ० 19 और मिलल व नहल, शहरिस्तानी, पृ० 240.

आपस में शत्रुता और मन मुटाव के कारण माधव के बुलाने पर सबसे पहले अल्लाउद्दीन खिलजी सन् 697 हि० (सन् 1297 ई०) में गुजरात का हाकिम बन गया। अल्लाउद्दीन खिलजी ने गुजरात से लेकर समुद्र के ~~किनारे~~-किनारे-किनारे कोरमंडल तक का प्रदेश जीत लिया पर उसके विजयों का क्रम जहाज की तरह था जो अपने बल से समुद्र का कलेजा चीरता हुआ आगे बढ़ता जाता है पर ज्यों ही वह एक कदम आगे बढ़ता है, त्यों ही उसके पीछे का पानी सिमट कर ऐसा हो जाता है कि पानी के ऊपर नाम के लिए भी किसी तरह का निशान नहीं रह जाता। यह मानो खिलजी सेनापति की एक सैनिक सैर या यात्रा थी, इससे अधिक कुछ भी नहीं। सन् 709 हि० (सन् 1309 ई०) में उसके एक सैनिक अधिकारी मलिक काफूर ने कर्नाटक जीत लिया। पर इसके बाद सन् 727 हि० (सन् 1323 ई०) में दक्षिण में बीजानगर का एक विशाल हिन्दू राज्य स्थापित हो गया जो कई शताब्दियों तक दक्षिण भारत को उत्तरी भारत के मुसलमान आक्रमण करने वालों से बचाता रहा। मलिक काफूर के विजय के प्रसंग में मअबर (कारोमंडल) में जो एक छोटा सा मुसलमानी राज्य बन गया था। वह भी चालिस बरस के बाद नष्ट होकर बीजानगर के राज्य में मिल गया।

पर इस लड़ाई-भिड़ाई और चढ़ाई आदि की सीमा से दूर और बिल्कुल अलग उन मुसलमान अरबों और इराकियों की बस्तियाँ थी जो स्थल मार्ग से उत्तर से दक्षिण नहीं आये थे, बल्कि समुद्र के किनारे से चल कर इन प्रान्तों में आ बसे थे और बराबर यहाँ आते जाते रहते थे।

यह एक बहुत स्पष्ट बात है कि उत्तरी भारत से पहले दक्षिण भारत में मुसलमान उपनिवेश स्थापित हुए थे और उनका सम्बन्ध असल में व्यापार के लिए आने जाने से था। उन प्रान्तों मेंग केवल बाहर से ही आकर मुसलमान लोग नहीं बसे थे बल्कि स्वयं उन देशों के निवासी भी मुसलमान होने लगे थे इस प्रकार भाषा में अरबी शब्दों का आगमन पर्याप्त मात्रा में होने लगा। क्योंकि इन उपनिवेशों में बोली जाने वाली बोलियाँ भारत की भाषाओं को प्रभावित करने लगी। इस प्रकार का प्रभाव और परिणाम होने के सम्बन्ध में कई प्रकार के प्रवाद प्रसिद्ध

है, जो इतिहास की पुस्तकों और यात्रा विवरणों में लिखे हुए हैं । उन सबका सारांश यह है कि यह प्रभाव दो प्रकार के आकर्षणों से पड़ा था । एक तो व्यापारियों के आने जाने के कारण और दूसरे उन सूफियों और मुसलमान फकीरों की करामात के कारण जो सरन्दीप के चरण चिह्न के दर्शन करने के लिए आया करते थे ।

मुसलमानों का पहला केन्द्र सरन्दीप :

फरिश्ता ने लिखा है कि "इस्लाम के पहले से ही अरब लोग इन टापुओं में व्यापार करने के लिए आया करते थे और यहाँ के लोग अरब जाया करते थे इसलिए सबसे पहले सरन्दीप के राजा को इस्लाम धर्म और मुसलमानों का हाल मालूम हुआ । मुहम्मद साहब के समकालीनों के समय सन् 40 हि० (ई०सातवीं शताब्दी के आरंभ में ही) वह मुसलमान हो गया ।"[1] फरिश्ता ने यह नहीं बतलाया कि उसे यह घटना किस ग्रंथ में लिखी हुई मिली थी । पर अजायबुल् हिन्द नाम की एक पुरानी पुस्तक से, जो सन् 300 हि० के लगभग लिखी गई थी, इस प्रवाद का पूरा पूरा समर्थन होता है । बुजुर्ग बिन शहर यार नाम का मल्लाह जो इन टापुओं में अपने जहाज लाया करता था, सरन्दीप का वर्णन करता हुआ भारत पुजारियों सन्यासियों और योगियों का विस्तृत वर्णन करते हुए कहता है इनके कई भेद हैं उनमें से एक बेकौर होते हैं जिनका मूल सरन्दीप से है । ये लोग मुसलमानों से बहुत प्रेम करते हैं उनके प्रति बहुत अनुराग रखते हैं । इसके वर्णन से लगता है कि वे लोग बौद्ध धर्म माननेवाले होंगे । हमारा मल्लाह फिर इस प्रकार कहानी आरंभ करता है कि "जब सरन्दीप के रहने वालों को इस्लाम के पैगम्बर के धर्म के प्रचार के लिए उठने का हाल मालूम हुआ तब उन्होंने अपने एक समझदार आदमी को पैगम्बर के बारे में जांच करने को अरब भेजा । मदीने पहुँचते-पहुंचते रसूल मुहम्मद साहब का देहान्त हो चुका था । अबूबकर सिद्दीक की खिलाफत का भी अंत हो चुका था और हजरत उमर का समय

---

1. फरिश्ता : दूसरा खंड, सिन्ध शीर्षक : आठवां प्रकरण : पृ० 3।।

था । उनसे मिलकर उसने पैगम्बर साहब की सब बातें मालूम की और लौटा । मकरान (बलोचिस्तान के पास) पहुँच कर मर गया उसके साथ एक हिन्दू नौकर था वह सरन्दीप पहुँच कर रसूल पैगम्बर साहब, हजरत अबूबकर और हजरत उमर के सम्बन्ध में सब बातें बतलाई और यह भी बतलाया कि वे कैसे नम्र और आतिथ्य सत्कार करने वाले हैं । वे पैबन्द लगे हुए कपड़े पहनते हैं मसजिद में सोते हैं । अब ये लोग मुसलमानों के साथ जो इतना प्रेम और अनुराग रखते हैं, उसका कारण यही है ।[1] इन घटनाओं से यह सिद्ध होता है कि हिजरी पहली शताब्दी में ही सरन्दीप में मुसलमानों का उपनिवेश स्थापित हो चुका था । अबूजैद सैराफी (सन् 300 हि0) ने हि0 तीसरी शताब्दी के अन्त में यहाँ अरब व्यापारियों के रहने और आने जाने का उल्लेख किया है ।[2]

दूसरा केन्द्र मालदीप :

इस ओर मुसलमानों और अरबों का दूसरा केन्द्र मालदीप का टापू था, जिसको अरब लोग कभी-कभी जँजीर तुल महल और कभी-कभी इन छोटे-छोटे सब टापुओं को मिलाकर दीबात कहते थे । इन टापुओं का विस्तृतवर्णन इब्न बतूता ने किया है । उस समय में (अर्थात् सुल्तान मुहम्मद तुगलक के समय सन् 700 हि0) में यह सारे का सारा टापू मुसलमान था इसमें अरबों तथा देशी मुसलमानों की बस्तियाँ थीं । सुल्तान खदीजा नाम की एक बंगाली महिला इस पर शासन करती थी । इब्न बतूता के समय यहाँ यमन आदि के बहुत से विद्वान और मल्लाह उपस्थित थे । उनकी जबानी इस टापू के लोगों के मुसलमान होने का हाल सुनकर उसने इस प्रकार लिखा है – "यहाँ के लोग मूर्तिपूजक थे । यहाँ हर महीने समुद्र से निकल कर देव के रूप में एक बला आती थी जब यहाँ के लोग उसको देखते थे तब एक कुआरी लड़की को बनाव श्रृंगार करके उस मन्दिर में छोड़ आते थे जो समुद्र के किनारे था । पर मराको के एक अरब शेख अबुल बरकात बरबरी मगरिबी संयोग से यहाँ आ गये थे । उनके आशीर्वाद से यह बला उनके सिर से टली थी ।

---

1. अजायबुल हिन्द : पृ0 155-57.
2. अबू जैद सैराफी : पृ0 221 : पेरिस ।

यह करामात देखकर वहाँ का राजा शनोराजा और सारी प्रजा शेख से आयों मुसलमान हो गई ।" इब्न बतूता कहते हैं कि इस्लाम ग्रहण करनेवाले इस राजा ने जो मसजिद बनवाई थी उसकी मेहराब पर यह लेख लिखा हुआ मिला था — "सुल्तान अहमद शनवराजः अबुल मगारिबी के हाथ से मुसलमान हुआ ।" तात्पर्य यह कि उस समय से लेकर आज तक ये सब टापू मुसलमान हैं और उनमें से बहुत से ऐसे लोग बसते हैं, जिनके वंश में अरबों का रक्त मिल गया है ।

तीसरा केन्द्र मलाबार :

इस्लाम और अरबों का तीसरा केन्द्र भारत का वह अन्तिम तट है, जिसको हिन्दुओं के पुराने समय में केरल कहते थे । पीछे से मलाबार कहने लगे (मलय इस प्रदेश के पर्वत का नाम है) । अरबी भूगोल लेखकों ने इसकी सीमा गुजरात की अन्तिम सीमा से लेकर कोलम नामक स्थान तक जो ट्रावन्कोर में है, बतलाई है ।मूलतुहफतुल् मुजाहिदीन में एक प्रवाद है जिसे 'फरिश्ता' ने उद्धृत किया है और इसके अनुसार इस्लाम से पहले और इस्लाम के बाद यहूदी और ईसाई व्यापारी यहाँ आया करते थे और यहाँ रहने लग गये थे । मूल तोहफतुल् मुजाहिदीन में एक दो और उद्धरण भी उपयोगी हैं, उसमें कहा है — भारत के पश्चिम समुद्र तट के बन्दरगाहों पर भिन्न-भिन्न देश से बहुत से व्यापारी आते हैं । इसका परिणाम यह हुआ कि नये नगर बस गये है, और मुसलमानों के व्यापार के कारण उनकी आबादी भी बढ़ गई है । सामूहिक रूप से मलाबार के हिन्दू राजाओं का मुसलमानों के साथ बहुत प्रतिष्ठा और दया का व्यवहार होता है, क्योंकि उनके देश में अधिक नगरों के बस जाने का कारण इन्हीं मुसलमान व्यापारियों का वहाँ बस जाना है । मलाबार के यही मुसलमान अरब व्यापारी जो अपना देश छोड़कर भारत में बस गये थे, भारत में मोपला और नायत के नाम से प्रसिद्ध है ।

कोलम — यह आज कल के ट्रावनकूर देश में है अरब मल्लाह बहुत पुराने समय से इसका नाम लेते चले आते है और कहते है यह मसालों वाले देश का

चौथा केन्द्र माबर या कारोमण्डल :

मद्रास में मलाबर के सामने दूसरी ओर जो समुद्र तट है, उसे अरब लोग मअबर या माबर कहते हैं । आज कल इसका नाम कोरोमण्डल प्रसिद्ध है । इब्न सईद मग़रिबी ने हिजरी छठी शताब्दी के अन्त में इसका वर्णन किया है । बताया है कि यह कोलम के पूर्व में तीन चार दिन के रास्ते पर दक्षिण की ओर झुका हुआ है[1] । जकरिया कज़्विनी (सन् 686 हि०) ने हिजरी सातवी शताब्दी में इसका नाम मन्दल लिखा है । यहाँ की अगर की लकड़ी की बहुत प्रशंसा की है ।[2] उसने इसीके पास कन्याकुमारी को स्थान दिया है । जिसे उसने रास कमरान लिखा है और इसी सम्बन्ध से इस ऊद या अगर को कामरूनी ऊद कहते थे ।[3] कोलम में बाहर से घोड़े लाये जाते हैं ।[4]

मार्कोपोलो जब यहाँ आया था तो उसने देखा कि यहाँ का राज्य पाँच हिन्दू राजाओं के हाथ में था, पर यहाँ का व्यापार, उस समय भी पूरी तरह से मुसलमान के ही हाथ था और अरब से यहाँ घोड़े आया करते थे । वह लिखता है — "इस देश में घोड़े नहीं होते हुरमुज और अदन के बन्दरगाहों से व्यापारी लोग हर साल यहाँ घोड़े लाते हैं और पाँचों राज्यों में हर साल दो-दो हजार घोड़े खरीदे जाते हैं । एक-एक घोड़े का मूल्य पाँच-पाँच सौ दिनार तक दिया जाता है ।"

अरब का पाँचवाँ केन्द्र गुजरात :

कठियावाड़ा कच्छ और कोंकन में था । अरब यात्री व व्यापारियों के यात्रा विवरण से पता चलता है कि अरब व्यापारियों और नये बसे हुए मुसलमानों के साथ

---

1. तकवी मुलु बुल्दान, पृ० 361.
2. आसारूल बिलाद, कजविनी, पृ० 82.
3. तकवीमुल बुल्दान, पृ० 355.
4. तारीख वस्साफ का रचनाकाल, 707 हि० ।

यहाँ के लोगों का बहुत अच्छा और मित्रतापूर्ण सम्बन्ध था, यही कारण था कि इस राज्य के नगरों में अरब लोग बहुत अधिक संख्या में बस गये थे और बिलकुल अंत समय तक बसे रहे थे ।

छठा केन्द्र सिन्ध :

अरबों ने सिन्ध प्रान्त जीतने के बाद वहाँ अपना उपनिवेश स्थापित किया था । मसउदी कहता है सिन्ध में वहाँ की अपनी भाषा है जो भारत की और भाषाओं से अलग है । मन्सूरा के बन्दरगाह देबल के सम्बन्ध में बुसारी कहता है यहाँ सब व्यापारी ही व्यापारी बसते हैं । उनकी भाषा सिन्धी और अरबी है ।[1]

इससे यह अनुमान हो सकता है कि यहाँ की भाषा पर अरबी का कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा । इसका प्रमाण आज भी मिलता है । सिन्धी भाषा में अरबी भाषा के शब्द उसी प्रकार मिले हैं, जैसे उर्दू भाषा में मिले हुए हैं । सबसे बड़ा प्रभाव यह पड़ा कि सिन्धी की लिपि आज भी ज्यों की त्यों अरबी ही है ।

यह तो अरब के उपनिवेशों की बात हुई । इन स्थानों में स्थानीय भाषा के साथ-साथ अरबी भी बोली जाती रही पर इससे भिन्न उत्तर भारत की दशा थी वहाँ के साम्राज्यों पर भी एक नजर डालनी होगी तब यह समझ आता है कि ये भाषाजनित बदलाव या प्रभाव उत्तर भारत को या मध्य भारत को क्यों प्रभावित न कर सका ।[2]

अरबों के पश्चात् तुर्कों का आक्रमण भारत पर हुआ और वे भारत में ही बस गये । ये इस्लाम धर्म को माननेवाले थे । इनकी बोलचाल की भाषा फारसी (तुर्की) और धर्म भाषा अर्थात् कुरान की भाषा अरबी थी । मुसलमानों के भारत में बस जाने के बाद उनकी भाषा का प्रभाव यहाँ कीभाषा पर पड़ना आवश्यक था

---

1. मुरूजहब : पहला खंड : पृ० 28।
2. अरब हिन्द ताल्लुकात : सुलेमान नदवी ।

और उनकी भाषा से भारत की भाषा प्रभावित होने लगी । महमूद गजनवी के बाद भारत पर मुहम्मद गोरी का सन् 1175 ई० में आक्रमण हुआ । उसने स्थायी मुसलमान राज्य स्थापित किया । इस्लाम धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ ही इस्लाम धर्म से सम्बन्धित अल्लाह, पैगम्बर, आयतें, मस्जिद, कलमा आदि शब्दों का आगमन हुआ । इससे उस समय की साहित्यिक भाषा भी प्रभावित हुई । बोल-चाल की भाषा फारसी व तुर्की के भी कुछ बहुत आवश्यक शब्द भाषा में आने लगे । इस प्रकार शब्दों के लेन-देन में सैकड़ों वर्ष लग गये । गोरी के बाद उसका दास कुतुबुद्दीन एबक दिल्ली का राजा बना और इसके बाद उत्तराधिकारी भी दास ही था और यह परंपरा 11 राजाओं तक चली इस तरह दिल्ली का राज्य दासों का राज्य था । अतः इसे दिल्ली सल्तनत कहा गया और वहां के नरेशों को दिल्ली का सुल्तान और इन ग्यारह राजाओं को गुलामवंश नाम दिया गया । इस समय तक सुल्तान (राजा) सल्तनत (राज्य) गुलाम (दास) आदि शब्द बहु-प्रचलित हो गये । बलबन के राज्य में सिजदा व पैबोस प्रथा प्रारंभ हुई । बलबन के राज्य में ही उर्दू का प्रारंभिक लेखक अमीर खुसरो हुआ है ।

दिल्ली सुल्तान का शासन काल भारत में मुस्लिम शासन व संस्कृति का शैशव काल है और मुगल शासन का युग इसकी प्रौढ़ता का समय है । अतः यह साफ जाहिर है कि अरबी फारसी व तुर्की के तमाम शब्द इसी दौरान भाषा में समय-समय पर लिये गये ।

हिन्दी काव्य भाषा का अध्ययन इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि काव्य भाषा के विकास में अरब और फारस के सम्बन्धों का विशेष महत्व है । मुगल दरबारों में तो फारसी के साथ ही साथ हिन्दी के भी कवि रहते थे । दरबारों में लाग डाँट और ग्रहणशीलता के तर्क से अरबी फारसी के माध्यम से एक प्रकार से हिन्दी भाषा का शहरीकरण हुआ । शहरीकरण का अरबी फारसी से घना सम्बन्ध है वैसे ही जैसे संस्कृतीकरण का सम्बन्ध है ।

मुगलों के आगमन के बाद भी भाषा साहित्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में गति आई । हिन्दी साहित्य के अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि

मध्यकाल में एक नयी भारतीय संस्कृति विकसित हो रही थी । इस संस्कृति के प्रमाण में अनेक ऐसे उदाहरण दिये जा सकते हैं । मैंने रीतिकाल के संदर्भ में अरबी फारसी के शब्दों के उदाहरणों से एक प्रकार से सांस्कृतिक प्रक्रिया की खोज की है ।

मैंने शोध कार्य की शुरुआत डा० उदय नारायण तिवारी जी के निर्देशन में की । उन्होंने ही इस विषय का चुनाव करके रूपरेखा की तैयारी में उचित मार्ग-दर्शन किया । मैंने काफी कार्य उनके निर्देशन में किया भी सहसा वे दिवंगत हो गये । विश्वविद्यालय ने डा० सत्यप्रकाश मिश्र को मेरा निर्देशक नियुक्त किया । डा० तिवारी जी की मृत्यु के पश्चात् अवशिष्ट कार्य मैंने डा० मिश्र के निर्देशन में किया ।

शोध-कार्य करने का विचार सर्वप्रथम अपने पति की प्रेरणा से उत्पन्न हुआ, जिसके लिए मैंने डा० जगदीश गुप्त जी से परामर्श करके इस कार्य को करने के लिए उचित मार्ग दर्शन की इच्छा व्यक्त की । इसके लिए उन्होंने मुझे भाषा विज्ञान से सम्बन्धित शोध करने की राय देते हुए डा० उदय नारायण तिवारी जी के पास भेजा । एक बार की ही भेंट में आपने उचित विषय का सुझाव देते हुए अपने निर्देशन में कार्य करने की अनुमति दे दी, विषय की रूपरेखा तैयार करने तथा कुछ कार्य हो जाने के पश्चात् उन्होंने मुझे डा० हरदेव बाहरी जी से मिलने का सुझाव दिया, जिनसे मिल कर मुझे अरबी फारसी लिपि के ज्ञान की आवश्यकता महसूस हुई और मैंने इसके लिए प्रयास किया, जिससे मेरा कार्य सहज व सरल लगने लगा। डा० उदयनारायण तिवारी जी के दिवंगत हो जाने के पश्चात् मुझे डा० सत्यप्रकाश मिश्र का निर्देशन प्राप्त हुआ । आज जब कि यह कार्य पूर्ण होने जा रहा है, मैं इसके लिए अपने गुरु जी डा० उदय नारायण तिवारी एवं डा० सत्यप्रकाश मिश्र की आभारी हूँ, जिनके अथक सहायोग एवं प्रोत्साहन से यह कार्य पूर्ण हो सका ।

इसी संदर्भ में डा० हरदेव बाहरी जी की आभारी हूँ जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर मुझे इस कार्य की बारीकियों को समझाते हुए अरबी-फारसी

लिखने व पढ़ने का ज्ञान होना आवश्यक है, पर बल देते हुए मुझे इसके लिए प्रेरित किया ।

मैं डा० जगदीश गुप्त जी की भी आभारी हूँ, जिनके उचित परामर्श से मुझे डा० उदयनारायण तिवारी जी जैसे गुरु की प्राप्ति हुई । मैं डा० रामस्वरूप चतुर्वेदी जी (विभागाध्यक्ष- हिन्दी विभाग) के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने मुझे डा० सत्यप्रकाश मिश्र को निर्देशन में प्रदान किया जिन्होंने मेरी हर समस्या को देखते हुए मुझे जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के लिए सदैव प्रेरित किया ।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुस्तकालय, हिन्दी विभाग इलाहाबाद वि०वि० तथा हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के उन सभी कर्मचारियों को मेरा धन्यवाद है, जिनसे समय-समय पर सहयोग प्राप्त हुआ है ।

अंत में अपने परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे हर तरह से सहयोग दिया है । अपनी पितामही गिरिजा देवी (90 वर्ष) के लिए जो इस समय मरणासन्न हैंजो सान्त्वनाओं से मुझे आशान्वित करके मेर मानसिक बल को बनाये रखने का गुरुतर कार्य करती रही है उनके प्रति आभार के लिए मैं क्या कहूँ मेरे पास शब्द नहीं हैं ।

इस कार्य को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त समय देने में हर तरह का कष्ट उठाने के लिए मैं अपने पति श्री वृज किशोर पाण्डेय (अ० अभियन्ता) एवं अपने पुत्र चि० राहुल किशोर (कक्षा-3) की चिर ऋणी रहूँगी ।

—

रीतिकाल

रीति काल

हिन्दी साहित्य में रीति काल का आरंभ संवत् 1700 से माना जाता है । इस समय मध्यकालीन राजनीतिक व्यवस्था का आधार था व्यक्तिवादी निरंकुश राजतंत्र । इस प्रकार की व्यवस्था में शासक ही राष्ट्र के भाग्य का विधाता, युग चेतना का नियामक तथा कुछ सीमा तक एक विशिष्ट जीवन दर्शन का प्रतिपादक भी होता है । उसके सार्वभौम व्यक्तित्व में समस्त अधिकार केन्द्रित रहते हैं ।

रीति काल के पूर्व सम्राट् अकबर की दूरदर्शिता ने हिन्दू मुसलमानों के सांस्कृतिक एवं धार्मिक विचारों तथा भावनाओं के समन्वय द्वारा एक बृहत् राज्य की प्रतिष्ठा की थी, उसकी मृत्यु के पश्चात् जहाँगीर ने राज्य सम्बन्धी गंभीर समस्याओं के समाधान में कोई महत्वपूर्ण योग नहीं दिया, हाँ मदिरा की सुराहियों और नारी सौन्दर्य के प्रति उसकी असंतुलित और लोलुप वृत्तियाँ उसके उत्तराधिकारियों को विरासत के रूप में अवश्य प्राप्त हुईं । जहाँगीर के बाद शाहजहाँ के सिंहासनारूढ़ होने पर स्थिति में कुछ परिवर्तन आया । उसकी रगों में यद्यपि राजपूती रक्त था तथापि धर्म के नाम पर वह अत्यंत असहिष्णु था । संस्कारों का यह मिश्रण उसके व्यक्तित्व की ग्रंथियों बनकर दो विरोधी तत्वों के रूप में प्रकट हुआ । एक ओर उसकी धार्मिक असहिष्णुता थी और दूसरी ओर सांस्कृतिक तथा कलागत उदारता । शाहजहाँ के समय की सबसे बड़ी विशेषता उस काल की शांतिपूर्ण समृद्धि है । इसी कारण उसे अपने जीवन की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षाओं और प्रदर्शन प्रधान वृत्तियों की अभिव्यक्ति का अवसर मिला । जैसा कि पहले कहा जा चुका है, निरंकुश राजतंत्र में शासक ही एक विशिष्ट जीवन दर्शन का नियामक होता है । शाहजहाँ की प्रदर्शन वृत्ति से प्रेरणा प्राप्त कर अलंकरण तथा प्रदर्शन का स्वर उस युग में प्रधान हो गया । रीतिकाल का आरंभ शाहजहाँ के शासनकाल के उत्तरार्ध से होता है । देशव्यापी शांति तथा सम्राट् की व्यक्तिगत अभिरुचि साहित्य तथा कला की

उन्नति और विकास में बहुत सहायक हुई । अनेक कवि, संगीतज्ञ, चित्रकार, और वास्तुशिल्पी उसके दरबार में शरण लेने आते थे और प्रतिभावान कलावंतों को निराश नहीं लौटना पड़ता था । राजतंत्र सामंतशाही का पोषक होता है, अतः तत्कालीन कलावंतों को सामंतीय छत्रछाया भी सहज ही प्राप्त हो जाती थी । उस युग में सामंतों में कलावन्तों को आश्रय प्रदान करने के लिए पारस्परिक प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा चला करती थी ।

जब धर्म तथा दर्शन का विशाल संरक्षण प्राप्त कर हिन्दी सामान्य जनता को राम और कृष्ण के चरित्र पर मुग्ध कर रही थी, अकबर के समय में ही सम्राट् के दरबार की शोभा बढ़ाने वाले अनेक कवियों का प्रादुर्भाव हो चुका था । मुगल दरबार की भाषा फारसी थी । इस भाषा के विकास में जिस शैली का अनुगमन किया गया उसका स्पष्ट प्रभाव भी हमें हिन्दी पर दिखाई देता है । शाहजहाँ के समय में लिखे गये फारसी के साहित्य को शैली की दृष्टि से दो शैलियों में विभाजित किया जाता है — (1) भारतीय ईरानी शैली तथा (2) विशुद्ध ईरानी शैली ।

शाहजहाँ के अहं तथा प्रदर्शन भावना की परिपूर्ति के लिए उसके दरबार में फारसी शायरों का अच्छा जमाव था । परन्तु एक तो अकबर द्वारा स्थापित परंपरा की अपेक्षा संभव न थी, दूसरे भावी युवराज दारा की सहिष्णु नीति का प्रभाव भी शाहजहाँ के दरबार में पड़ रहा था । ऐसी स्थिति में शासित विधर्मियों के प्रति कट्टरता की नीति अपना कर भी उनके साहित्य तथा संस्कृति की उपेक्षा करना कठिन था । शाहजहाँ के जीवन की महत्वाकांक्षा थी मुगलगरिमा की अमर स्थापना । उसके समस्त कार्य इसी साध्य की सिद्धि के लिए किये गये थे । मुगल रंगीनियों में अपने दरबार को रंग देने के महत्वाकांक्षी शाहजहाँ द्वारा हिन्दी और संस्कृत विद्वानों का संरक्षण कुछ आश्चर्य की वस्तु अवश्य है, पर यह सत्य है कि उसने भारतीय कलाविदों को भी संरक्षण प्रदान किया । सुन्दरदास तथा चिंतामणि उसके द्वारा पुरस्कृत किये गये थे ।

शाहजहाँ की यश लाभ की महत्वाकांक्षा तथा दारा की सहिष्णुता के फलस्वरूप शाहजहाँ के शासन काल में भारतीय कला तथा साहित्य को संरक्षण प्राप्त हुआ और

मुगल दरबार में पोषित दरबारी काव्य का गहरा प्रभाव हिन्दी साहित्य पर पड़ने लगा। जीवन के व्यापक उपादानों को छोड़कर वह राज-प्रशस्ति और शृंगार वर्णन तक ही सीमित रह गया। पांडित्य प्रदर्शन के लिए सम-सामयिक भारतीय ईरानी काव्य-परंपरा ने फारसी की प्राचीन परंपराओं से प्रेरणा ग्रहण की। उसके समानान्तर हिन्दी कवियों के समक्ष संस्कृत के प्राचीन काव्यशास्त्र की विकसित परंपरा थी। प्रदर्शन तथा शृंगार-प्रधान जीवन दर्शन की अभिव्यक्ति के लिए किसी परंपरा का अवलंबन आवश्यक था, क्योंकि शून्य वर्तमान अतीत का सहारा लेकर आगे बढ़ता है। मुगल दरबार तथा उसके प्रभाव से सामंतीय संरक्षण में जो हिन्दी कविता पल्लवित हुई उसे फारसी की स्पर्धा में रखे जाने योग्य तत्वों का अनुशोधन अपने देश की साहित्यिक परंपराओं में करना पड़ा। गजल की शृंगारिकता, गुलो-बुलबुल, शीरी फरहाद और लैला मजनू के साहसिक प्रेम की परंपरा भारत में नहीं थी। भारतीय नायक के आदर्श राम और कृष्ण थे और नायिकाओं की सीता तथा राधा। राधा के परकीया रूप में भी मांसलता और चांचल्य की अपेक्षा भावना और मार्दव अधिक था। फारसी काव्य की विलासमयी नायिकाओं की तुलना में नायिका-भेद की श्रेणियों में बद्ध नारी सौन्दर्य को ही रखा जा सकता था। इसी प्रकार 'कसीदा' की स्पर्धा में हिन्दी में राजस्तुति का महत्व बढ़ने लगा। व्यक्तिवादी राजतंत्र में राज दरबार की रुचि का प्रभाव तत्कालीन साहित्य कला तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट लक्षित हो रहा था।

किंतु यह तो केवल रीतिकाल का आरंभ था। उसका पूरा इतिहास तो मुगल वैभव के पतन के साथ सम्बद्ध है। मध्य एशिया के आक्रमणों से मुगल साम्राज्य की प्रतिष्ठा को गहरा धक्का लगा दूसरी ओर साम्राज्य गंभीर समस्याओं के प्रति जहाँगीर की उदासीनता और शाहजहाँ में अपव्यय के कारण उसकी आर्थिक स्थिति भी अनुदिन क्षीण होती गई। सं0 1715 में शाहजहाँ भयंकर रोग से ग्रस्त हो गया। राजगद्दी के लिए शाहजहाँ के पुत्रों ने रक्त की नदी बहा दी। युवराज दारा के पराजय के साथ ही मुगल इतिहास के पृष्ठों में सहिष्णुता और उदारता का नाम मिट गया। दारा की पराजय में भारत के भाग्य के प्रति नियति का बड़ा भारी व्यंग्य छिपा हुआ था।

दारा की हत्या के साथ ही मध्यकालीन भारतीय वातावरण में अपवाद-रूप में उदित सहज मानवता की ही हत्या कर डाली गई। शान-शौकत, वैभव और ऐश्वर्य

का सम्राट् पृथ्वी के स्वर्ग का निर्माता शाहजहाँ सात वर्ष तक साधारण बंदी के रूप में जीवित रहा, यह शाहजहाँ ही नहीं समस्त उत्तरापथ के प्रति नियति का व्यंग्य था । औरंगजेब की कठोर अमानवीय धार्मिक नीति के कारण अनेक देशी नरेश उसके विरुद्ध हो गये । दूसरी ओर उसे सिक्खों तथा मराठों की जनशक्ति से लोहा लेना पड़ा । इस्लामी सल्तनत स्थापित करने की महत्वाकांक्षा में उसने मानवीय मूल्यों तथा अपनी नीति के व्यावहारिक परिणामों की चिंता नहीं की । वह कट्टर सुन्नी मुसलमान था और इस संप्रदाय में जीवन के रागात्मक तत्वों के प्रति एक प्रकार का कठोर भाव मिलता है । सौंदर्य ऐश्वर्य और विलास का त्याग उसमें अनिवार्य है । फलतः जीवन के रागात्मक तत्वों को अभिव्यक्ति प्रदान करने वाली कलाओं तथा साहित्य के लिए औरंगजेब के आदर्श राज्य में कोई स्थान नहीं था । औरंगजेब के सिंहासनारोहण के पश्चात् ग्यारह वर्ष तक कुछ कलावन्त और कवि किसी प्रकार उसके दरबार में बने रहे, परन्तु अन्ततोगत्वा उन्हें बिल्कुल निकाल दिया गया । संगीत तथा नृत्य प्रदर्शन अवैधानिक ठहरा दिये गये ॥

औरंगजेब की कट्टरता तथा धर्मान्धता ने उसके लिए अनेक समस्याएँ उत्पन्न कर दीं । मुगल साम्राज्य के प्रत्येक भाग में उठती हुई असंतोष और विद्रोह की चिनगारियाँ दिन-पर-दिन भड़कती ही गईं । ऐसी अवस्था में कला और संस्कृति की स्थिति बड़ी ही शोचनीय हो गई । न तो औरंगजेब के शुष्क व्यक्तित्व में इन रसात्मक वृत्तियों के लिए स्थान था, और न तत्कालीन अव्यवस्था में राजकीय संरक्षण की संभावना । मुगल दरबार के द्वारा संरक्षण के अभाव के कारण अनेक कलाविदों ने विभिन्न सामंतों तथा नरेशों की शरण ली क्योंकि उनके दरबार में कलावन्तों तथा कवियों की उपस्थिति उनके गौरव की प्रतीक थी । मुगल दरबार के अनुकरण पर अपने दरबारों को अलंकृत करने की प्रवृत्ति हमें उस समय के अनेक नरेशों तथा सामंतों में दिखाई पड़ती है । जहाँ मुगल दरबार में भारतीय ईरानी काव्य-परंपरा को प्रश्रय मिला वहाँ राजस्थान के नरेशों तथा सामंतों की छत्रछाया में हिन्दी कविता का दरबारी रूप पनपा । ओरछा कोटा, बूंदी, जयपुर, जोधपुर और यहाँ तक कि महाराष्ट्र के राजदरबारों में भी वही प्रदर्शन प्रधान और शृंगारपरक जीवन दर्शन की अभिव्यक्ति में काव्यधारा चलती रही ।

औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त मुगल सिंहासन के अनेक उत्तराधिकारी उठ खड़े हुए । मुगल साम्राज्य के इस अन्तिम चरण की कहानी अव्यवस्था, रक्तपात और घोर नैतिक पतन की कहानी है । लेकिन इन उत्तराधिकारियों में से अनेक कला, साहित्य तथा संगीत के पारखी भी हुए । उनके संरक्षण में कला पनपी तो अवश्य परन्तु गंभीर प्रेरक तत्वों के अभाव के कारण उसका स्तर छिछला ही बना रहा । जीवन के प्रति एक अगंभीर और विलास प्रधान दृष्टि के कारण साहित्य और कला का प्रयोजन अनुरंजन मात्र ही रह गया । संगीत, वास्तुशिल्प और चित्रकला आदि में भी अभिव्यंजना का रूप परंपरागत और कृत्रिम प्रदर्शन प्रधान रहा, उसके आधारभूत विषयों में गाम्भीर्य का अभाव रहा ।

शाहजहां के समय से ही हिन्दी कवियों ने हिन्दू राजाओं के दरबार में आश्रय लेना आरंभ कर दिया था । औरंगजेब की कट्टरनीति के फलस्वरूप तो मुगल दरबार से हिन्दी का बहिष्कार हो ही गया था । इस प्रकार साधारणतः रीतिकालीन कविता को सामंतों के आश्रय में ही पोषण मिला । यहां की स्थिति और भी दयनीय थी । मुगल सम्राटों के सामने तो अनेक आन्तरिक और बाह्य समस्याएं बनी रहती थीं । अतएव विलास और ऐश्वर्य के साथ ही साथ कुछ उद्यम भी करना आवश्यक हो जाता था, परन्तु उनके कदमों पर चलने वाले सामंत और नरेश निर्विघ्न वैभव और विलास में तल्लीन रहते थे क्योंकि उनकी समस्याएं अपेक्षाकृत कम जटिल थीं । धीरे-धीरे उनमें से भी आत्म-निर्भरता, देशभक्ति प्राचीन कुल-मर्यादा की भावना इत्यादि जो शताब्दियों से राजपूत जाति के विशेष गुण माने जाते थे, लुप्त होते जा रहे थे । स्वातंत्र्य प्रेम मिथ्या आत्म-सम्मान के रूप में शेष रह गया था । राजपूतों के दृढ़ स्नायुओं में भीमुगल दरबार की नजाकत और कोमलता प्रवेश कर गई थी । राजस्थानी जौहर का स्थान भ्रष्टाचार ने तथा सबल पौरुष का स्थान अनैतिक विलास ने ले लिया था । कला का प्रयोजन केवल विलास-परक जीवन के उद्दीपन के रूप में ही शेष रह गया था । इन असमर्थ और अयोग्य शासकों की परिषद में भी अभिजात वर्गके दूरदर्शी तथा बुद्धिमान सामंत नहीं रह गये थे । इनके स्थान पर नाई, दर्जी, महावत, भिश्ती जैसे निम्न बौद्धिक स्तर के व्यक्ति उनके विश्वास पात्र बनगये थे । इस प्रकार के आश्रयदाताओं के संरक्षा में रहने वाले कवि के लिए स्वाभाविक था कि वह वैदग्ध्य और कल्पना के बल पर उनके भोग परक जीवन

और वैभवविलास के अतिरंजनापूर्ण चित्र अंकित करें । यही कारण है कि रीतिकाल में कला का विकास इन्हीं राजाओं की रुचि के अनुसार हुआ ।

निष्कर्ष यह है कि मध्यकालीन राजनीतिक व्यवस्था में राजतंत्र तथा सामंतवाद के प्राधान्य ने कला तथा साहित्य को ऐश्वर्य और अलंकार के रूप में स्वीकार किया । ऐसी स्थिति में साहित्य सर्जना का क्षेत्र अभिव्यंजनागत चमत्कार और आश्रयदाता के रुचिप्रसादन तक ही सीमित हो गया ।

औरंगजेब की संकीर्णता ने दिल्ली से हिन्दी का उन्मूलन अवश्य किया परन्तु हिन्दी जनभाषा होने के कारण धर्म और जीवन के अन्य व्यापक आधारों के सहारे पनपती रही । सामंतीय वातावरण में जो काव्य पल्लवित हुआ उसमें चाहे स्थूल शृंगार की नग्नता कितनी ही हो परंतु इस तथ्य को भी हमें स्वीकार करना पड़ेगा कि प्राचीन की पुनः स्थापना का श्रेय भी तत्कालीन राजकीय संरक्षण की प्रदर्शनप्रियता तथा शृंगारप्रधान वृत्ति ही थी ।

भारतीय आस्तिकता को जीवन की प्रत्येक अभिव्यक्ति का मौलिक सम्बन्ध किसी-न-किसी प्रकार से अलौकिक शक्तियों से स्थापित करने का अभ्यास रहा है । प्रत्येक विधा किसी-न-किसी प्रकार ब्रह्म अथवा उसके किसी रूप से उद्भूत हुई है — ऐसी उसकी आस्था रही है । राजशेखर ने काव्यमीमांसा में साहित्य शास्त्र की उत्पत्ति का अत्यंत रोचक वर्णन किया है — सरस्वती पुत्र काव्यपुरुष को ब्रह्मा की आज्ञा हुई कि तुम तीनों लोकों में साहित्य शास्त्र के अध्ययन का प्रचार करो । निदान उसने सबसे पूर्व अपने मानसजात सत्रह शिष्यों के समक्ष इसका व्याख्यान किया और फिर इन ऋषियों ने शास्त्र को सत्रह अधिकरणों में विभक्त करके अपने-अपने विषयों पर स्वतंत्र रीतिग्रंथ लिखे — "तत्र कविरहस्यं सहस्राक्षः समाम्नासीत, औक्तिकमुक्ति गर्भः, रीतिनिर्णयं सुवर्णनामः, आनुप्रासिकं प्रचेतायनः, यमकानि चित्रं चित्रांगदः, शब्दश्लेषं शेषः, वास्तवं पुलस्त्यः, औपम्यमौपकायनः, अतिशयं पराशरः, अर्थश्लेषमुतथ्यः उभयालंकारिकं कुबेरः, वैनोदिकं कामदेवः, रूपक निरूपणीयं भरतः, रसाधिकारिकं नन्दिकेश्वरः, दोषाधिकारिकं धिषणः, गुणौपादानिकमुपमन्युः, औपनिषदिकं कुचुमारः इति ।

विद्वानों की राय है कि यह सूची अधिक विश्वसनीय नहीं है । वैसे भी कुछ नाम तो स्पष्टतः संगति बैठाने के लिए गढ़े गये मालूम होते हैं परन्तु कुछ नामों का उल्लेख यत्र-तत्र अवश्य मिलता है । जैसे कामसूत्र में औपनिषदिक के व्याख्याता कुचुमार और साम्प्रयोगिक के व्याख्याता सुवर्णनाम के नाम आते हैं । 'रूपक' या नाट्यशास्त्र पर भरत का ग्रंथ तो किसी-न-किसी रूप में आज भी उपलब्ध है । नन्दिकेश्वर के नाम से कामशास्त्र, गीत, नृत्य और तंत्र संबंधी ग्रंथों का उल्लेख तो मिलता है परन्तु रस पर उनका कोई ग्रंथ प्राप्त नहीं है। इस प्रकार राजशेखर का यह काव्यमय वर्णन रीतिशास्त्र की उत्पत्ति का इतिहास जुटाने में हमारी कोई सहायता नहीं करता ।

(1) <u>वेद-वेदांग</u> :

ऐतिहासिक दृष्टि से भारतीय ज्ञान का प्राचीनतम कोश वेद है । वैदिक ऋचाओं के रचयिता वाणी के रस से तो स्पष्टतः अभिज्ञ थे ही, इसमें कोई संदेह नहीं, इसके साथ ही नृत्य गीत छंद रचना आदि के सिद्धांतों का सम्यक् विवेचन और 'उपमा' शब्द का प्रयोग भी वेदों में मिलता है । परन्तु साहित्यशास्त्र का निश्चित आरंभ वेदों में ढूंढ़ना क्लिष्ट कल्पना मात्र होगी, वेदों के अतिरिक्त वेदांग संहिता ब्राह्मण तथा उपनिषद् आदि भी इस विषय में मौन हैं ।

(2) <u>व्याकरण शास्त्र</u> :

भारत का व्याकरण शास्त्र जितना प्राचीन है, उतना ही पूर्ण भी है । उसे तो वास्तव में भाषा का दर्शन कहना चाहिए । व्याकरण के आदि ग्रंथ हैं निरुक्त और निघंटु । यास्क ने वैदिक उपमा का विवेचन करते हुए उसके कुछ भेदों का विवरण दिया है । जैसे - भूतोपमा, जिसमें उपमित उपमान बन जाता है । रूपोपमा - जिसमें उपमित और उपमान में रूप साम्य होता है । सिद्धोपमा -जिसमें उपमान सर्वस्वीकृत और सिद्ध होता है । रूपक की समानार्थी लुप्तोपमा या अर्थोपमा जिसमें साम्य व्यक्त न होकर अव्यक्त ही होता है । पाणिनि के समय तक उपमा का स्वरूप निर्धारित हो चुका था । उन्होंने उपमित, उपमान, सामान्य आदि पारिभाषिक

शब्दों का स्पष्ट प्रयोग किया है । पाणिनि के उपरान्त पतंजलि का महाभाष्य भी इन रूपों की सम्यक् व्याख्या करता है । वास्तव में व्याकरण शास्त्र हमारे काव्यशास्त्र का एक प्रकार से मूलाधार है । वाणी के अलंकरण के जो सिद्धान्त काव्यशास्त्र में स्थिर किये गये, उन पर व्याकरण के सिद्धान्तों का स्पष्ट प्रभाव है । भामह, वामन तथा आनन्दवर्धन जैसे आचार्यों ने अपने ग्रंथों में व्याकरण की स्थान-स्थान पर सहायता ली है । ध्वनि का प्रसिद्ध सिद्धान्त व्याकरण के स्फोट सिद्धान्त से ही ग्रहण किया गया है ।

(3) दर्शन :

व्याकरण के उपरान्त काव्यशास्त्र का दूसरा आधार दर्शन है । उसके कतिपय प्रमुख सिद्धांतों का सीधा सम्बन्ध विभिन्न दार्शनिक सिद्धांतों से है, उदाहरण के लिए शब्द की तीन शक्तियों — अभिधा, लक्षणा, व्यंजना का संकेत न्यायशास्त्र के शब्द-विवेचन में मिलता है । नैयायिकों के अनुसार शब्द के अभिधार्थ से व्यक्ति, जाति, और गुण तीनों का बोध हो जाता है, इसके अतिरिक्त उन्होंने शब्दार्थ को गौण भक्त लाक्षणिक और औपचारिक आदि अर्थों में विभक्त किया है । शब्द प्रमाण के सम्बन्ध में न्याय और मीमांसा, दोनों में शब्द और वाक्य का वर्गीकरण तथा अर्थवाद आदि का सूक्ष्म विवेचन मिलता है । वास्तव में न्याय और मीमांसा से ही व्याख्यात्मक आलोचना का उद्भव समझना चाहिए । इसी प्रकार अभिनवगुप्त का व्यक्तिवाद, सांख्य के परिणामवाद से बहुत दूर नहीं है, जिसके अनुसार सृष्टि का अर्थ उत्पादन या सृजन न होकर केवल अभिव्यक्ति ही होता है । इससे भी अधिक स्पष्ट है वेदांतियों के मोक्ष सिद्धान्त का प्रभाव । इसके अनुसार मोक्ष का आनन्द बाहर से नहीं प्राप्त होता, वह तो आत्मा का ही शुद्ध-बुद्ध रूप है, जो माया का आवरण हट जाने के उपरान्त स्वतः आनन्दमय रूप में अभिव्यक्त हो जाता है । परन्तु यह वास्तव में संकेत अथवा अनुमान मात्र है, इससे काव्यशास्त्र की उत्पत्ति के विषय में कोई निश्चित सिद्धान्त स्थिर नहीं हो पाता ।

(4) काव्यशास्त्र का वास्तविक आरंभ :

निदान, काव्यशास्त्र का वास्तविक आरंभ हमें दर्शन और व्याकरण के मूल ग्रंथों

कि ईसा की पहली पाँच शताब्दियों में ही उसका जन्म माना जा सकता है । शिलालेखों की काव्यमयी प्रशस्तियाँ, अश्वघोष और भास के ग्रंथ तथा कालीदास का अलंकृत काव्य आदि सब इसी ओर संकेत करते हैं । भरत के नाट्यशास्त्र का मूल रूप तो स्पष्टतः इसी काल की अत्यंत आरंभिक रचना है । इतिहासज्ञ उसका रचना-काल ईसा की पहली शताब्दी के आस-पास स्थिर करते हैं । भरत ने कृशाश्व और शिलालिन् के नामों का उल्लेख किया है, उधर भामह ने मेधाविन् का और दंडी ने कश्यप आदि का, परंतु अभी तक इनके ग्रंथ उपलब्ध नहीं हैं । अतएव इनके विषय में चर्चा करना व्यर्थ है । भरत के उपरांत काव्य और काव्यशास्त्र दोनों ही समृद्ध होते गये । काव्यशास्त्र में क्रमशः अनेक वादों और संप्रदायों की प्रतिष्ठा हुई, जिसमें से पाँच अधिक प्रचलित और प्रसिद्ध हुए — रस संप्रदाय, अलंकार - संप्रदाय, रीति संप्रदाय, वक्रोक्ति संप्रदाय और ध्वनि संप्रदाय । मान्यता तथा ऐतिहासिकता दोनों की दृष्टि से सबसे पहले रस संप्रदाय ही आता है ।

(1) रस संप्रदाय :

संस्कृत काव्यशास्त्र के इतिहास में आदि से अंत तक रस निरूपण को किसी-न-किसी रूप में स्थान अवश्य मिला है । भरत ने रस विषयक प्रायः सभी सामग्री प्रस्तुत की है । उनके बाद लगभग सात सौ वर्षों तक यद्यपि अलंकार संप्रदाय का महत्व बना रहा, परन्तु एक तो अलंकारवादी आचार्यों ने रस की महत्ता स्थान-स्थान पर घोषित की है और दूसरे संभवतः इसी अंतराल काल में ही भट्ट लोल्लट आदि आचार्यों ने रस-स्वरूप निर्देशित भरतसूत्र की गंभीर व्याख्या प्रस्तुत करके रस संप्रदाय की धारा को अक्षुण्ण रूप से प्रवाहित होने में सहयोग दिया है । अलंकारवादियों के बाद आनन्दवर्धन और अभिनव-गुप्त जैसे युग प्रवर्तक ध्वनिवादियों का समय आता है । इनके अनुकरण पर मम्मट, विश्वनाथ, जगन्नाथ सरीखे महान् आचार्यों ने रस को ध्वनि के एक भेद के रूप में स्वीकार किया है ।

रस नाटक का अनिवार्य तत्व है । इस दृष्टि से भरत मुनि के लिए अपने ग्रंथ नाट्य शास्त्र में रस विषयक चर्चा का समावेश करना अनिवार्य था । यही कारण है कि रस सम्बन्धी सभी आवश्यक उपकरणों का विवरण इस ग्रंथ में प्रस्तुत किया गया है ।

जनश्रुति के आधार पर नन्दिकेश्वर को रस का प्रवर्तक होने का श्रेय दिया गया है और भरत को नाट्य शास्त्र का । पर फिर भी भरत का रस के प्रति समादर भाव कुछ कम नहीं है । उक्त ग्रंथ के 'रस विकल्प' और भावव्यंजक नामक अध्यायों में उन्होंने रस और भाव के स्वरूपों का उल्लेख किया है, इनके पारस्परिक संबंध का निर्देश किया है । आठों रसों का परिचय देते हुए उन्होंने प्रत्येक रस के स्थायीभाव, विभाव, अनुभाव, व्यभिचारीभाव और सात्त्विक भावों का नामोल्लेख किया है, रसो के वर्णों और देवताओं से अवगत कराया है तथा रसों के भेदों की चर्चा की है ।

भरत ने मूल रूप से रस चार माने हैं — शृंगार, रौद्र, वीर, और वीभत्स । फिर इनसे क्रमशः हास्य करुण अद्भुत और भयानक रसों की उत्पत्ति मानी है । शृंगार और हास्य, वीर और अद्भुत तथा वीभत्स और भयानक रस युग्म का पारस्परिक कारण-कार्य-भाव होने के कारण उत्पाद्योत्पादक सम्बन्ध स्वतः सिद्ध है । रौद्र और करुणा में भी यह सम्बन्ध मनःस्थिति के आधार पर परिपुष्ट है । सबल पक्ष का निर्बल पक्ष पर अकारण और निर्दयतापूर्ण क्रोध सामाजिक के हृदय में करुणा की ही उत्पत्ति करता है ।

इसी प्रकरण में भरत ने रसो के विभिन्न भेदों का भी उल्लेख किया है । आगे चलकर इनमें से कुछ तो प्रचलित रहे और कुछ अप्रचलित हो गये ।

प्रचलित भेद — शृंगार के संभोग और विप्रलंभ दो भेद, हास्य के (उत्तम, मध्यम और अधम कोटि के व्यक्तियों के प्रयोगानुसार) स्मित विहसितादि छः भेद तथा वीर के दानवीर, धर्मवीर, और युद्धवीर तीन भेद ।

अप्रचलित भेद — शृंगार के वाङ्‌नेपथ्यक्रियात्मक तीन भेद, हास्य के आत्मस्थ और परस्थ दो भेद । हास्य व रौद्र के अंग नेपथ्यवाक्यात्मक तीन-तीन भेद । करुण के धर्मोपघातज, अपचयोद्भव और शोककृत तीन भेद । भयानक के स्वभावज, सत्त्वसमुत्थ और कृतक तीन भेद तथा व्याज अपराधत्रासमत तीन भेद । वीभत्स के क्षोभज, शुद्ध और उद्वेगी तीन भेद । अद्भुत के दिव्य और आनंदज दो भेद ।

भरत के कथनानुसार विभाव अनुभाव और व्यभिचारी भावों के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है — विभावानुभाव व्यभिचारिसंयोगाद् रस निष्पत्तिः । उनके इस

दोनों ने अलंकार को शब्दार्थ का ही शोभाकारक धर्म माना है । दोनों वर्गों के मतों का विभेदक धर्म यह है कि रसवादी अलंकार द्वारा शब्दार्थ की शोभा से रस का भी उपकार मानते हैं, पर अलंकारवादी शब्दार्थ से आगे नहीं बढ़ते ।

अलंकारों की संख्या – भरतमुनि से लेकर अप्परय दीक्षित पर्यन्त वाणी-विलास की ज्यों-ज्यों सूक्ष्म विवेचना होती गई, अलंकारों की संख्या भी त्यों-त्यों बढ़ती गई । इसी बीच पिछले आचार्यों द्वारा स्वीकृत अलंकारों को अमान्य भी ठहराया गया । फिर भी नये-नये अलंकारों के समावेश द्वारा संख्या में वृद्धि होती चली गई । भरत ने केवल 4 अलंकार माने थे, भामह ने 39, दंडी ने 35, उद्भट ने 40, वामन ने 33, रुद्रट ने 52, भोजराज ने 72, मम्मट ने 67, रुय्यक ने 81, जयदेव ने 100, विश्वनाथ ने 82, अप्पय दीक्षित ने 124 और जगन्नाथ ने 71 अलंकार माने हैं ।

अलंकारों की संख्या न्यून करने के प्रयत्न भी समय-समय पर होते रहे हैं । इस दिशा में कुंतक का प्रयास विशेषतः उल्लेखनीय है । उन्होंने केवल 20 अलंकारों का निरूपण किया और इनमें भी प्रतिवस्तूपमा, उपमेयोपमा, तुल्ययोगिता, अनन्वय निदर्शना और परिवृत्ति इन छः सादृश्यमूलक अलंकारों का उपमा में समासोक्ति का श्लेष में तथा सहोक्ति का उपमा में अन्तर्भाव करके शेष 13 अलंकार ही मान्य ठहराये अन्य आचार्यों द्वारा सम्मत अलंकारों के सम्बन्ध में उनका कथन है कि या तो वे शोभा शून्य है या इन्हीं अलंकारों में उनका अन्तर्भाव हो सकता है । अतः वे मान्य नहीं हैं । इस दिशा में कुन्तक के उपरान्त जयदेव का नाम उल्लेख्य है । इन्होंने शुद्धिसंसृष्टि संकर, मालोपमा और रशनोपमा अलंकारों की अस्वीकृति की है ।

अलंकारों का वर्गीकरण – भामह ने वाणी के समग्र व्यापार को दो वर्गों में विभक्त किये हैं । वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति । उनके मतानुसार वक्रोक्ति ही काव्य चमत्कार का बीज है, स्वभावोक्ति तो प्रकारान्तर से वार्ता मात्र है । पर दंडी ने समस्त वाङ्मय को उक्त दो वर्गों – वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति में विभक्त करते हुए स्वभावोक्ति को अलंकारों में प्रथम स्थान देकर इसके प्रति अपना समादर प्रकट किया है । पर कुन्तक ने भी वक्रोक्ति को ही काव्य का सर्वस्व घोषित करते हुए स्वभावोक्ति

सिद्धान्त कथन में यद्यपि स्थायीभाव को स्थान नहीं मिला, पर जैसा उनकी अपनी व्याख्या से स्पष्ट है, उन्हें अभीष्ट यही है कि स्थायी भाव ही उत्तरविभावादि के द्वारा रसत्व को प्राप्त होते हैं ।

भरत प्रतिपादित सूत्र की व्याख्या परवर्ती विद्वान् आचार्य जिनमें से भट्ट-लोल्लट, श्रीशंकुक, भट्टनायक और अभिनवगुप्त के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं, ने किया है । इस कथन में विभाव, अनुभाव और व्यभिचारीभाव का जो स्वरूप भरत को अभीष्ट है, वही परवर्ती आचार्यों को भी है, पर विवादग्रस्त दो शब्द हैं संयोग और निष्पत्ति, जिन पर विभिन्न व्याख्यान उल्लिखित हैं ।

(2) अलंकार संप्रदाय — भरत से लेकर जगन्नाथ तक लगभग दो सहस्र वर्ष के इस सुदीर्घ काल में अलंकार को किसी-न-किसी रूप में काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में स्थान मिलता आया है । भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में केवल चार अलंकारों का निरूपण किया है — उपमा, दीपक, रूपक और यमक । इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि —

(1) भरत के समय अलंकार नामक काव्यांग पूर्णतः प्रतिष्ठित नहीं हो पाया था ।
(2) भरत के कई सौ वर्ष उपरान्त भामह, दंडी, उद्भट आदि अलंकारवादी आचार्यों ने इसे काव्य का सर्वप्रतिष्ठित अंग स्वीकृत किया ।
(3) आनन्दवर्धन ने इसकी सर्वातिशय महत्ता को अस्वीकार किया ।
(4) आनन्दवर्धन के परवर्ती प्रायः सभी आचार्यों ने आनन्दवर्धन का अनुसरण करते हुए भी इसका विशद एवं विस्तृत निरूपण किया ।

अलंकारवादी आचार्य — भामह, दंडी और उद्भट अलंकार संप्रदाय के आचार्य हैं । इनमें से प्रथम दो आचार्यों के ग्रंथ क्रमशः काव्यालंकार और काव्यादर्श प्राप्त हैं पर उद्भट प्रणीत ग्रंथों में से केवल एक ही ग्रंथ काव्यालंकार सार संग्रह अद्यावधि उपलब्ध है । इस ग्रंथ के कुछेक स्थलों से यह अवश्य ज्ञात होता है कि वे अलंकारवाद के समर्थक रहे होंगे ।

उक्त तीनों आचार्यों को अलंकारवाद के समर्थक मानने का प्रधान कारण यह है कि ये सभी आचार्य किसी न किसी रूप में रस की महत्ता स्वीकार करते हुए भी इसे अलंकार में अन्तर्भूत करने के पक्ष में हैं । इन तीनों ने रस, भाव और रसाभास तथा भावाभास को क्रमशः रसवत् प्रेयस्वत् और उर्जस्वि अलंकारों के नाम से अभिहित किया है तथा उद्भट ने समाहित नामक अन्य अलंकार को भावशांति का पर्याय माना है । निष्कर्ष यह है कि अलंकारवादी आचार्य —

(1) अंगीभूत रस, भाव रसाभास, भावाभास और भावशांति को क्रमशः रसवत्, प्रेयस्वत्, उर्जस्वि और समाहित अलंकारों से अभिहित करते हैं, और

(2) अंगभूत रसादि को द्वितीय उदात्त अलंकार से ।

भामह आदि तीनों आचार्यों को अलंकारवादी मानने का दूसरा कारण है अलंकार के सम्बन्ध में इनकी प्रशस्तियां तथा अलंकार में अन्य काव्यों की स्वीकृति ।

(1) भामह के कथनानुसार जिस प्रकार सहज सुन्दर होने पर भी वनिता मुख भूषणों के विना शोभित नहीं होता उसी प्रकार सुन्दर वाक् (काव्य) भी अलंकारों के विना शोभा नहीं पाता ।

(2) दंडी के मतानुसार वैदर्भ मार्ग के प्राणभूत माधुर्य आदि दस गुण अलंकार ही हैं । मुख आदि पांच संधियों, उपक्षेप आदि 64 संध्यंगों, कैशिकी आदि 4 वृत्तियों, नर्मतत् आदि 16 वृत्यंगों तथा भूषण आदि 36 लक्षणों तथा विभिन्न नाट्यालंकारों को भी दंडी ने अलंकार माना है ।

(3) उद्भट गुण और अलंकार में कोई अंतर नहीं मानते थे तथा रूपक आदि वाच्य अलंकारों को उन्होंने अनेक स्थलों पर प्रतीयमान (व्यंग्य) रूप में भी दिखाया है ।

(4) रुद्रट — इनके ग्रंथ काव्यालंकार का नामकरण ही अलंकार के प्रति इनके झुकाव का सूचक है । भरत के पश्चात् सर्वप्रथम इन्होंने ही रस का स्वतंत्र निरूपण किया है । अलंकार के क्षेत्र में उनकी एक मौलिक और महत्त्वपूर्ण देन है अलंकारों का चार वर्गों में विभाजन ।

<u>अलंकार का लक्षण</u> — संस्कृत के काव्यशास्त्रियों में आनन्दवर्धन के पूर्व दंडी और वामन ने अलंकार लक्षण प्रस्तुत किया है और इनके पश्चात् मम्मट और विश्वनाथ ने । शेष परवर्ती आचार्यों के लक्षणों में मम्मट आदि की छाया है । दंडी और वामन के अलंकार लक्षणों में तारतम्य का अंतर है । दंडी के मत में काव्य (शब्दार्थ) की शोभा उत्पन्न करनेवाला धर्म अलंकार है तो वामन के मत में यह कार्य 'गुण' का है, अलंकार उस शोभा का वर्धक धर्म है :—

"काव्य शोभाकरान् धर्मानलंकारन् प्रचक्षते ।।" — दंडी, काद० 2/1.

"काव्य शोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः ।
तदतिशय हेतवस्त्वलंकाराः ।।" — वामन, का०सू० 3/1/1-2.

आनन्दवर्धन ध्वनिवादी आचार्य हैं और इन्होंने अपने अलंकार लक्षण में अलंकार को शब्दार्थ का आभूषक धर्म कहा है :—

"अंगाश्रितास्त्वलंकाराः मन्तव्या कटकादिवत् ।।" — ध्वन्या० 2/6.

इस लक्षण में उन्होंने अलंकार का रस के साथ कोई सम्बन्ध निर्दिष्ट नहीं किया, यद्यपि यह सम्बन्ध उन्हें अभीष्ट अवश्य था । यह कार्य मम्मट व विश्वनाथ ने किया । इनके मत में अलंकार शब्दार्थ की शोभा द्वारा परंपरा सम्बन्ध से रस का प्रायः उपकार करते हैं । इसी प्रकार जगन्नाथ ने भी अलंकारों को काव्य की आत्मा 'व्यंग्य' के रमणीयता-प्रयोजक धर्म मानकर ध्वनिवादियों का ही समर्थन किया है । रस ध्वनिवादी आचार्यों के मत में कुल मिलाकर अलंकार का स्वरूप इस प्रकार है :—

(1) अलंकार शब्दार्थ के शोभाकारक धर्म है,
(2) ये शब्दार्थ के अस्थिर धर्म है,
(3) ये शब्दार्थ की शोभा द्वारा परंपरा सम्बन्ध से रस का भी उपकार करते हैं, और
(4) कभी रस का उपकार नहीं भी करते ।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि पूर्ववर्ती और परवर्ती आचार्यों के अलंकार लक्षणों में जिस तत्व को किसी-न-किसी रूप में अवश्य स्थान मिला है, वह है अलंकारिता 'काव्य की शोभाजनकता — "अलंक्रियते नेनेत्यलंकारः" । दूसरी समानता यह है कि

को अलंकार रूप में भी स्वीकृत नहीं किया । उनके एतद्विषयक तर्क का अभिप्राय है कि स्वभाव कहते हैं स्वरूप को और स्वभावोक्ति कहते हैं स्वरूप के आख्यान को । किसी भी काव्यगत वर्णन के लिए उसके स्वभाव (स्वरूप) का आख्यान अनिवार्य है । क्योंकि स्वभाव से रहित वस्तु तो निरुपाख्य (अस्तित्वहीन) है । अतः स्वभाव की उक्ति को भी यदि स्वभावोक्ति अलंकार नाम दिया जाता है तो यह नितान्त असंगत है । वस्तुतः स्वभावोक्ति शरीर है, इसे ही अलंकृत करने के लिए अन्य अलंकार अपेक्षित हैं । स्वयं शरीर कभी भी अपना अलंकार नहीं बन सकता ।

अलंकारों को सर्वप्रथम व्यवस्थित रूप देने का श्रेय रुद्रट को है । इन पर उनसे भी पूर्व उद्भट ने इसका प्रयास अवश्य किया था पर उसमें वे सफल नहीं हुए । रुद्रट के पश्चात् रुय्यक ने अलंकारों का वर्गीकरण किया । विद्याधर ने रुय्यक का प्रायः अनुकरण किया । विद्याधर के ग्रंथ एकावली की तरल नामक टीका के कर्ता मल्लिनाथ ने रुय्यक और विद्याधर के वर्गीकरण का स्पष्टीकरण करते हुए पाठकों के लिए उसे सुबोध रूप दे दिया । मल्लिनाथ के अनुसार उक्त आचार्यद्वय का वर्गीकरण इस प्रकार है :–

(1) <u>सादृश्यमूलक अलंकार वर्ग</u> :

(क) भेदाभेद प्रधान – उपमा, उपमेयोपमा, अनन्वय और स्मरण ।

(ख) अभेद प्रधान – (अ) आरोपमूल – रूपक, परिणाम, संदेह आदि ।

(आ) अध्यवसायमूल – उत्प्रेक्षा और अतिशयोक्ति ।

(2) <u>औपम्यगर्भ वर्ग</u> :

(क) पदार्थगत – तुल्ययोगिता, और दीपक ।

(ख) वाक्यार्थगत – प्रतिवस्तूपमा दृष्टान्त निदर्शना ।

(ग) भेद प्रधान – व्यतिरेक, सहोक्ति विनोक्ति ।

(घ) विशेषण विच्छित्ति – समासोक्ति, परिकर ।

(ङ) विशेष्य विच्छित्ति – परिकरांकुर ।

(च) विशेषण विशेष्य विच्छित्ति – श्लेष ।

(छ) समासोक्ति से विपरीत होने के कारण अप्रस्तुत प्रशंसा को, अर्थान्तरन्यास में अप्रस्तुत प्रशंसा के समान सामान्य विशेष की चर्चा होने के कारण अर्थान्तरन्यास को, और गम्य प्रस्ताव के कारण पर्यायोक्त, व्याजस्तुति और आक्षेप को भी इसी वर्ग में स्थान दिया गया है ।

(3) विरोध गर्भ अलंकार वर्ग —

विरोध, विभावना, विशेषोक्ति आदि ।

(4) शृंखलाकर अलंकार वर्ग —

कारणमाला, एकावली, माला दीपक, सार ।

(5) न्यायमूलक अलंकार वर्ग —

(क) तर्कन्यायमूलक — काव्यलिंग, अनुमान ।

(ख) वाक्यन्यायमूलक — यथासंख्य, पर्याय आदि ।

(ग) लोकन्यायमूलक — प्रत्यनीक, प्रतीप आदि ।

(6) गूढार्थ प्रतीतिमूलक अलंकार वर्ग :—

सूक्ष्म, व्याजोक्ति, और वक्रोक्ति ।

विद्याधर के पश्चात् विद्यानाथ ने रुद्रट, रुय्यक और विद्याधर से सहायता लेते हुए अर्थालंकारों को प्रमुख चार प्रकारों में विभक्त किया है और फिर नई प्रकारों के कुल मिलाकर निम्नलिखित 9 भेद गिनाये हैं :—

प्रमुख चार — प्रतीयमान वस्तुगत, प्रतीयमान औपम्य, प्रतीयमान रसभाव आदि एवं अस्फुट प्रतीयमान ।

अवान्तर विभाग — (1) साधर्म्यमूल (भेद प्रधान अभेद प्रधान भेदाभेद-प्रधान), (2) अध्यवसायमूल, (3) विरोधमूल, (4) वाक्यन्यायमूल, (5) लोकव्यवहारमूल, (6) तर्कन्यायमूल, (7) शृंगलावैचित्र्मयमूल, (8) अपह्नवमूल, (9) विशेषण-वैचित्र्यमूल ।

संस्कृत काव्यशास्त्र में विभिन्न आचार्यों द्वारा उपरिनिर्दिष्ट वर्गीकरण किसी सीमा तक तर्कपूर्ण होते हुए भी एकांत रूप से स्वीकार नहीं हो सकते । फिर भी

व्यावहारिक दृष्टि से अलंकाराध्येता के लिए ये वर्गीकरण उपादेय अवश्य है ।

अलंकार संप्रदाय और हिन्दी रीतिकालीन आचार्य — अलंकार संप्रदाय के मूल आधार है भामह, दंडी और उद्भट के अनुकरण पर अलंकार की काव्य के सर्वस्व एवं सर्वोपरि तथा अनिवार्य अंग के रूप में स्वीकृति, काव्य के अन्य अंगों का अलंकार में समावेश, यहाँ तक कि रस, ध्वनि जैसे महत्वपूर्ण काव्यांगों का भी अलंकार रूप में ग्रहण । इस दृष्टि से कोई भी रीतिकालीन आचार्य एकांत रूप से अलंकारवादी सिद्ध नहीं होता । रीतिकाल में अलंकार का निरूपण दो प्रकार से हुआ है — चिन्तामणि, जसवंत सिंह, कुलपति, देव, सुरति मिश्र, श्रीपति, सोमनाथ, भिखारीदास, जनराज, रणधीर सिंह आदि आचार्यों ने मम्मट, विश्वनाथ आदि के समान अलंकार प्रकरण को अपने विविधांग निरूपक ग्रंथों का एक भाग बनाया है तथा मतिराम, भूषण, श्रीधर कवि, रसिक सुमति, रघुनाथ गोविन्द कवि, दूलह, पद्माकर, प्रताप साहि आदि ने अप्पय दीक्षित के समान उस पर स्वतंत्र ग्रंथ लिखे हैं । इन दोनों प्रकार के आचार्यों ने इस प्रकरण के लिए मम्मट, विश्वनाथ, जयदेव तथा अप्पय दीक्षित में से किसी एक, दो, तीन अथवा चारों आचार्यों का ही आधार ग्रहण किया है, भामह, दंडी और उद्भट का आधार किसी ने भी नहीं लिया । हाँ, देव इसके अपवाद हैं । इन्होंने भावविलास में प्रायः दंडीसम्मत अलंकारों का निरूपण किया है और शब्द रसायन में प्रायः अप्पय्य दीक्षित सम्मत अलंकारों का । फिर भी भावविलास में निरूपित अलंकारों के आधार पर देव को अलंकारवादी नहीं मान सकते । कारण अनेक हैं । प्रथम यह कि देव ने दंडी के काव्यादर्श से सहायता न लेकर केशव की कविप्रिया से ही सहायता ली है, जिसे वे यथावत् एवं विधिवत् प्रस्तुत नहीं कर पाये । दूसरा कारण यह है कि इनका अपेक्षाकृत प्रौढ़ ग्रन्थ शब्द-रसायन मम्मट सम्मत सिद्धान्तों का प्रतिपादक है, न कि दंडीसम्मत सिद्धान्तों का । इस ग्रंथ में शब्द शक्ति के अन्तर्गत व्यंजना शक्ति तथा रस जैसे काव्यांगों की स्वीकृति एवं इनका स्वतंत्र निरूपण इन्हें मम्मट का अनुयायी मानने को बाध्य करता है, न कि दंडी का ।

इसी प्रसंग में रीतिकाल से पूर्ववर्ती हिन्दी आचार्यों पर भी विचार कर लेना समुचित होगा । रीतिकाल से पूर्ववर्ती अलंकार निरूपक तीन आचार्यों का नाम लिया

जाता है — गोपा, करनेस और केशव । इनमें से प्रथम दो आचार्यों के ग्रंथ अनुपलब्ध हैं । केशव के 'कविप्रिया' नामक ग्रंथ के आधार पर इन्हें अलंकारवादी माना जाता है । इन्हें अलंकार संप्रदाय का आचार्य मानने के निम्नलिखित चार कारण हैं :—

(1) केशव ने काव्य के सभी वर्णनीय सामग्री — वर्ण, वर्ण्य, भूश्री, राजश्री आदि को अलंकार के स्थान पर सामान्य अलंकार नाम दिया है ।

(2) रसवत अलंकार के अन्तर्गत शृंगार आदि नौ रसों का निरूपण कर प्रकारान्तर से केशव ने अलंकार्य 'रस' को ही अलंकार मान लिया है ।

(3) इनके मत में उपमा आदि अलंकार काव्य के अनिवार्य अंग है । इनके बिना सर्वगुण संपन्न रचना भी उस सुंदरी नारी के समान शोभाहीन है, जो आभूषण रहित हो ।

(4) काव्य के सभी सौंदर्य विधायक तत्वों को इन्होंने प्रकारान्तर से 'अलंकार' नाम दिया है ।

इनमें से अन्तिम धारणाओं का स्रोत भामह, दंडी, उद्भट और वामन के ग्रंथों में उपलब्ध हो जाता है, पर प्रथम धारणा वर्ण आदि वर्ण्य सामग्री को अलंकार कहना कदाचित केशव की निजी धारणा है ।

(3) <u>रीति संप्रदाय</u> :

यद्यपि रीति सिद्धान्त की स्थापना नवी शताब्दी के मध्य में या उसके आस-पास आचार्य वामन द्वारा हुई तथापि रीति का अस्तित्व उनसे पहले भी निश्चित रूप से था, इसमें संदेह नहीं ।

<u>रीति की परिभाषा</u> — <u>और स्वरूप</u> : वामन के अनुसार रीति का अर्थ है विशिष्ट पद-रचना । विशिष्ट का अर्थ है गुणसम्पन्न । गुण से तात्पर्य है काव्य के शोभाकारक धर्म । काव्य शोभा कारक शब्द और अर्थ के धर्मों से युक्त पद रचना को रीति कहते हैं ।

इसके बाद आनन्दवर्धन, राजशेखर तथा भोज ने रीति की परिभाषा दी ।

आनन्दवर्धन और उनके अनुयायियों के मतानुसार रीतिस्वरूप का सार इस प्रकार है :–

(1) पदों की संघटना का नाम रीति है ।

(2) रीतियाँ रस की अभिव्यक्ति में साधक है ।

(3) इनकी रचना गुण व्यंजक नियत वर्णों से होती है ।

(4) समस्त पदता की मात्रा इनका बाह्य रूप है ।

(5) काव्य में रीति का स्थान वही है, जो मानव शरीर में अंग स्थान अर्थात् अंगों की बनावट का है, न कि आत्मा का ।

उत्तर-ध्वनिकाल के आचार्यों में मम्मट और विश्वनाथ ने विशेष रूप से रीति के मूल तत्व पर प्रकाश डाला । मम्मट ने वृत्ति या रीति को वर्ण-व्यापार माना । और फिर वर्ण संघटन या गुंफ का गुण के साथ नियत सम्बन्ध स्थापित किया है । इनके अनुसार गुण व्यंजक वर्ण गुंफ ही रीति के मूल तत्व । विश्वनाथ ने प्रायः मम्मट का ही अनुसरण किया है । परन्तु उनकी रीतियों का आधार मम्मट की अपेक्षा अधिक व्यापक है । उनका रीति निरूपण इस प्रकार है –

वैदर्भी – इसके तीन आधार तत्व हैं – माधुर्य व्यंजक वर्ण, ललित पद रचना, समास का अभाव अथवा अल्प समास ।

"माधुर्य व्यंजकैर्वर्णैः रचना ललितात्मिका ।
अल्प वृत्तिरवृत्तिर्वा वैदर्भी रीति रिष्यते ।।" सा०द०, 9/2.

गौड़ी – के तत्व हैं ओज प्रकाशक वर्ण आडंबर पूर्ण बंध अथवा पद रचना और समास बाहुल्य —

"ओजः प्रकाश कैर्वर्णैबन्ध आडम्बरः पुनः समासबहुला गौड़ी ।।"सा०द०9/3.

उपर्युक्त विवेचन का सारांश यह है कि पूर्व ध्वनि काल के वामनादि आचार्य शब्द और अर्थ के प्रायः सभी प्रकार के चमत्कारों को रीति के तत्व मानते थे ।

वामन ने रीति शब्द का सर्वप्रथम उपयोग करते हुए 3 रीतियाँ माना । (1) वैदर्भी, (2) गौड़िया तथा (3) पांचाली ।

(1) वैदर्भी — समस्त गुणों से भूषित रीति ।

(2) गौड़िया — ओज और कांति से विभूषित रीति, एवं

(3) पांचाली — माधुर्य और सौकुमार्य से उपपन्न रीति का नाम पांचाली है।

(4) वक्रोक्ति संप्रदाय :

हिन्दी के रीतिकालीन आचार्यों ने यद्‌यपि वक्रोक्ति संप्रदाय के सम्बन्ध में कुछ नहीं लिखा पर नीतिकालीन कवियों की रचनाओं में कुन्तक सम्मत वक्रता के अनेक निदर्शन उपलब्ध हो जाते है तथा घनानन्द के कवित्तों में वक्रोक्ति के सिद्‌धांत पक्ष पर भी अनायास और अनजाने ही प्रकाश पड़ गया है । वक्रोक्ति संप्रदाय के प्रवर्तक कुन्तक के उपरान्त इस संप्रदाय का प्रचार नहीं हुआ क्योंकि ध्वनि जैसे भावपक्षप्रधान काव्यांग की तुलना में वक्रोक्ति जैसा कलापक्ष प्रधान काव्यांग संस्कृत के भी आचार्यों को स्वीकार्य नहीं हुआ परिणामतः मम्मट विश्वनाथ और जगन्नाथ जैसे परवर्ती आचार्यों के ग्रंथों की तुलना में कुन्तकप्रवीण 'वक्रोक्तिजीवित' ग्रंथ धीरे-धीरे विस्मृत होते-होते लुप्तप्राय हो गया । वक्रोक्ति संप्रदाय के विषय में हिन्दी के रीति आचार्यों के मौन का प्रधान कारण यही है ।

वक्रोक्ति संप्रदाय का प्रवर्तन आचार्य कुन्तक द्‌वारा दसवीं ग्यारहवीं शताब्दी में हुआ । इस काव्यांग के बीज उनसे पूर्ववर्ती अनेक काव्यों तथा काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में यत्र-तत्र बिखरे हुए मिल जाते हैं जिनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि अन्य सिद्‌धान्तों की भांति वक्रोक्ति सिद्‌धान्त का आविर्भाव भी आकस्मिक घटना न होकर एक विचार परंपरा का ही परिणाम था । इस पूर्व परंपरा को गति देने वाले कवियों में बाणभट्‌ट का नाम उल्लेखनीय है एवं आचार्यों में भामह और दंडी के अतिरिक्त वामन तथा आनन्दवर्धन का —

बाणभट्‌ट — वक्रोक्ति निपुणेन आख्यायिकाख्यान परिचय चतुरेण ।

यहां कवि का वक्रोक्ति से अभिप्राय इसके सीमित अर्थ शब्दालंकार रूप से न होकर व्यापक अर्थ से है और शायद इसी अर्थ को लक्ष्य में रखकर उन्होंने दूसरे ग्रंथ हर्षचरित में काव्य की इस प्रौढ़ शैली के विभिन्न अवयवों की गणना की है ।

"नवो र्थो जातिरग्राम्या श्लेषो क्लिष्टः स्फुटो रसः ।

विकटाक्षर बन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुर्लभम् ।।"

बाण भट्ट का वक्रोक्ति शब्द अपने व्यापक अर्थ का ही द्योतक होगा इसकी पुष्टी उनके दोनों ग्रंथों की शैली से ही हो जाती है । यही बात उनके पाँच-छः सौ वर्ष उपरान्त कविराज ने उनकी स्तुति में भी कही थी :-

"सुबन्धु बाण भट्टश्च कविराज इति त्रयः ।

वक्रोक्ति मार्ग निपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा ।।"—राघव पाण्डवीयम् ।।

भामह ने वक्रोक्ति शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थ के लिए किया है । उदाहरण -

(1) वाणी का अलंकार अर्थात् काव्यगत चमत्कार वही अभीष्ट है, जिसमें वक्र अभिधेय (अर्थ) का और वक्र शब्द का कथन हो ।

(2) वाणी का वक्र अर्थ और वक्र शब्द कथन ये दोनों अलंकार के लिए अर्थात् काव्यालंकार के उत्पादन में समर्थ हैं ।

(3) वक्रोक्ति व अतिशयोक्ति दोनों एक ही हैं ।

(4) हर प्रकार का काव्य चमत्कार वक्रोक्ति के ही कारण होता है । कवि को इसी में प्रयत्न करना चाहिए । वस्तुतः इसके बिना कोई अलंकार है ही नहीं ।

(5) वक्रोक्ति विहीन तथाकथित अलंकारों को अलंकार नहीं मानना चाहिए । यही कारण है कि हेतु सूक्ष्म और लेश अलंकार नहीं हैं, ये वक्रोक्ति का कथन नहीं करते समुदायमात्र अर्थात् वार्ता समूह का अभिधान करते हैं ।

(6) न केवल मुक्तक काव्यों में अपितु प्रबंध काव्यों में भी वक्रोक्ति का ही चमत्कार है ।

दंडी ने भी वक्रोक्ति को व्यापक अर्थ में प्रयोग किया है । इनके अनुसार समस्त वाङ्मय के दो भाग हैं - वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति । वक्रोक्ति से इनका अभिप्राय है काव्य के चमत्कारोत्पादक तत्व अर्थात् स्वभावोक्ति (जाति) को छोड़कर उपमा आदि सभी अलंकार ।

स्वभावोक्ति – यह भी एक अलंकार है, जिसके द्वारा पदार्थों का साक्षात् स्वरूप वर्णन किया जाता है ।

काव्य में चमत्कारोत्पादक तत्व स्वभावोक्ति से भिन्न अन्य अलंकार है, जो वक्रोक्ति कहते हैं क्योंकि इनके द्वारा पदार्थ वर्णन साक्षात् न करके वक्रता से किया जाता है ।

वामन – वक्रोक्ति का एक अर्थालंकार के रूप में निरूपण किया है ।

रुद्रट – वक्रोक्ति का एक शब्दालंकार के रूप में निरूपण किया और इसका प्रचलित दो रूपों का उल्लेख किया काकु वक्रोक्ति और सभंग वक्रोक्ति ।

आनन्दवर्धन – अतिशयोक्ति और वक्रोक्ति को एक-दूसरे का पर्याय माना व व्यापक अर्थ भी स्वीकृत किया ।

भोज – (क) शास्त्र और लोक में तो अवक्र वचन का प्रयोग होता है और काव्य में वक्र वचन का । – शृंगारप्रकाश ।

(ख) सब अलंकार जातियाँ वक्रोक्ति नाम से कथनीय हैं । भामह के कथनानुसार वक्रता ही काव्य की परम शोभा है ।

(ग) भोज ने अपने समय तक की एतत् सम्बन्धी मान्यताओं का वर्गीकरण करते हुए कहा कि समस्त वाङ्मय तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है –

"वक्रोक्ति श्च रसोक्तिश्च स्वभावोक्तिश्चेति वाङ्मयम् ।।"

रसोक्ति – "विभावानुभाव व्यभिचारि संयोगात्तु रसनिष्पत्तौ रसोक्ति रिति"

(5) <u>ध्वनि संप्रदाय</u> :

इस संप्रदाय के अन्तर्गत अभिनव गुप्त आदि का नाम आता है । ध्वनिकारों ने शब्द की तीसरी व्यंजना पर आश्रित ध्वनि को काव्य की आत्मा घोषित किया ।

<u>ध्वनि</u> – जहाँ अर्थ स्वयं को तथा शब्द अपने अभिधेय अर्थ को गौण करके 'उस अर्थ' को प्रकाशित करते हैं, उस काव्यविशेष को विद्वानों ने ध्वनि कहा है ।

जहाँ विशिष्ट वाच्य रूप अर्थ तथा विशिष्ट वाचक रूप शब्द 'उस अर्थ' को प्रकाशित करते हैं, वह काव्य विशेष ध्वनि कहलाता है । 'उस अर्थ' से तात्पर्य उस प्रतीयमान स्वादु (चर्वणीय, सरस) अर्थ का जो प्रतिभाजन्य है और जो महाकवियों

की वाणी में वाच्याश्रित अलंकार आदि से भिन्न, स्त्रियों में अवयवों से अतिरिक्त लावण्य की भांति, कुछ और ही वस्तु है । अतः यह विशिष्ट अर्थ प्रतिभाजन्य है, स्वादु (सरस) है, वाच्य से भिन्न कुछ दूसरी ही वस्तु है और प्रतीयमान है ।

ध्वनि का प्रयोग पांच भिन्न-भिन्न परंतु परस्पर सम्बद्ध अर्थों में होता है । (1) व्यंजक शब्द, (2) व्यंजक अर्थ, (3) व्यंग्य अर्थ, (4) व्यंजना (व्यंजनाव्यापार) और (5) व्यंग्यप्रधान काव्य ।

ध्वनि के दो भेद हैं – (1) लक्षणामूला ध्वनि, (2) अभिधामूला ध्वनि ।

रीतिकाव्य का साहित्यिक आधार :

जिस साहित्यिक दृष्टिकोण की रूपरेखा हिन्दी में चिंतामणि के उपरान्त बंधकर निश्चित हुई, वह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी । उसका एक विशेष साहित्यिक पृष्ठाधार था । वह एक प्राचीन परंपरा का नियमित विकास थी, जिसके अन्तर्तत्व प्राकृत संस्कृत अपभ्रंश और हिन्दी के भक्तिकाव्य में धीरे धीरे ज्ञात अथवा अज्ञात रूप में विकसित होते रहे । यह प्राचीन परंपरा थी मुक्तक कविता की जो काव्य की अभिजात परिपाटी और उसमें निर्णीत उदात्त काव्य वस्तुओं को छोड़कर नित्य प्रति के सरल ऐहिक जीवन के छोटे-छोटे चित्रों को आंक रही थी । पंडितो का अनुमान है कि आभीर जाति के आगमन से आर्यों के मन परलोक चिन्ता से मुक्त हो नित्यप्रति के गृहस्थ जीवन के प्रति आकर्षित होने लगा । जीवन से बढ़कर इस प्रवृत्ति का प्रभाव काव्य पर पड़ा और कवि की कल्पना आकाश अथवा आकाशचुंबी राजमहलों से उतर कर साधारण जीवन के सुख-दुःखों में रमने लगी । इस दृष्टि परिवर्तन की सबसे पहले अभिव्यक्ति हाल की सतसई में मिलती है, जिसकी रचना चिंतामणि से कम-से-कम 13 शताब्दी पूर्व और अधिक-से-अधिक 16 वीं शताब्दी पूर्व हुई थी । हाल की सतसई रीतिकाव्य का सबसे प्रथम प्रेरक ग्रंथ है । इसके उपरान्त इस प्रकार के शृंगार मुक्तकों के दो प्रसिद्ध ग्रंथ संस्कृत में मिलते हैं – अमरुक कवि का अमरुशतक तथा गोवर्धन की आर्या सप्तशती, जो कि प्राकृत सतसई के आधार पर रची गई है । अपभ्रंश में इस प्रकार के कोई स्वतंत्र ग्रंथ नहीं मिलते केवल जयवल्लभ और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में स्फुट गीत छंद मिलते हैं । इनके अतिरिक्त संस्कृत साहित्य में ऐहिक मुक्तक काव्य

के कतिपय और भी ग्रंथों की रचना हुई जिनमें कालिदास के प्रचलित शृंगारतिलक, घटकर्पूर भर्तृहरि रचित शृंगारशतक, विल्हण की चौरपंचाशिका आदि अपने माधुर्य के लिए प्रसिद्ध है । इनमें अभिजात की गंध है जो सतसई व अमरुशतक के धरातल से पृथक् कर देती है । बारहवीं से चौदहवीं शताब्दी तक बंगाल और बिहार में राधा कृष्ण की भक्ति के जो छंद रचे गये वे काम के सूक्ष्म रहस्यों से ओतप्रोत हैं, विद्यापति के गीत इन्हीं के तो हिन्दी संस्करण हैं । इन ग्रंथों को भी अभिजात वर्ग में रखा जाता है । परन्तु हिन्दी रीतिकाव्य में जो राधा-कन्हाई सुमिरन के बहाने का एक निरंतर मोह तथा नायक के लिए कृष्ण और नायिका के लिए राधा शब्द का सप्रयास प्रयोग मिलता है, उसके लिए इन स्रोतों का प्रभाव बहुत कुछ उत्तरदायी है । वास्तव में रीतिकाव्य की आत्मा का सम्बन्ध यदि ऐहिक मुक्तकों की उपर्युक्त परंपरा से माने तो उसके बाह्य रूप (जिसमें राधाकृष्ण के प्रतीकों का प्रयोग हुआ है) के विधान में इन स्रोतों का कुछ स्पर्श अनिवार्यतः मानना पड़ेगा । इस सत्य को स्वीकार करने के लिए इसलिए और भी बाध्य होना पड़ता है कि स्वयं रीति युग में भी पहले (भक्तिपरक मुक्तकों-दुर्गा सप्तशती, चंडीशतक, वक्रोक्ति,- पंचाशिका, शिवपार्वती वन्दना, कृष्णलीला-मृत आदि स्रोत ग्रंथ) की भांति चंडीशतक चरणचंद्रिका आदि स्तोत्रवत् ग्रंथों की रचना यदाकदा होती रहती थी ।

इन दोनों श्रेणियों को प्रभावित करने वाली तीसरी चिंताधारा थी कामशास्त्र की — काव्य के वर्णन और मनोविज्ञान को इन्होंने निश्चित रूप से प्रभावित किया । ऐहिक शृंगार मुक्तकों, शिव और कृष्ण भक्ति के स्तोत्रों और नायिका भेद के ग्रंथों पर इनकी स्पष्ट छाप थी ।

संस्कृत की ये ही तीन मुख्य साहित्यिक परंपराएं थीं जिनसे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में हिन्दी रीति काव्य ने अपने अन्तर्तत्वों को ग्रहण किया इसके उपरांत तो हिन्दी साहित्य का ही उदय हो गया ।

हिन्दी का आदिम युग वीर गीतों और वीरगाथाओं से मुखरित था । वीर-गाथा केकवियों में कुछ कवि विशेष कर चंदबरदायी (पृथ्वीराजरासो) के शृंगार चित्रों

में अनेक चित्र ऐसे मिल जाते हैं जिनमें रूप के उपमान को बहुत कुछ उसी प्रकार रीति में जकड़ कर उपस्थित किया गया जैसा रीति युग में । हिन्दी में वास्तव में सबसे पहले कवि विद्यापति हैं, जिनमें रीति संकेत असंदिग्ध रूप में मिलते हैं, परन्तु इनमें वह पूर्णता नहीं मिलती जो रीतिकाल के शृंगार चित्रों में अनिवार्यतः मिलती है । रूप के प्रति उनका दृष्टिकोण सर्वथा भागवत ही है वस्तुगत नहीं । चंद, विद्यापति, आदि के काव्य से यह सर्वथा स्पष्ट है कि इनको रीतिशास्त्र का पूरा-पूरा ज्ञान था और उस समय रीतिग्रंथों का बहुत कुछ प्रचार हिन्दी में भी निश्चित रूप से था । कृपाराम कृत हिततरंगिणी इस अनुमान को सार्थक करती है । इनकी रचना हिन्दी काव्य के अत्यन्त आरंभिक काल संवत् 1598 में हुई ।

"सिधि निधि शिवमुख चन्द्र लखि माघ शुद्ध तृतियास ।
हिततरंगिणी हौं रची कवि हित परम प्रकासु ।।"

हिततरंगिणी शुद्ध रीतिग्रंथ है और रीति परंपरा का पहला निश्चित स्फुरण है, उसकी वास्तविक गौरव प्रतिष्ठा हुई कविप्रिया और रसिक प्रिया की रचना के साथ ।

हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन दोहरे नामों से हुआ है ।

(1) आदिकाल या वीरगाथा काल — सं० 1050 से 1375 वि० तक
(2) पूर्वमध्यकाल या भक्तिकाल — सं० 1375 से 1700 वि० तक
(3) उत्तरमध्यकाल या रीतिकाल — सं० 1700 से 1900 वि० तक
(4) आधुनिक काल या गद्यकाल — सं० 1900 से आज तक

रीति कवियों की व्यापक प्रवृत्ति :

रीतिकालीन रीति कवियों को प्रमुखतः दो वर्ग में विभक्त किया जा सकता है — (1) रीतिग्रंथकार कवि जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप में काव्यशास्त्र सम्बन्धी लक्षणग्रंथों पर काव्य रचे । जैसे केशव, मतिराम, भूषण आदि । (2) रीतिबद्ध कवि जिन्होंने अप्रत्यक्ष रूप में लक्षण ग्रंथों को दृष्टि पथ में रखकर अपने स्वतंत्र काव्य रचे, जैसे बिहारी ।

इन कवियों की व्यापक प्रवृत्ति का विश्लेषण निम्नांकित रूप में किया जा सकता है :—

(1) पृष्ठभूमि :

(क) राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ।

(ख) संस्कृत के आचार्यों की कृतियों का अनुकरण विशेषतः भानुदत्तकृत रसमंजरी का और जयदेवकृत चन्द्रालोक का ।

(2) वर्ण्य विषय :

राज्यविलास राजप्रशंसा, दरबारी कला विनोद, मुगलकालीन वैभव, नख-शिख ऋतुवर्णन, अष्टयाम, नायिका भेद, आलंबन, और आश्रय के रूप में राधा और कृष्ण अथाव कृष्ण और राधा, रस, अलंकार और छंद ।

(3) भाषा : संस्कृत, अपभ्रंश तथा कहीं-कहीं फारसी के शब्दों से प्रभावित ब्रजभाषा ।

(4) शैली : मुक्तक शैली ।

(5) छंद : दोहा, कवित्त और सवैया ।

(6) रस : शृंगार, वीर, किन्तु शृंगार रस की प्रमुखता ।

(7) अलंकार : शब्दालंकारों में अनुप्रास, यमक और श्लेष का बाहुल्य, अर्थालंकारों में उपमा, रूपक और उत्प्रेक्षा की प्रबलता ।

प्रधान रस शृंगार :

रीति ग्रंथकार कवियों तथा रीतिबद्ध कवियों के काव्यों पर दृष्टि डालने के उपरान्त हम यह कह सकते हैं कि उनमें शृंगार रस का ही प्राधान्य है । रीति-ग्रंथकार कवियों में केवल भूषण ने प्रधानतः वीररस की कविताएँ लिखी हैं, प्रीतम ने कुछ कविताएँ हास्य रस की लिखी हैं शेष सभी ने शृंगार रस के ग्रंथ ही प्रमुख रूप से लिखे हैं । भूषण कवि के भी कुछ शृंगार रस की रचनाएँ मिलती हैं ।

रीतिकाल के अन्तर्गत हमें तीन प्रकार के कवियों के दर्शन होते हैं :—
(1) रीतिग्रंथकार कवि, (2) रीतिबद्ध कवि — बिहारी, (3) रीतिमुक्त कवि ।

स्वामी की भक्ति भावना शृंगार संवलित रूप में दृष्टिगोचर होती है । शुद्ध भक्ति भावना में भक्त भगवान के चरणों का सान्निध्य चाहता है । भक्त की दृष्टि भगवान के चरणों में ही रहती है । किन्तु प्रेमी प्रियतम के मुखारविन्द का मकरंद पान करके ही जीवित रहता है । रीतिमुक्त कवियों में कुछ वीर रस के रचयिता हुए कुछ शृंगार रस के । लाल जोधराज सूदन आदि की रचनाएँ वीर रस प्रधान हैं, किंतु बनवारी आलम शेख घनानन्द, बोधा, ठाकुर, चन्द्रशेखर बाजपेयी, द्विजदेव आदि ने अधिकांशतः शृंगार रस में ही काव्य रचना की है । भक्तिकालीन कवि रसखान और सेनापति में तो शृंगार संवलित भक्ति के दर्शन होते ही हैं । आलम, घनानन्द और नागरीदास की भक्ति भावना पर भी शृंगार की छाप स्पष्ट दिखाई पड़ती है । रसखान, आलम, घनानन्द और बोधा इन कवियों की भक्ति का प्रवाह शृंगार भावना को लेकर ही चला है, इसका प्रमुख कारण यह है कि कवि मानवीय प्रेम की सीढ़ी पर पाँव रखकर ईश्वरीय प्रेम की झाँकी देखने के लिए ऊपर चढ़े थे । इनमें इश्क मजाजी व हकीकी दोनों ही थे । अतः इनकी भक्ति में मानवीय प्रेम को प्रकट करने वाला शृंगार भी पर्याप्त रूपेण मिलता है । ये कोरे विरागी भक्त नहीं थे अपितु प्रेम की पीर को पहचानने वाले शृंगारी भक्त थे।

<u>रीतिमुक्त प्रवाह</u> :

रीतिकाल में कुछ ऐसे कवि भी हुए जिन्होंने केशव, मतिराम, भूषण आदि की भाँति न तो कोई रीति ग्रंथ लिखे और न बिहारी की भाँति रीतिबद्ध रचना ही की । ऐसे कवियों की संख्या पचास के लगभग है । इन्हें हम छः वर्गों में बाँट सकते हैं :—

<u>प्रथम वर्ग</u> — उन कवियों का है, जिन्होंने लक्षणबद्ध रचना नहीं की और जो स्वतंत्र रचना करके जनता को प्रेम की पीर सुनाते रहे । इनमें रसखान, घनानन्द, आलम, ठाकुर, और बोधा के नाम प्रसिद्ध हैं । आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रसखान को दो रूपों में अंकित किया है । (1) कृष्णभक्ति शाखा के भक्त कवि, और (2) रीतिकाल के अन्य कवियों में । घनानन्द, आलम, ठाकुर आदि प्रेमोन्मत्त कवियों के साथ रसखान की कविताओं का अवलोकन करने पर वे रीतिमुक्त प्रवाह के ही कवि ठहरते हैं । उनमें शृंगार संवलित भक्ति का ही स्वर गूंज रहा है ।

द्वितीय वर्ग – उन कवियों का है, जिन्होंने विशेष रूप से कथा-प्रबन्ध काव्य लिखे । जैसे – छत्रप्रकाश के रचयिता लाल कवि, सुजानचरित्र के लेखक सूदन, हम्मीररासोकार जोधराज और हम्मीरहठ के लेखक चन्द्रशेखर ।

तृतीय वर्ग – दानलीला, मानलीला आदि वर्णनात्मक प्रबन्ध काव्य लिखने वाले कवियों का है ।

चतुर्थ वर्ग – में नीति सम्बन्धी पद्य रचने वाले कवि आते हैं, जिनमें वृन्द, गिरधर, घाघा और वैताल जैसे सूक्तिकार अधिक प्रसिद्ध है ।

पंचम वर्ग – में वे कवि हैं, जिन्होंने ब्रह्मज्ञान और वैराग्य सम्बन्धी उपदेशात्मक पद्य लिखे हैं ।

षष्ठ वर्ग – उन कवियों का है, जिन्होंने या तो भक्ति भाव में डूब कर विनय के पद गाये हैं या वीररस की स्वतंत्र फुटकल रचनाएँ की हैं ।

उपर्युक्त वर्गों के कवि वास्तव में रीतिमुक्त प्रवाह के कवि थे, क्योंकि इन्होंने न तो कोई लक्षण ग्रंथ लिखा और न लक्षण ग्रंथों से प्रभावित होकर अथवा बँधकर काव्य रचना ही की ।

रीतिकाल के समस्त कवियों को तीन वर्गों में विभक्त कर सकते हैं – रीतिग्रंथकार, रीतिबद्ध तथा रीतिमुक्त । इस तरह देखते हैं रीति का प्रभाव प्रत्येक वर्ग के कवियों पर है । रीति शब्द के दो ही अर्थ हैं । एक विशिष्ट पद रचना दूसरा लक्षण ग्रंथ रीति ग्रंथकार कवियों और रीतिबद्ध कवियों की कविताएँ तो किसी न किसी प्रकार लक्षबद्ध थी ही । रही रीतिमुक्त कवियों की बात, उनमें भी एक प्रकार की कवित्वपूर्ण पद रचना का वैशिष्ट्य पाया जाता है । अतः हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्यकाल को रीतिकाल नाम से अभिहित करना ही अधिक उपयुक्त है । अलंकृत काल और शृंगार काल नाम उसकी आन्तरिक प्रवृत्ति का ठीक तरह से प्रतिनिधित्व नहीं करते ।

एक ही काल में, साहित्य जगत् में अनेक प्रकार की प्रवृत्तियाँ या विचारधारायें प्रचलित रहती हैं, उनमें से जो प्रवृत्ति या विचारधारा प्रबल होकर सबसे अधिक व्याप्त हो जाती है, उसीके आधार पर उस काल का नामकरण या सीमा निर्धारण होता है ।

संस्कृत काव्यशास्त्र में रीति शब्द एक काव्यांग विशेष के अर्थ में व्यवहृत होता रहा है । सर्वप्रथम (9 वीं शती) ने इसका स्वरूप विशिष्ट पद रचना निर्दिष्ट करते हुए इसे काव्य की आत्मा घोषित किया । किन्तु हिन्दी में रीति शब्द का प्रयोग एक अन्य अर्थ में भी चिंतामणि के समय से ही होता आया है और वह अर्थ है काव्य-रचना पद्धति (तथा उसका निर्देशक शास्त्र) । केशव तथा कुछेक रीतिकालीन आचार्यों ने इसी अर्थ में पंथ शब्द का भी प्रयोग किया है । रीति शब्द काव्यशास्त्र अथवा काव्यशास्त्रीय विधान का वाचक न होकर व्यापक अर्थ में विधान अथवा शास्त्रीय विधान का ही वाचक है । पर आज रीति शब्द का सम्बन्ध काव्यशास्त्र के साथ ही स्थापित हो गया है ।

भाषा :

रीतिकाल का हिन्दी साहित्य ब्रजभाषा और अवधी का साहित्य है, पर अवधी की परंपरा न तो उतनी दीर्घ है और न व्यापक । विचार करने पर लगता है कि ब्रजभाषा की लोकप्रियता और व्याप्ति के आगे उसका विकसित होना संभव न था ।

दूसरी बात जो ब्रजभाषा के पक्ष में जाती है, उसकी भौगोलिक स्थिति । यह मध्य देश की भाषा है, केन्द्रीय भाषा होने के कारण इस प्रदेश की भाषा को व्याप्ति का जितना अवसर मिल पाता था, उतना और किसी को नहीं । अत्यन्त प्राचीन काल से इस प्रदेश की भाषायें अपनी चौहद्दी तोड़कर बाहर फैलती रही और देश के एक बृहद् भूभाग के विचार विनिमय और साहित्य सर्जना के माध्यम के रूप में व्यवहृत होती रही । वैदिक संस्कृत, संस्कृत, पालि, शौरसेनी प्राकृत, शौरसेनी अपभ्रंश इसी हृदय देश की भाषायें थीं । जो अपने अविच्छिन्न रूप में आर्य सभ्यता और संस्कृति के उन्नयन और रक्षण में निरन्तर संलग्न रही । ब्रजभाषा शौरसेनी अपभ्रंश से ही विकसित हुई है ।

ब्रजभाषा की संपूर्ण परंपरा को विकास की तीन अवस्थाओं में बाँटा जा सकता है -- प्रथम, द्वितीय और तृतीय । प्रथम अवस्था में सूर पूर्व की ब्रजभाषा, द्वितीय अवस्था में भक्तिकालीन ब्रजभाषा और तृतीय में रीतिकालीन ब्रजभाषा की गणना की जा सकती है । प्रथम अवस्था में ब्रजभाषा दर्पशौर्य की व्यंजना करती रही है । द्वितीय अवस्था इसके विस्तार और समृद्धि का काल है । भक्ति आंदोलन के माध्यम के रूप में यह बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब तक पहुँची । इस भाषा में केवल श्रीकृष्ण की बाँसुरी का ही जादू नहीं था बल्कि अपनी भी कुछ ऐसी विशेषताएँ थीं, जिनके कारण यह शताब्दियों तक सहृदयों का कंठहार बनी रही ।

सूरपूर्व ब्रजभाषा में निरंतर काव्यग्रंथ लिखे जाते रहे हैं और 14 वीं शताब्दी में इसका रूप भीबहुत कुछ स्थिर हो गया था । सं0 1598 में कृपाराम ने अपने हिततरंगिणी मे ' लिखा है :--

"बरनत कवि सिंगार रस छंद बड़े विस्तारि ।
मैं बरन्यो दोहानि बिच याते सुघरि विचारि ।।"

इस दोहे में कृपाराम का कहना है कि जिस शृंगार रस का वर्णन और कवियों ने छंदों में विस्तारपूर्वक किया है, उसे मैंने विचारपूर्वक संवार, संजोकर दोहो जैसे छोटे छंद में किया है । शृंगार रस से उनका तात्पर्य नायक-नायिका भेद से ही है, इसमें संदेह नहीं । यह कवि शास्त्रज्ञ कवियों की परंपरा में होने के कारण भक्ति कविता से सर्वथा दूर था, यह तो निर्विवाद ही है, साथ ही उसकी भाषा से स्पष्ट है कि वह इस परंपरा का पहला कवि भी नहीं था । उससे पहले कुछ अन्य कवियों ने भी ब्रजभाषा का प्रयोग किया होगा । कहने का तात्पर्य ये कि भक्त कवियों के साथ-साथ संभवतः शास्त्रज्ञ कवियों ने भी इस भाषा के विकास और समृद्धि में योग दिया है ।

भक्तिकाल के अनन्तर रीतिकाल में ब्रजभाषा अपनी समृद्धि के उच्चतम शिखर पर जा विराजी । इस समय की भाषा पहले से अधिक मंजसंवर कर भावाभिव्यंजना के अधिक अनुकूल हो गई । इस संस्कार और परिष्कार का अंतर सूर-तुलसी की पदावली और मतिराम, देव और पद्माकर की पदावली की तुलना से स्पष्ट किया जा सकता है । रीतिकालीन कवियों की पदावली के लोच और माधुर्य के आगे

विशेषताएँ :

मधुरता ब्रजभाषा की प्रकृति है । भाषा की प्रकृति का बहुत कुछ सम्बन्ध उसे बोलने वालों की प्रकृति से जोड़ा जा सकता है । बंगला और खड़ीबोली का अन्तर उक्त कथन को स्पष्ट कर देगा । फिर रससिक्त भक्तिपरक जिस पदावली को ब्रजभाषा ने रूप दिया उसने भी इसकी प्रकृति को ऋजु मसृण और मधुर बनाया । शुद्ध साहित्य के रूप में भी शृंगारिक कविताएँ ही इस भाषा में अधिक लिखी गईं । शृंगार वर्णन के लिए कोमलकांत पदावली की आवश्यकता होती है । यह गुण तो ब्रजभाषा में यों ही प्रस्तुत था । इस आवश्यकता के कारण उसे और भी ढूंढ निकाला गया । इसके फलस्वरूप अनेक शब्दों का आगम और अनेक का लोप हो गया । जैसे — स्त्री के आदि में इ और स्नान के आदि में अ का आगम उद्धृत किया जा सकता है । कठोर वर्णों श ण आदि के स्थान पर स र आदि रख कर उच्चारण को कोमल बनाया गया । स्वरसंकोच, जो ब्रजभाषा की मुख्य ध्वन्यात्मक प्रकृति है, इसकी मिठास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ — जैसे दीठि < दिट्ठ < दृष्टि पैठि < पइट्ठि < प्रविष्ट ।

इस भाषा का मधुर और शृंगारोचित बनाने के लिए वर्णों का सरलीकरण किया गया । यहाँ पर श्रावण सावन, भाद्र भादौ, चन्द्र चंद, शृंगार सिंगार, कृष्ण कान्ह बन गये । इस तरह संस्कृत के बहुत से तत्सम तद्भव के रूप में प्रयुक्त होकर ब्रजभाषा में एक विशेष प्रकार की लोच ले आये । अपने लचीलेपन के कारण एक-एक शब्द के अनेक रूप बन गये । उदाहरणार्थ प्रिय के लिए पिय, पिया, पीतम, कृष्ण के लिए कान्ह, कन्हैया, आँख के लिए आँखिन, अँखियानि, अँखियन । ऐसे और बहुत से शब्द हैं । एक शब्द के विविध रूपों के कारण छन्दों और तुकों के बंधन को बहुत कुछ बाधा विहीन बना लिया गया ।

इस भाषा में प्रयुक्त होने वाले कारक चिह्नों के भी पर्याप्त पर्याय मिलते हैं । कर्ता की मुख्य विभक्ति ने है जो सकर्मक भूतकालिक क्रिया में कर्ता के साथ लगती है । इसके अतिरिक्त कई रूपों में उसके साथ पै, कौं या कौ आदि अन्य विभक्तियाँ भी लग जाती हैं । कर्मकारक में कौं को सौं आदि संप्रदान में को कौ

आदि, अपादान में ते, तें , अधिकरण में में, महं, पै आदि । विभक्तियों के इन सौष्ठव प्रदान किया है । इनके अतिरिक्त 'हि' विभक्ति अकेले ही अनेक विभक्तियों का काम चला देती है । इसलिए इसको डा०सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने एक सर्वनिष्ठ विभक्ति कहा है । इसके अलावा इस भाषा में निर्विभक्तिक प्रयोग की भी खुली छूट है, अपनी इन्हीं सुविधाओं के कारण ब्रजभाषा, के कवि इसको अधिकाधिक सुष्ठु मधुर, व्यंजक और लचकदार बना सके ।

ब्रजभाषा को संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश की समस्त भाव और शब्द संपदा उत्तराधिकार में मिली । इस अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध दाय को प्राप्त करना अपने-आप में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है । विकासशील और व्यापक काव्यभाषा होने के कारण इसने अन्य भाषाओं और बोलियों के शब्दों को ग्रहण कर अपने को और अधिक समृद्ध बनाया । राजस्थानी बुंदेलखंडी, अवधी, पूर्वी छत्तीसगढ़ी आदि अनेक बोलियों के बहुत से कोमल तथा व्यंजक शब्दों के आ जाने से इसकी अभिव्यंजना शक्ति बढ़ गई । अपनी उदार प्रवृत्ति के कारण इसने अरबी, फारसी जैसी विदेशी भाषाओं से भी शब्द चयन किया । इनमें से कुछ तो ब्रजभाषा के अंग हो गये पर कुछ की अपनी पृथक् सत्ता बनी रही । इनके कुछ उदाहरण उल्लेखनीय हैं ।

इनमें — जमुर्रद, गुल नहर गुलदावदी गुलाब, आबदार, किनारी, जोर, पनाह हमराही, सिपाही, पीर बजाइ, दरबार, गुनाह, मीर, तीर, कमान, रोजगार, रोज, खुदा, बंदगी, पसंदगी, कार बजा, दम, यार और दालान फारसी शब्द अविकृत रूप में आयेहैं। जब कि संदल जवाहिर, कहर, अजब, गजब, अजाब, मजलिस, महल, आमिल, फतूह, गनीम, आमखास, हाजिर, खबर, हिम्मत, आलम सैयद, तेग, जवाब, रजाइ, सलाम, गजब, गम, जब्र, ताला और करार मूल अरबी शब्द हैं । आगे बेस, पेस, सुमार, बेसुमार, परवा, आखिर, रंगरेज, अमेजे, गरद, दरद, करद, रौस जरी (जरतारी), नगारे, जेर बक्सी, साहनसाह, निवाज साहि, बखतर पोश, सफजंग, मजे बिलंद, मरद, बेदरद, गुनाहिन, निसान, पदाय अवसोस, दान और गुजारना क्रमशः बेश पेश शुमार बेशुमार परवाह आखिर रंगरेज़ आमेज़िस, गर्द दर्द कारद रविश ज़री नक्कारा ज़ेर बख्श शाहंशाह नवाज शाह बक्तर पोश, सैफ जंग मजः बलंद मर्द बेदर्द गुनाहगार निशान प्यादा, अफ़सोस दानः और गुज़र

इन फारसी शब्दों के तथा हौज हौस मुकाम मुकेस जहर सराबी नबाब तबीसा गरीब हजूर हुकुम अरज सैद बखत मसंद फौज हलके कदम और हक्क क्रमशः हौज़ हवस मक़ाम मुक्केश जह्र. शराबी नव्वाब तबीह ग़रीब हुज़ूर हुक्म अर्ज़ सैयद बख्तमसनद फ़ौज हल्कः क़दम और हक़ (हक्क) इन अरबी शब्दों के विकार हैं । चिक तुर्की के चिक़ का विकृत रूप है तथा बेगम फारसी के बे व अरबी के गम को मिलाकर बनाया गया है ।

उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि ब्रजभाषा में बहुत-सी भाषाओं और बोलियों के शब्द मिश्रित हैं । ब्रजभाषा की उत्पत्ति शौरसेनी अपभ्रंश से हुई है ।

मुसलमानों के आगमन के साथ ही उनकी भाषा और संस्कृति भी इस देश में आई । हिन्दी की प्रारंभिक अवस्था से ही उसमें अरबी और फारसी के शब्दों का प्रयोग होने लगा था । घुमक्कड़ी प्रवृत्तिवाले कबीर जैसे साधुओं की बात जाने दीजिए तुलसीदास जैसे भारतीय संस्कृति के पोषक ने भी अरबी फारसी के शब्दों का निःसंकोच प्रयोग किया । रीतिकाल में मुसलमानी सभ्यता और संस्कृति अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच गई थी और हिन्दू आचार-विचार पर उनकी गहरी छाया पड़ी । रीतिकाल के कई कवियों ने समय-समय पर मुसलमान राजाओं और रईसों का आश्रय ग्रहण किया । इसलिए इस काल की कविताओं में अरबी फारसी के शब्दों का अपेक्षाकृत अधिक प्रयोग हुआ । बिहारी, भूषण, रसलीन ग्वाल, आदि में इस तरह के शब्द काफी संख्या में पाये जाते हैं । इन शब्दों में कुछ तो ऐसे हैं, जो बोल चाल की भाषा के अभिन्न अंग बन चुके थे । और कुछ केवल साहित्य में ही प्रयुक्त होते थे । पहले प्रकार के शब्दों में कुबत चसमा जोर बेकाम नेजा शिकार कबूल निवाजिबो निसान हद हमाम (बिहारी), गुलाम जोहारे तिलास(तलाश), फिरादी (फरियादी), बेगारी, बहरि, गिरद(गिर्द), कसीस (कशिश), कहर (कहर), करामति (करामात)(दास), जरह दस्ताने तमक जाहिर फबत चिराग कसाला, कलाम (पद्माकर), आदि का उल्लेख किया जा सकता है । दूसरे प्रकार के शब्दों में इजाफा, बदराह, ताफ्ता, रोहाल, सेल, रकम जोर, अमिर, मलिंग, छाहगीर, सबी(शबीह) (बिहारी), महल मखमल किर्च, कज्जाक सरीक (देव), महुम (मुहिम्म), गलीम (गनीम), सफजंग गिलमैं गजक(पद्माकर), आदि की गणना जायेगी । पर कुल मिलाकर

कवियों की जीवनी

कवि-कालक्रम

[illegible]

कवि	कालक्रम
1. कृपाराम	1541 ई०
2. रसखान	1590-1675 ई०
3. भूषण	1613-1715 ई०
4. मतिराम	1617-1690 ई०
5. गंग	1643-1723 ई०
6. वृन्द	1643-1723 ई०
7. सेनापति	1649 ई०
8. बिहारी	1652 ई०
9. चिन्तामणि	1666 ई०
10. देव	1673-1730 ई०
11. जसवंत	1682 ई०
12. रसलीन	1699-1748 ई०
13. बेनी प्रवीन	1700 ई०
14. तोष	1705 ई०
15. भिखारी	1728-1750 ई०
16. घनानन्द	1746 ई०
17. आलम	1750-1770 ई०
18. सोमनाथ	1756-1817 ई०
19. नागरीदास	1756-1821 ई०
20. रघुनाथ	1797-1827 ई०
21. बोधा	1809-1815 ई०
22. पद्माकर	1810 ई०
23. ठाकुर	1823 ई०
24. ग्वाल	1848 ई०
25 चन्द्रशेखर	1855 ई०

कृपाराम

कृपाराम के सम्बन्ध में कुछ खास पता नहीं चलता । इनका जीवन-वृत्त सर्वथा अज्ञात है अतः निश्चित रूप से कुछ भी कह सकना कठिन है । हिततरंगिणी[1] की ओर सर्वप्रथम बाबू जगन्नाथदास रत्नाकर बी०ए० ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया था और उस ध्यानाकर्षण में इन्होंने चार पृष्ठों की एक सुविचारित भूमिका भी दी थी । इस भूमिका से निम्न तथ्यों पर प्रकाश पड़ता है :—

(1) हिततरंगिणी की रचना संवत् 1598 में समाप्त हुई और जायसी के पद्मावत के पूर्व ही

(2) अनुमानतः ये पश्चिमी प्रदेश के निवासी ब्राह्मण होंगे ।

(3) कृपाराम की रचना में ऐसा कुछ पता नहीं लगता कि इन्होंने काव्य क्यों और कहां किया । इनकी रचना में कुल दो नदियों का नाम आता है — यमुना और बेतवा — जिससे यह मानना पड़ता है कि इनका कार्य क्षेत्र यमुना व बेतवा के बीच रहा होगा । इन्होंने अपनी रचना के सम्बन्ध में निम्न बात कही — "हिततरंगिनी की रचना का उद्देश्य कवियों के लिए परम हित का प्रकाश है और यह रस का पूर्ण धाम है । बड़े छंदों में विस्तारपूर्वक कवि अब तक शृंगार रस का वर्णन करते रहे हैं । पर छोटे छंद दोहे तथा थोड़े आखर में ज्ञानपूर्वक सरस लक्षण युक्त उदाहरण के साथ आचार्य भरत[2] की साखी पर इस बहु अर्थ वाले सुन्दर ग्रंथ की रचना व्यापक अध्ययन एवं चिन्तनपूर्वक करने का दावा कवि का है ।

---

1. हिततरंगिणी (कृपाराम विरचित) शृंगार रस के विवरण का एक अनूठा और प्राचीन ग्रंथ बाबू जगन्नाथदास रत्नाकर (बी०ए०) द्वारा प्रकाशित, जिसको बाबू रामकृष्ण वर्मा ने निज यंत्रालय भारत जीवन में पाठकों के विनादार्थ मुद्रित किया । काशी भारत जीवन प्रेस, सं० 1952.

2. दरस मिलन रति की हिए इच्छा सो अभिलाष ।
रस सिंगार के बीच लखि भरत मुनी की साखि ।। — पृ०81, तरंग5, दोहा 377.

रसखान

रसखान जन्मजात मुसलमान होते हुए भी अपनी जाति धर्म और संस्कारों के साथ सांसारिक वैभव त्यागकर कृष्ण के निस्पृही भक्त होकर अनुपम काव्य धारा बहाई, जिसमें संतप्त हृदयों को सरसता प्राप्त होती रही, किन्तु खेद की बात है कि रसखान के जीवन वृत्त जानने के लिए उपयोगी सामग्री का सर्वथा अभाव है। इधर-उधर से प्राप्त स्फुट उल्लेखों के आधार पर इनके जीवन के घटनाओं का कुछ पता इतिहासकारों ने लगाने की चेष्टा की किन्तु अनेक आवश्यक बातों का विश्वस्त रूप से कुछ पता नहीं चल पाया। उनके वास्तविक नाम का भी पता नहीं चल सका। प्रेमबाटिका नामक ग्रंथ में रसखान ने अपने विषय में केवल चार दोहे लिखे हैं - 48, 49, 50 तथा 51 संख्या के :-

देख गदर हित साहिबी, दिल्ली नगर मसान।
छिनही बादसा बंस की, ठसक छोरि रसखान ।। 48 ।।
प्रेम निकेतन श्री बनही, आइ गोबरधन धाम।
लह्यो सरन चित चाहिकैं, जुगल स्वरुप ललाम ।। 49 ।।
तोरि मानिनी ते हियो, फोरि मोहिनी मान।
प्रेम देव की छबिही लखि, भयो मियाँ रसखान ।। 50 ।।
बिधु सागर रस इन्दु सुभ, बरस सरस रसखान।
प्रेमबाटिका रचि रुचिर, चिर हिय हरष बखान ।। 51 ।।

इससे स्पष्ट है कि राज्य लिप्साजन्य विप्लव के कारण दिल्ली नगर की श्मशानवत् दुर्दशा देखकर शाही वंश का गर्व क्षत्रमात्र में छोड़कर मानिनी मोहिनी प्रेयसी से अपना मन फेर कर रसखान ब्रज में आये एवं संवत् 1671 में प्रेमबाटिका की रचना की। मात्र इस उल्लेख के अतिरिक्त आत्म परिचय सम्बन्धी अन्य कोई बात इनकी रचनाओं में नहीं कही गई।

दो सौ बावन वैष्णव वार्ता के अनुसार रसखान पठान जी दिल्ली में रहते थे । वहाँ एक साहूकार का एक सुन्दर बेटा था । रसखान का मन उस लड़के से बहुत लगा था । उसी लड़के का जूठा खाना, उसीकी चाकरी करना व आठोपहर उसीके पीछे फिरा करते थे । अर्थात् उसीमें आसक्त रहते थे । इस प्रकार बड़े लोगों में इनकी बहुत निन्दा हुआ करती थी पर ये किसी की परवाह नहीं करते थे । एक दिन चार वैष्णव भगवत वार्ता कर रहे थे । उसी दौरान ऐसी बात किसी के मुँह से निकली कि भगवान में ऐसा चित्त लगाओ कि जैसे रसखान का चित्त साहुकार के बेटे से लगा हुआ है । रसखान के यह पूछने पर कि तुम मेरे विषय में क्या बात कर रहे हो तो उन्होंने सब बात बता दिया फिर तो रसखान ने भगवान का चित्र देखने की इच्छा जाहिर की । श्रीनाथजी का चित्र देखकर उनके दर्शन की इच्छा से वृन्दावन चल दिये और वहाँ सब मंदिर में घूम-घूम के दर्शन करने लगे पर उन्हें वह आनन्द नहीं आया । तब गोपालपुर में गये वहाँ ये पहचान लिये गये और लोगों ने इन्हें धक्का दे देकर निकाल दिया और ये गोविन्द कुंड पर रहे । तीन दिन अन्न जल बिना पड़े रहे । तब श्रीनाथ जी ने उन्हें दर्शन दिया और इधर गुसाईं जी को आदेश हुआ कि रसखान मेरा भक्त है, उसे शिष्य बना लो । श्री नाथ जी की आज्ञा से गुसाईं जी गोविन्द कुंड पर गये और उनको पुकारा । रसखान को एकबार फिर गुसाईं जी के रूप में श्रीनाथ जी के दर्शन हुए और तब से रसखान श्रीनाथजी में आसक्त हो गये ।

एक पाठ के अनुसार रसखान को सैयद पठान लिखा है । कथा में कुछ कल्पित अंश होते हुए भी इतना अवश्य पता चलता है कि ये दिल्ली के पठान थे बड़े प्रेमी जीव थे किसी घटनावश रातोरात घोड़े पर सवार होकर ब्रज पहुँचे और विट्ठलनाथ जी के शिष्य होकर कवित्त-कीर्तन द्वारा कृष्ण गुणगान करने लगे । चित्र द्वारा कृष्ण दर्शन की लालसा होने की बात वार्ता में बताई गई है, जिसका आभास इनकी कविता में भी मिलता है –

"प्रेम देव की छवि ही लखि भये मियाँ रसखान"

में यदि छवि शब्द का अर्थ चित्र लिया जाय तो वार्ता के विवरण की पुष्टि रसखान के इस दोहे से हो जाती है । छवि शब्द का साधारण अर्थ शोभा होता है किन्तु

हिन्दी तथा अनेक प्रादेशिक भाषाओं में इस शब्द का अर्थ चित्र भी होता है —

"या छवि पै रसखान अब वारौ कोटि मनोज ।
जाकी उपमा कविन नहि पाइ रहे सुखोज ।।
मोहन छवि रसखान लखि अब दृग अपने नाहि ।
ऐंचे आवत धनुष से छूटे सर से जाहिं ।। "

ऐसा भी कहा जाता है कि रसखान की एक प्रेयसी बहुत मानिनी थी । उससे असन्तुष्ट और दुखी हो ब्रज में चले आये । यह भी कहा जाता है कि एक बार श्रीमद् भागवत के फारसी अनुवाद में गोपियों का कृष्ण के प्रति प्रेम का वर्णन पढ़कर अथवा किसी कथाकार से सुनकर कृष्ण प्रेम में आसक्त होकर ब्रज में चले आये । वास्तव में दिल्ली नगर की भयंकर दुर्दशा से दुखी होकर अपने प्राण रक्षार्थ ही रसखान दिल्ली छोड़ ब्रज में आये थे । रसखान ने स्वयं इस तथ्य को बताया है अन्य सब कारण कल्पित ही जान पड़ते हैं ।

शेरशाह सूरी के मृत्यु के पश्चात् उसके बड़े पुत्र आदिल खाँ के स्थान पर छोटे पुत्र सलीमशाह उपनाम इसलाम शाह ने राज्य पर अधिकार कर लिया और उसी समय से राज्य लिप्सा जन्य गृह कलह का श्रीगणेश हुआ । सलीमशाह शक्की और ईर्ष्यालु निकला फलतः पुराने विश्वस्त सरदारों ने एक-एक कर उसका साथ छोड़ दिया । सलीम शाह अपने बड़े भाई की हत्या में सदैव प्रयत्नशील रहा । अतः आदिल खाँ को विवश होकर प्राणरक्षार्थ भागना पड़ा ।

शलीम शाह ने उसके पुत्र महमूद खाँ को नजरबंद किया व कुतुब खाँ सूर का दमन किया व अन्य कई सम्बन्धियों को दबाया । जलाल खाँ व उसके भाई का वध करवाया । फलतः शलीम शाह को मारने का षडयंत्र रचा जाने लगा । इसी बीच ग्वालियर में अचानक शलीम शाह बीमार पड़ा व वहीं सं० 1611 में (20 नवम्बर, सन् 1554 ई० में) मर गया । इस समय सलीम शाह का 12 वर्षीय पुत्र फिरोज को गद्दी पर बैठाया गया और तीन दिन बाद ही मुबारिजखाँ (जो शेरशाह का भतीजा शलीम शाह का चचेरा भाई और साला भी था) ग्वालियर

पहुँचा और अपने भांजे फिरोज को बड़ी क्रूरता से वध कर दिया और स्वयं मुहम्मद आदिलशाह (महमूद आदिल) का नाम धारण कर सं० 1611 में राज्य हस्तगत कर लिया पर इससे राज्य लिप्साजन्य हत्याकाण्ड का अन्त न हुआ ।

महमूद आदिलशाह ने सलीमशाह के समय के बाजार चौधरी के पद पर स्थित हेमू नामक एक हिन्दू को राज्य का पूर्ण कार्यभार सौंप दिया । हेमू का प्रभुत्व दिन-प्रतिदिन नित्यप्रति बढ़ने लगा, जिससे चिढ़ कर अन्य सरदारों ने विप्लव किया । महमूद आदिल शाह के चचेरे भाई और साले इब्राहिम खाँ ने राज्य हस्तगत कर महमूद आदिलशाह को पूर्व की ओर खदेड़ दिया उसने चुनार गढ़ में शरण ली और पूर्वी प्रदेश में थोड़ी बहुत सत्ता जमाये रखी । इस प्रकार कुछ महीने पहले प्राप्त राज्य सं० 1612 में खो बैठा ।

इसी समय पंजाब में अहमद खाँ ने इब्राहिम को फरा के युद्ध में 18 मार्च, 1555 में परास्त कर दिल्ली व आगरा हस्तगत कर लिया व सिकन्दरशाह नाम धारण कर गद्दी पर बैठा । यह भी शेरशाह का भतीजा था और महमूदशाह (पूर्व मुबारिज खाँ) का चचेरा भाई व साला था । इस विकट गृह कलह का सुअवसर पाकर हुमायूँ ने अपनी शक्ति पुनः संचित कर पंजाब के सरहिंद पर अधिकार कर लिया और दिल्ली की ओर कूच कर सं० 1612 (22 जुलाई, सन् 1555) में अपना खोया राज्य पुनः प्राप्त कर लिया । इस प्रकार नवम्बर, 1554 ई० से जनवरी, 1556 ई० के 15 मास के अल्पसमय में राज्य की लालसावश दिल्ली में ऐसा भीषण गृह-कलह हुआ कि सलीमशाह अदिलशाह इब्राहिमशाह और सिकन्दरशाह ये चार सुल्तान हुए और सभी अपनी राज्य सत्ता खो बैठे ।

इसी समय सं० 1612 (23 जनवरी, 1556 ई०) में पुस्तकालय की सीढ़ी से गिर कर हुमायूँ की अचानक मृत्यु हो गई और अकबर सं० 1612 (14 फरवरी, 1556 ई०) को गद्दी पर बैठा । उसने पठानों को खदेड़-खदेड़ कर अशक्त कर दिया और थोड़े समय में सबका दमन कर सूर वंश का नाम मिटा दिया ।

उपरोक्त इतिहास प्रसिद्ध गृहकलह को ही रसखान ने गदर का नाम दिया है । यह राज्य लिप्साजन्य परस्पर का कलह रसखान के निकट संबंधियों के बीच ही

हुआ था । वे स्वयं बादशाह वंश के पठान थे और संबंधियों में मारकाट मची देखकर व्याकुल हो गये थे । इसी वर्ष सं० 1612 में ही भीषण अकाल के कारण जनता की बड़ी दुर्दशा हुई । कहने का तात्पर्य यह कि रसखान सं० 1612 ई० की घटना से त्रस्त होकर अपने प्राण रक्षार्थ या संसार से विरक्त होकर दिल्ली छोड़ कर ब्रजवास किया ।

इस तरह यह पता चलता है कि इनका जन्म सं० 1590 के लगभग है । सं० 1612 के लगभग दिल्ली छोड़ ब्रज आये, 1627 के बाद विट्ठलनाथ जी के कृपापात्र हुए, 1634 से 1637 तक मानस की कथा सुनी, 1671 में प्रेमबाटिका की रचना की । 85 वर्ष की अवस्था में 1675 के आसपास इनकी मृत्यु हुई । इनकी शिक्षा-दीक्षा के बारे में कुछ भी पता नहीं चलता ।

भाषा :

भाषा व भाव के दृष्टि से रसखान का काव्य उत्कृष्ट श्रेणी का है । भाषा पर कवि का पूर्ण अधिकार पाया जाता है । इनके द्वारा प्रयुक्त ब्रजभाषा आदर्श मानी जाती है । फारसी अरबी के वही थोड़े से शब्द उपयोग में आये हैं जो ब्रजभाषा में पहले से ही आत्मसात हो चुके थे ।

भूषण

भूषण महाराज कान्यकुब्ज ब्राह्मण, कश्यप गोत्री त्रिपाठी (तिवारी) थे। इनके पिता का नाम रत्नाकर था। ये त्रिविक्रमपुर (वर्तमान तिकवापुर) में रहते थे। जो जिला कानपुर परगना व डाकखाना घाटमपुर में मौजा अकबरपुर बीरबल से दो मील की दूरी पर बसा है।

रत्नाकरजी श्रीदेवी जी के बड़े भक्त थे और उन्हींकी कृपा से इनके चार पुत्र उत्पन्न हुए - (1) चिंतामणि, (2) भूषण, (3) मतिराम और (4) नीलकंठ उपनाम जटाशंकर। यह बात प्रसिद्ध है कि भूषण जी पहले अपढ़ और निकम्मे थे बाद में इन्होंने विद्याध्ययन में बहुत चित्त लगाया और थोड़े दिनों में कविता करने लगे। इनकी भाषा विशेषतया ब्रजभाषा है। प्राकृतवत् भाषा और ब्रजभाषा के अतिरिक्त भूषण ने कहीं-कहीं बुन्देलखंडी तथा खड़ीबोली का भी प्रयोग किया है, इसके अलावा अपनी कविता में यत्र-तत्र फारसी के असाधारण शब्द रखे हैं जैसे - जाबत करनहारे व तुजुक (शि०भू०न 38), दरियाव (शि०भू०न० 108), गाजी ज्वान तुजुक व इलाम (शि०भू०न० 198), मुहीम (शि०भू०नं० 180), बेइलाज (शि०भू०न०279), गुस्लखाना सिलहखाना हरम खाना, शुतुरखाना, करंजखाना व खिलवतखाना (शि०भू०न० 361) इत्यादि। इससे विदित होता है कि भूषणजी फारसी भी जानते थे, परन्तु अच्छी तरह नहीं, क्योंकि उपर्युक्त उदाहरणों में इन्होंने जाबता करनहारे हलाम तथा बेइलाज का प्रयोग वे मुहाविरे किया है, उपर्युक्त उदाहरणों के अतिरिक्त निम्नलिखित छंदों में फारसी के असाधारण शब्द आये हैं। इनमें कइ स्थानों पर शब्दों का अशुद्ध प्रयोग है। शिवराज भूषण छंद नं० 34, 103, 114, 159, 209, 242, 258, 283, 299, 315, 360; शिवाबावनी - छंद सं० 2, 6, 10, 14, 17, 20, 21, 22, 23, 29, 30, 33, 34, 40, 41; छत्रसाल दशक छन्द सं० 10.

यदि इन कवि के कुल शब्द गिने जायें तो अन्य अनेक ग्रंथ रचने वालों की अपेक्षा इनका शब्द समूह बड़ा ठहरेगा ।

भूषण जी दरबारी कवि थे, इन्होंने कई राजाओं का आश्रय ग्रहण किया है, जो निम्न है :—

(1) हृदयराम सुत रुद्रराम सोलंकी महोबा निवासी (सं० 1723)
(2) कुमायूं नेश ज्ञानचन्द्र (सं० 1757-65)
(3) फतेहशाह गढ़वाल नरेश सं० 1741-1773.
(4) शाहूजी भोसले सं० 1765-1805.
(5) बाजीराव पेशवा सं० 1770-1792.
(6) महाराजा अवधूत सिंह (सं० 1757-1812).
(7) सवाइ जयसिंह जयपुर नरेश (सं० 1765-1800).
(8) चिंतामणि चिमनाजी (सं० 1790).
(9) महाराजा छत्रसाल पन्ना नरेश सं० 1788-1789.
(10) राव बुद्ध सिंह बूंदी नरेश (सं० 1764-1805).
(11) दाराशाह (सं० 1716 तक)
(12) भगवंतराय खीची असोथर नरेश (सं० 1740-1797)
(13) शिवाजी महाराज

मतिराम

महाकवि मतिराम अत्यन्त भ्रमणशील थे, जिसका संकेत ग्रियर्सन ने किया भी है, इन्हें अनेक दरबारों में जाने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ था किन्तु राव भाऊसिंह के आश्रय को छोड़कर कहीं अधिक दिन तक टिके नहीं। यश एवं अर्थ लाभ की इच्छा से प्रत्येक कवि एवं कलाकार मुगलों की सरकार तक पहुंचने का प्रयत्न करता था अपने कविता काल के प्रारंभिक काल में मतिराम ने भी ऐसा प्रयत्न किया था और परिणाम स्वरूप जहांगीर बादशाह की आज्ञा से उन्होंने फूलमंजरी नामक ग्रंथ भी लिखा किन्तु जहांगीर के दरबार में टिकने का उनके सम्बन्ध में कोई प्रमाण नहीं मिलता इनके प्रधान आश्रयदाता बूंदी के महाराजा भाऊ सिंह थे। जहां वे अधिक काल तक रहे।

(2) मतिराम श्रीनगर के फतेहशाहि बुन्देला के यहां भी रहे और इन्हीं के नाम से छन्दसार पिंगल नामक एक ग्रंथ रचा।

(3) मतिराम का कुमायूं के राजा उद्योत चन्द्र के यहां भी रहना बताया जाता है।

(4) बुन्देला छत्रसाल के यहां भी गये थे। यह पं० मायाशंकर याज्ञिक ने अपने 'मतिराम और भूषण' नामक माधुरी पत्रिका में लिखे लेख में एक ऐसा भी छंद उद्धृत किया है, जिससे इनका छत्रसाल बुन्देला के यहां जाना प्रमाणित होता है।

(5) कविवर मतिराम किसी भोग राजा के संपर्क में भी आये थे, जिसकी प्रशंसा उन्होंने मतिराम सतसई में की है।

<u>कवि मतिराम द्वारा रचित ग्रंथ</u> : (1) फूलमंजरी, (2) रसराज, (3) छन्दसार, (4) ललित ललाम, (5) साहित्यसार, (6) मतिराम सतसई, (7) लक्षण शृंगार, (8) अलंकार पंचाशिका। ये 8 ग्रंथ प्रामाणिक माने जाते हैं।

मतिराम दरबारी कवि थे अतः अन्य दरबारी कवियों की भांति इनकी भाषा में भी अरबी फारसी के शब्द देखने को मिलते हैं। मुसलमानों के संपर्क में आने के कारण हिन्दी भाषा से जिन विदेशी शब्दों का मेल हो रहा था, उनका प्रभाव मतिराम की कविताओं पर भी पड़ा है, यही कारण है कि उनकी कविताओं में यथा-स्थान अरबी के शब्द काफी संख्या में पाये जाते हैं। खलक दरियाव बखत साहपातसाह उमराव भोज दरियाव दीवान दिवाल सुल्तान सुबनि गरीबी गनीम बरगीन हजीव तलफत बक्सैया सुल्तानी बिलन्द गरद गुमान जहान अकसिबो बकसिबो फतुहै मजलिस रोज चिरावे[1] तथा हरामी मखतूल और दया दरियाव[2] आदि विदेशी शब्द ललित ललाम और सतसई में विराजमान हैं।[3]

---

1. ललित ललाम : छं०सं० 49, 52, 66, 373, 392, 41, 52, 58, 69, 172, 103, 131, 163, 165, 250, 373, 378.
2. मतिराम सतसई : छं० सं० 40, 137, 535.
3. महाकवि मतिराम : त्रिभुवन सिंह।

गंग

गंग का जीवन चरित्र हिन्दी-साहित्य को ज्ञात नहीं है । जो जानकारी है वह इतनी ही कि गंग अकबर के समकालीन थे और किसी राजा या नबाव की आज्ञा से हाथी के पैरों तले कुचलवा दिये गये थे । समाज में एक लोकोक्ति भी प्रचलित है 'बातें हाथी पाइये बातें हाथी पांव' । क्या आश्चर्य कि यह गंग कवि की मृत्यु से ही जन्मी हो ।

गंग ब्राह्मण भट्ट थे । यह निर्विवाद है । उनकी रचनाओं में भी भट्ट शब्द का व्यवहार है और बंदीजन परंपरा से ऐसा मानते भी आये हैं, दूसरे और कोई उन्हें अपनी जाति का नहीं बताता । उन्होंने याचक वृत्ति ग्रहण की थी और वे कीर्ति गाकर धनोपार्जन करते थे यह उनकी रचना से प्रमाणित है, जो भाट का धर्म है, उनके ऐसे कई छंद मिलते हैं, जिनमें याचना भाव का उल्लेख है, ब्राह्मण का अनादर इन्हें सह्य नहीं था ।

गंग के जन्मस्थान के विषय में निश्चित पता नहीं चलता है, उनकी जन्मभूमि निश्चित रूप से नहीं बताइ जा सकती । गंग का कोई वंशज भी नहीं मिलता कि कुछ अनुमान किया जा सके । गंग का अधिकांश जीवन दरबारदारी में ही बीता था मरे भी वे दरबार में ही । अतः उनका कोई निश्चित स्थान नहीं प्रकट होता । समय — अनुमान यही होता है कि कवि गंग का सम्बन्ध दरबारों से संवत् 1635 के पूर्व नहीं हुआ । जहांगीर के समय में उनका मरना निश्चित है ।

गंग जिस युग में हुए ऐतिहासिक दृष्टि से और साहित्यिक दृष्टि से भी वह युग भारत के नवोत्थान का युग था । राजनीति में एक ओर नवीन राजवंश अपनी सज धज और गौरव गरिमा के स्थापन में लगा था । साहित्य में दूसरी ओर भक्ति को नव स्फूर्ति से अनुप्राणित काव्यधारा समस्त देश के सेचन करने के निमित्त बढ़ रही थी । अकबर एक ओर अपने ठाट-बाट एवं ऐश्वर्य से सबकी आंख चकाचौंध

कर रहा था दूसरी ओर जनता की सुख समृद्धि का चिंतन तथा धर्म भावना का आदर कर उसने सबके हृदय में घर बना लिया । मुगलिया शासन के प्रारंभ की इस प्रवृत्ति का देश पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा । अकबर की इस नीति ने देश के सर्वतोमुखी (व्यापक) विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया था । उसके राजसी वैभव एवं मुक्तहस्तता ने भावना के क्षेत्र में विलासिता और शारीरिक सुखोपभोग के साधनों की वृद्धि के साथ-साथ साहित्यिक एवं कलात्मक प्रवृत्तियों को भी अत्यधिक प्रोत्साहित किया । उसके आश्रय में संगीत चित्र कला आदि तो खूब सजी-संवरी ही साहित्य को भी कल्पतरु का सहारा मिल गया । फारसी अरबी के कवियों और विद्वानों के साथ हिन्दी के कवियों एवं पंडितों का भी शाही दरबार में आदर होने लगा । अकबर के नवरत्नों में खानखाना, बीरबल आदि स्वयं उच्चकोटि के कवि थे जो दूसरे कवियों को सदैव प्रोत्साहित करते रहते थे ।

अकबर दरबार का रंग-ढंग कुछ निराला था वहाँ एक ओर तो शृंगार की धारा बह रही थी । संयोग और वियोग के चित्रण में नायक नायिकाओं के प्रेम की नव-नव परिस्थितियों एवं चेष्टाओं की उद्भावनाएं हो रही थीं । दूसरी ओर अकबर स्वयं पैगम्बर बनना चाहता था । अतः शाही दरबार की काव्य सरिता में दोनों रंगों की मिलावट अवश्यम्भावी थी । उस दरबार में जितने कवि मिलते हैं, सबने शृंगार की भी कविता की है और शांतरस की भी । शांतरस की कविता से तात्पर्य नीति वैराग्य आदि से सम्बन्धित कविता से है ।

उन दिनों हिन्दी साहित्य में कई प्रकार के कवि मिलते हैं :—

(1) जो नाथपंथियों की परंपरा से निर्गुण संत मत की भावना एवम् विचारधारा से ओतप्रोत थे, उन्हें वेदान्त की तरह की बातें अधिक पसन्द थी ।

(2) सूफी संप्रदायवादी मुख्यतः मुसलमान कवि थे, जिनके विचार इन्हीं से कुछ मिलते-जुलते तो अवश्य थे, पर प्रेम का पुट उनमें विशेष था और उनका सारा ब्रह्मज्ञान उसीमें घुसा हुआ था ।

(3) जो भागवत धर्म के अनुयायी थे और पुरानी वैदिक परंपरा में थे, इनमें भक्ति की प्रधानता थी । ये भक्त ऐसी नवीन चेतना लेकर अवतरित हुए थे

जिसमें प्रेम व ब्रह्मज्ञान दोनों का समन्वय तो था ही साथ ही संतों और सूफियों में कालान्तर में जो दोष आ गये थे, उनसे बचने की भी भावना थी, इसलिए इन कवियों पर पुराणों का विशेष प्रभाव दृष्टिगोचर होता है ।

(4) वे कवि थे, जो राजदरबारों में रहते थे उनमें भौतिकता अधिक थी चाहे यह कहा जाय कि जीविका के लिए ये राज दरबारों में थे चाहे यह कहा जाय कि ये काव्य को सांप्रदायिक धर्म भावना का अनुगामी बनाकर नहीं ले चलना चाहते थे, उसके शुद्ध भावनात्मक रूप को ही प्रधानता देते थे । हर हालत में यह तो मानना ही पड़ेगा कि इन कवियों की रचनाओं में यत्र-तत्र चाहे राजनीति का कुछ प्रभाव भले ही दिखाई देता हो, शुद्ध काव्य का रूप लेकर चलने वाले ये ही कवि थे, इनमें भी दो प्रकार के कवि थे —

(अ) जो चारण या बंदीजन कहे जाते हैं । इनका मुख्यतया काम था समय-समय पर आश्रयदाताओं की कीर्ति गाना उससे सम्बन्धित या और कोई बहुत बड़ी ऐतिहासिक घटना के विवरण सन् संवत् आदि छंदों में इस उद्देश्य से बांधना जो तत्काल तो स्तुति का ध्येय सिद्ध करे और भविष्य में इतिहास का काम दे । ऐसी रचनाएं प्रायः छप्पयों, कवित्तों आदि में होती थीं और किसी प्रसंग के दो-चार छंदों से अधिक नहीं होती थी । किन्तु मुगल दरबार के चारण कवियों में जिनके सरदार नरहरि गंग आदि थे, इतिहास लेखन की यह प्रवृत्ति नहीं थी । इसका एक कारण यह भी था कि विदेशी शासक अपनी पैतृक मातृभाषा फारसी में ही इतिहास लिखाना विशेष पसन्द करते थे ।

दरबारों में रहने वाले दूसरे प्रकारों के कवि वे थे जो शुद्ध काव्य की रचना में प्रवृत्त थे । काव्यशास्त्र में पारंगत विद्वान थे उनका उद्देश्य था किसी संप्रदाय या वाद के प्रवाह में न बहना । ऐसे कवियों के सरदार हुए केशवदास आदि, जिन लोगों ने रसिकप्रिया कविप्रिया आदि काव्य के अनूठे ग्रंथ लिखे । इसका यह अभिप्राय नहीं कि इन कवियों ने अपने आश्रयदाताओं की प्रशस्ति की ही नहीं । इन लोगों ने वह भी किया और जहां जितनी आवश्यकता थी, वहां उतना किया

केवल उसीको सब कुछ मान कर नहीं चले इन लोगों ने अपने ग्रंथों के आदि-अंत में और कभी-कभी बीच-बीच में भी जब आश्रयदाता की प्रशस्ति का अवसर आया, तब उनकी प्रशस्ति अवश्य ही की । केशवदास जी ने आवश्यकता पड़ने पर जीवन चरित या इतिहास के अतिरिक्त शुद्ध यशगान भी किया, जैसे जहाँगीर जसचन्द्रिका में पर इनका महत्व उस चन्द्रिका के कारण उतना नहीं है, जितना कविप्रिया रसिकप्रिया और रामचन्द्रिका के कारण है ।

गंग कवि में दोनों ही प्रवृत्तियाँ थीं वे चारणों की भाँति यशगान भी करते थे प्रशस्ति के फुटकल छंद भी लिखते थे और नायिका भेद की परिपाटी पर शृंगार रस की रचनाएँ भी प्रस्तुत करते थे । अकबरकालीन कविता की सारी प्रवृत्तियाँ उनमें मिलती हैं । क्या नीति के, क्या भक्ति के, क्या संयोग के, क्या वियोग के, क्या प्रशस्ति के, क्या और किसी प्रकार के सभी विषयों के छंद उनकी रचना भण्डार की शोभा बढ़ा रहे हैं और सभी में उनकी नवीनता लक्षित होती है । अधिकार व्यक्त होता है । अकबर दरबार के राजा बीरबल जिस प्रकार हास्य विनोद के प्रतीक माने जाते हैं, किसी को विनोद का कोइ चुटकुला कहना हुआ चट से अकबर बीरबल का हिस्सा गढ़ लिया, उसी प्रकार शृंगार के क्षेत्र में किसी को कोई अनोखी सूझ व्यक्त करनी हुई तो तुरंत गंग कवि की आड़ ले ली । नीति के दोहों के बीच जैसे "कहै कबीर सुनो भाइ साधो" का प्रचलन है, वैसे ही कवित्त और सवैयों के बीच "कहै गंग या गंग कहै सुनि साह अकब्बर" की प्रसिद्धि है ।

भाषा के प्रयोग में कवि गंग आदर्श माने जाते रहे हैं । दास कवि की यह उक्ति "तुलसी गंग दुवो भये सुकविन के सरदार" हिन्दी कविता के लिए बहुत उपयुक्त है । तुलसी दरबार के बाहर भक्ति एवम् काव्यभाषा के प्रतिमान हैं और गंग दरबारी कविता के । हिन्दी के दरबारी कवियों ने तो शृंगार के साथ अद्भुत चमत्कार का ऐसा मेल किया है कि कहीं-कहीं चमत्कार के घटाटोप में शृंगार ही खो गया है । गंग का समय ही ऐसा था जब इस प्रकार की अतिरंजित उक्तियों की ही सर्वत्र पूछ थी । मुसलमानी बादशाहत फारसी के कलामों की कायल थी, अतः हिन्दुस्तानी कविता भी उसके सुर में अपना सुर मिलाने के लिए बाध्य थी ।

यों तो हिन्दी की पूर्वजा संस्कृत प्राकृत आदि भी ऐसे चमत्कारों से भरी हैं, किन्तु हिन्दी में इस प्रवृत्ति को सद्यः उकसाने वाली बादशाही रुचि ही थी, जो विदेशी थी। हिन्दी ने बादशाही रुचि तो रख ली पर अपनी परंपरा नहीं छोड़ी। कवि गण बुलबुल और नरगिस के चक्कर में न पड़कर सुमधुर कोयल और कमनीय कमल के ही वन में रसास्वादन करते रहे जो बड़े सौभाग्य की बात हुई। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी सभ्यता और शिष्टता से फारसी की गंदगी भी साफ कर दी।

ये कवि उस युग में थे, जिसमें फारसी का चलन हो गया था, कहा जाता है, कि अकबर ने दरबारी अधिकारी टोडरमल ने राजकाज के लिए फारसी को ग्रहण किया यों भी मुसलमान बन्धुओं के आगमन के अनन्तर जन समाज में फारसी के विविध शब्द फैल रहे थे। संक्रान्ति काल में यहां की सर्वमान्य देशी-भाषा, सर्वग्राह्य संस्कृत भाषा और फारसी भाषा के पर्यायवाची शब्दों को लेकर कोशों का निर्माण किया गया। ये कोश फारसी लिपि और नागरी लिपि दोनों में पर्याप्त संख्या में लिखवा कर और ऊँटों पर लदवा कर वितरित किये जाते थे। इनके प्रचार व प्रसार से दोनों भाषाओं के ज्ञाताओं को ग्राह्य भाषा के पर्याय-वाचक शब्दों का ज्ञान हो जाता था। जनता सुभीते के लिए दोनों भाषाओं के शब्दों को यथास्थान एक साथ प्रयोग में लाने लगी इसी प्रवृत्ति के अवशेष धन-दौलत, हर एक, ब्याह-शादी आदि अनेक शब्द युग्मक जो अब भी जनता की जीभ पर नाच रहे हैं। यह स्थिति विदेशी भाषा के शब्दों को ही लेकर नहीं हुई पंजाबी भाषा व हिन्दी के शब्दों को भी लेकर हुई। खड़ीबोली में प्रचलित शब्द दिन दहाड़े प्रयोग में दहाड़े शब्द पंजाबी का है और उसका अर्थ दिन ही है। शब्द दहाड़ा है सप्तमी के बोध के लिए वह दहाड़े हो गया है। कहने का तात्पर्य यह कि भाषाओं के मेल की प्रवृत्ति सुभीते के लिए जनता की बोल-चाल तक में हो गई थी। कवि भी अपनी रचना में चमत्कार के लिए दोनों भाषाओं के शब्दों को मिलाकर प्रयोग करने लगे थे शब्दों की तो बात ही पृथक् है। भाषा समक की यह प्रवृत्ति अमीर खुसरो के नाम से प्रचलित कुछ छंदों में

तो है ही। रहीम कवि के नाम से प्रख्यात कुछ रचनाओं में भी है । इसका संकेत यह है कि मुसलमानी शासन की स्थापना के साथ ही इस प्रवृत्ति का उदय हुआ, पर यह न समझना चाहिये कि यह उद्भावना उसी युग की है, इसका चलन बहुत पहले से जान पड़ता है । संस्कृत में कुछ रचनाओं का पता चलता है, जिनमें कई देशी भाषाओं का मेल रहा करता था । इस प्रकार की शैली का उल्लेख चौदहवीं शताब्दी के महापात्र विश्वनाथ ने अपने साहित्य-दर्पण में किया है और उसके उदाहरणों के लिए उन्होंने अपने पूर्वजों की रचना का संकेत किया है । अन्तर यह है कि हिन्दी में चलन जिस शैली का हुआ वह सरल है । संस्कृत में यह शैली कठिन थी । संस्कृत में एक ही शब्दावली विभिन्न भाषाओं में ज्यों की त्यों काम देती थी, पर हिन्दी में ऐसा नहीं है । यहाँ दोनों भाषाओं की पदावली का नियोजन पृथक्-पृथक् होता है ।

उस युग के दरबारी कवि अपनी जानकारी का प्रदर्शन विविध भाषा के ज्ञान द्वारा तो किया ही करते थे, विभिन्न भाषाओं के शब्दों के प्रयोग द्वारा भी किया करते थे । इनकी ब्रजी की रचनाओं में फारसी के चलित प्रचलित शब्दों का प्रयोग तो बेधड़क होने ही लगा था । (गंग का छंद नं0 236) ।

"कोपि कसमीर ते चल्यो है साजि वीर - - -
लंका को मुहीम है ।"

साथ ही खड़ीबोली के प्रयोग भी यदा-कदा हो जाते थे । कुछ कवि भ्रमवश यह समझने लगे थे कि खड़ीबोली मुसलमानों की भाषा है । अतः वे उसका प्रयोग मुसलमानों के प्रसंग में ब्रजी के बीच में कर दिया करते थे। कुछ कवि ब्रजी और खड़ी दोनों को मिला देते थे । ब्रजी और खड़ीबोली दोनों ही पछाही भाषाएँ हैं ।

वृन्द कवि

वृन्द का काल सन् 1643 से 1723 तक है । वृन्द रीतिकाल के कवि थे । वृन्द ने प्रत्यक्ष रूप से अपने सम्बन्ध में कहीं कुछ नहीं कहा है । कुल मिलाकर उनकी कृतियों के द्वारा जो भी संकेत मिलते हैं, उनका आधार है कृतियों के आदि या अन्त में दिये गये रचना काल, रचना स्थान तथा उनके उन आश्रयदाताओं का उल्लेख जिनके आदेश पर ये लिखी गयी हैं । अंतः साक्ष्य के आधार पर मुख्य रूप से कवि के जीवनी से सम्बन्धित तीन तथ्यों पर प्रकाश पड़ता है :—

(1) वृन्द ने दक्षिण में औरंगाबाद, उत्तर में अजमेरपूर्व में ढाका आदि स्थानों की यात्रा की थी । अतः देश-विदेश का पर्याप्त अनुभव रहा होगा ।

(2) दूसरे इनके आश्रयदाताओं का पता चलता है ये थे अजमेर के सूबेदार मिरजा कादरी, बंगाल के सूबेदार शाह अजीमुश्शान जो औरंगजेब का पौत्र था तथा किशनगढ़ के महाराजा मानसिंह ।

(3) तीसरा ये मेड़ता निवासी थे ।

बहिः साक्ष्य के अनुसार 'इतिहास राजस्थान' में स्व0 बारैठ राम नाथ जी रत्नू ने लिखा है "सुप्रसिद्ध ग्रंथ वृन्द सतसई के कर्ता कवि मेड़ता निवासी बादशाह के पास रहा करते थे । वहाँ से राजसिंह जी उनको अपने पितामह रूप सिंह जी का इतिहास छन्दबद्ध करवाने के लिए किशनगढ़ लाये । वृन्द जी बहुत उत्तम कवि थे ।"[1]

---

1. स्व0 बारैठ रामनाथ जी रत्नू कृत इतिहास राजस्थान, पृ0 220.

"हिन्दी साहित्य का इतिहास" में रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है कि (पृ/327) ये मेड़ता (जोधपुर) के रहने वाले थे और किशनगढ़ नरेश महाराजा राजसिंह के गुरू थे। संवत् 1761 में ये शायद किशनगढ़ नरेश के साथ औरंगजेब की फौज में ढाके तक गये थे।"

वृन्द के पिता को मूलतः बीकानेर निवासी बताया जाता है। इनके पिता द्वारा बीकानेर छोड़ने के बारे में एक किंवदन्ती बताई जाती है, कि जब उनको सुदीर्घ अवस्था तक भी कोई सन्तान नहीं हुई तब उन्होंने पुत्र कामना से गायत्री मंत्र व गोपाल सहस्रनाम के पाठ का अनुष्ठान किया तथा जगन्नाथपुरी व हिंगलाज देवी की पैदल यात्रा की वहाँ पर उन्हें सन्तान होने का स्वप्न हुआ। किंतु इसमें स्थान बदलने की शर्त थी, इसीसे यात्रा से लौटकर वे अपनी सहधर्मिणी के साथ बीकानेर से मेड़ता चले आये और यहीं पर वृन्द जी का जन्म हुआ। मेड़ता बीकानेर से निकट पड़ता है, संभवतः इसी वजह से ये मेड़ता ही आये।

मेड़ता कवि की जन्म भूमि होने पर भी उनका कवि कर्म किसीक्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं था वे अपने आश्रयदाताओं के साथ सतत यात्रा करते रहे। ये देवरा या देवलिया गोत्र के शाकद्वीपीय ब्राह्मण थे। वृत्ति से ये लोग या तो पौरोहित्य करते थे या अध्यापन कार्य। प्रधानतः ये लोग ओसवालों का पौरोहित्य ही करते थे उनके मंदिरों में पूजा करते विवाहादि मांगलिक कार्य कराते और आशीर्वाद देकर नेग-दस्तूर लेते थे।[2]

ऊपर लिखी जन्म सम्बन्धी किंवदन्ती से पता चलता है कि वृन्द के पिता परम ईश्वर भक्त और आचारनिष्ठ ब्राह्मण थे। वृन्द का अक्षरारम्भ सम्भवतः घर पर पिताजी ने ही कराया था। पश्चात् विद्याध्ययन के लिए उन्हें काशी भेजा गया। वृन्द के आरंभिक जीवन में उनके पौरोहित्य कर्म की सूचना मिलती है।

---

1. वृन्द विशेषांक पृ० 9-10, वृन्द सतसई, पृ० 2-3.
2. दे० राजस्थान की जातियाँ : बजरंग लाल लोहिया, पृ० 111-112.

इनकी प्रारंभिक रचना रचना काल संवत् 1725 बारहमासा और सम्मेत शिखर छन्द में आदि जिनेश्वर का महात्म्य और पूजा वर्णन किया गया है । संवत् 1728 में जोधपुर दरबार में सम्मानित होने और इसके बाद सं० 1730 में तो स्थाई रूप से दिल्ली दरबार से सम्बद्ध हो जाने का उल्लेख मिलता है ।[1] ये स्थाई रूप से औरंगजेब के दरबारी कवि थे किन्तु बादशाह ने भी उन्हें अपने पौत्र अजीमुश्शान को सौंप दिया था । पंडित श्रीकृष्ण शुक्ल के अनुसार ये अजीमुश्शान के अध्यापक नियुक्त हुए थे । दूसरी ओर जिन नवाब मुहम्मद खां ने औरंगजेब के दरबार में इनका प्रवेश कराया था, कहते हैं कि उन्होंने स्वयं ही इनसे काव्य शिक्षा ली थी ।[2]

नवाब मुहम्मद खां अजमेर के सूबेदार थे । वृन्द विशेषांक के अनुसार वृन्द कवि इनके पुत्र मिरजा कादरी के कन्या के भी कुछ समय तक शिक्षक रहे और उसको पढ़ाने के निमित्त ही उन्होंने शृंगार शिक्षा नामक ग्रंथ की रचना की थी ।[3]

ये किशनगढ़ नरेश महाराजा राजसिंह के गुरु थे । दिल्ली में रहते हुए सं० 1738 में किशनगढ़ के महाराजा मानसिंह के द्वारा इनके सम्मानित होने का उल्लेख मिलता है ।[4] आगे चलकर उन्होंने राजसिंह के पुत्रों के लिए हितोपदेश का भाषानुवाद करके उनको पढ़ाया था ।[5] इस प्रकार अध्यापन ही वृन्द जी की प्रधान वृत्ति दिखलायी पड़ती है । वृन्द जी एक कुशल नीतिज्ञ भी थे अध्यापक एवं नीतिकार के सम्मिलित गुण ही वे मूल आधार थे जिनके कारण उन्हें राज्याश्रय प्राप्त हुआ । वृन्द के अनेक आश्रयदाताओं के होने का पता

---

1. वृन्द सतसई, पृ० 3.
2. वही, पृ० 3.
3. वृन्द विशेषांक, पृ० 19.
4. वृन्द विशेषांक, पृ० 15.
5. वही, पृ० 26.

चलता है — (1) महाराजा जसवन्त सिंह, (2) औरंगजेब, (3) अजीमुश्शान, (4) अजमेर के सूबेदार मिर्जा कादरी तथा किशनगढ़ के महाराजा मानसिंह व राजसिंह ।

(1) महाराजा जसवन्त सिंह :

वृन्द विशेषांक के अनुसार[1] विद्याभ्यास समाप्त करके जब वृन्द जी काशी से लौटे तब आपको लेकर आपके पिता जी जोधपुर नरेश महाराजा श्री जसवंत सिंह जी के दरबार में उपस्थित हुए । यही आपके प्रथम आश्रयदता थे । परन्तु आश्रय पाने का कारण स्पष्ट नहीं है । यहाँ ये अधिक समय तक नहीं रहे, क्योंकि 1730 में इनके दिल्ली चले जाने का उल्लेख मिलता है ।

(2) औरंगजेब व अजीमुश्शान :

डा० मेनारिया जी ने लिखा है कि महाराजा जसवन्त सिंह ने इनका परिचय मुगल सम्राट् औरंगज़ेब के कृपा पात्र वजीर नवाब मुहम्मद खाँ से कराया इन्हीं नवाब के द्वारा बादशाह के दरबार में उनका प्रवेश हुआ । औरंगजेब के दरबार में अरबी फारसी के आलिमों के अतिरिक्त चिन्तामणि जैसे हिन्दी के पंडित कवि भी रहते थे । जैसा कि कवि वृन्द की वृत्ति के प्रसंग में कहा जा चुका है औरंगजेब का राज्याश्रय पाने का प्रधान कारण उनका अध्यापक और नीतिकार का सम्मिलित गुण अथवा व्यक्तित्व ही था । इसीसे शीघ्र ही ये अजीमुश्शान के अध्यापक (अथवा अभिभावक) नियुक्त करके उसको सौंप दिये गये । तब से वृन्द जी नियमित रूप से उसीके साथ रहने लगे । पं० रामनरेश त्रिपाठी के अनुसार[2] — "यह (अजीमुश्शान) ब्रजभाषा और उर्दू का अच्छा कवि और कवियों का आश्रयदाता था" । पीछे जब वह बंगाल का सूबेदार बन कर चला गया तो अपने साथ इन्हें भी लेता गया और ये उसीके साथ ढाके में रहने लगे । सं० 1764

---

1. वृन्द विशेषांक पृ० 11.

2. कविता कौमुदी भाग 1, पृ० 454.

में औरंगजेब के पुत्रों के बीच हुए उत्तराधिकारी युद्ध में राजसिंह (जो गत वर्ष पिता की मृत्यु के बाद अब किशनगढ़ के राजा हुए थे) अजीमुश्शान के पिता बहादुरशाह की ओर से हरावल फौज से लड़कर विजयी हुए । इस विजय के फलस्वरूप बहादुरशाह जफर ने महाराजा राजसिंह को उमदये राजहाय बुलन्द मकान महाराजा बहादुर की पदवी देकर सम्मानित किया और उनके मांगने पर पुरस्कार स्वरूप वृन्द कवि को उन्हें सौंप दिया तब से उनका मुगल बादशाह से सम्बन्ध टूट गया ।

(3) <u>मिरजा कादरी</u> :

इनके तीसेर आश्रयदाता थे । अजमेर के सूबेदार नवाब मुहम्मद खाँ के पुत्र मिरजाकादरी ने इनकी योग्यता का आदर करके इन्हें अपनी कन्या के शिक्षण के लिए नियुक्त किया इसी सम्बन्ध में मिरजा कादरी उनके आश्रयदाता थे । यह भी उतने ही समय के लिए जब तक ये उनकी कन्या को पढ़ाते रहे ।

(4) <u>किशनगढ़ के महाराजा मानसिंह व राजसिंह</u> :

इनके अन्तिम और प्रमुख आश्रयदाता थे किशनगढ़ के महाराजा राजसिंह । दिल्ली राज्य के अधीनस्थ राजा समय-समय पर दिल्ली जाया करते थे । अध्यापक के रूप में वृन्द जी की ख्याति हो चुकी थी फलतः महाराजा मानसिंह ने भी इनकी योग्यता का सम्मान करके अपने पुत्र की शिक्षा के लिए इन्हें योग्य समझा। किन्तु ये शाही परिवार से स्थायी रूप से सम्बद्ध थे और शाहजादा अजीमुश्शान उनका अधिकारी आश्रयदाता होकर इन्हें सदा अपने साथ रखता था । अतः किशनगढ़ के महाराजा वृन्द जी को स्वतंत्र रूप से अपने पुत्र का शिक्षक नहीं रख सकते थे और न स्वतंत्र आश्रय दे सकते थे । फिर भी इन दोनों आश्रयदाताओं में चूंकि निकट का पारिवारिक सम्बन्ध था, और मानसिंह अजिमुश्शान के मामा लगते थे, इसलिए उसके पास रहते भी वृन्द जी उनके राजकुमार को पढ़ा सकते थे । पीछे जब वे उसके साथ ढाके में रहने लगे थे तो वहाँ पर भी सं0।759

में उन्होंने राजसिंह के पुत्रों को पढ़ाया । इस प्रकार अपने राजकुमारों को शिक्षा दिलाने पर भी किशनगढ़ के महाराजा वृन्द के स्वतंत्र आश्रयदाता नहीं थे । सं0 1763 में मानसिंह की मृत्यु पर राजसिंह किशनगढ़ के राजा बने और अंत में 1764 में वृन्द जी को पुरस्कार में बहादुरशाह से माँग लिया तब से वृन्दजी अन्तिम समय तक उन्हींके आश्रय में किशनगढ़ में ही रहे । किशनगढ़ राज्य से ये इस प्रकार सम्बन्धित हो गये कि उनके पीछे वंशजों को भी बराबर राज्याश्रय मिलता रहा इस प्रकार इन दोनों परिवारों की वंशज परंपरा आगे भी परस्पर सम्बद्ध दिखाई देती है ।

भाषा के सम्बन्ध में वृन्द की त्रैभाषिक नीति परिलक्षित होती है । उनकी मातृभाषा राजस्थानी, साहित्यिक भाषा ब्रज व राजकीय भाषा फारसी थी। प्रधान रूप से इन तीनों भाषाओं के साथ वृन्द का निकट का सम्बन्ध था । उन्होंने संस्कृत भाषा एवं साहित्य का गंभीर अध्ययन किया था । उनके ऐतिहासिक काव्यों से पता चलता है कि उन्हें प्राकृत व अपभ्रंश का भी अच्छा ज्ञान था, इसके अतिरिक्त कवि के किसी प्रान्त विशेष में निवास के कारण यत्र-तत्र प्रान्तीय भाषा का प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है ।

सम्मेत शिखर छन्द एवं बारहमासा की भाषा पर राजस्थानी का प्रभाव कुछ अधिक दिखाई देता है । भाषा (शब्दावली) की दृष्टि से वृन्द की ऐतिहासिक रचनाओं में विशेष कर उनकी वचनिका एक महत्वपूर्ण कृति है । इसकी प्रमुख भाषा ब्रजी है, किन्तु एक ओर राजस्थानी वातावरण तथा दूसरी ओर मुसलमानी वातावरण में राजस्थानी और फारसी अथवा उससे प्रभावित प्रादेशिक भाषा हिन्दवी का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है । कवि वृन्द द्वारा प्रयुक्त ब्रजभाषा पर एक ओर उनकी मातृभाषा राजस्थानी का तथा दूसरी ओर राजकीय भाषा फारसी अथवा हिन्दवी का प्रभाव पड़ा है, इसके अतिरिक्त संस्कृत प्राकृत एवं अपभ्रंश के पारंपरित रूपों का प्रयोग भी देखा जा सकता है । इन भाषाओं का प्रभाव विशेष रूप से इन चार अंगों पर लक्षित होता है । कारक, क्रियापद, कृदंत तथा शब्दावली ।

कारक – अनुपात की दृष्टि से वृन्द ने वास्तव में ब्रजभाषा के प्रत्ययों का अधिक प्रयोग किया है, क्योंकि यही उनकी प्रमुख माध्यम भाषा रही है ।

संज्ञा – कर्तृवाचक में दार (फारसी) प्रत्यान्त – छड़ीबरदार, छत्रबरदार, परवरैत – परवर (फा०), ऐत (राजस्थानी प्रत्यय) मुखजबां : मुख (तत्सम) जबां (फारसी प्रत्यय)

कवि की भाषा में पर्याप्त विदेशी (अरबी-फारसी) शब्द प्रयुक्त हैं :–

अरबी :

जालिम (बच० 16), मालिम (बच० 18), फते (बच० 39) हैरान (बच० 90), आलमपनाह (बच० 138), मुकाबला (बच० 138) अरज (बच० 221), मसला (बच० 241), अलाहदा (बच० 171), जमाति (बच० 278), तहकीक (बच० 318), नूर (बच० 196), महरनजर (बच० 196), फहरनजर (बच० 196), सलामत (बच० 201), मुलक (बच० 221), हजरत (बच० 221), इखलास (बच० 241), मसूर (मशहूर) (बच० 131), अलाहदा (बच० 171), जमाति (बच०278), तहकीक (बच० 318), क्यामति (बच० 278), हकीकत (बच० 318) ।

फारसी :

करवान (बच० 14), जहांन (बच० 36), जबरदस्त (बच 221), जेरदस्त (बच 221), लसकर-लष्कर (बच 256), फरजंद (बच 241), सिरताज (बच 27), सिकस्त (बच 36), दरगुजस्त (बच 221), बिरादरी (बच 241) ।

विदेशी शब्दों के अलावा क्रियाओं का भी प्रयोग मिलता है । जैसे अर्ज पहुंचाना, इसारत जताना, शिकस्त खाना । वृन्द की वचनिका चंपूकाव्य है । उसमें खड़ीबोली को कवि ने विशेष रूप से गद्य में ही प्रयुक्त किया है । हिन्दू राजाओं की अपेक्षा मुसलमान बादशाहों के प्रसंग में मुसलमानी प्रभावित

हिन्दवी का प्रयोग हुआ है । हिन्दू राजाओं की गद्य की भाषा ब्रजी है । वचनिका की भाषा अमीर खुसरो और कबीर की परंपरा में पड़ती है । यद्यपि वृन्द के समय में खड़ीबोली को साहित्यिक भाषा बनने का गौरव नहीं मिला था फिर भी मुसलमानों के संपर्क से बोलचाल में उसका काफी प्रचार हो चुका था । वचनिका में खड़ीबोली का जो रूप आया है, वह मुसलमान बादशाहों के प्रसंग में होने के कारण स्वभावतः उर्दू से अधिक प्रभावित है, उसमें अरबी फारसी के अनेक शब्द प्रयुक्त है । किंबहुना फारसी में कहीं-कहीं प्रत्यय परसर्ग तथा एकाध जगह फारसी शैली के समास भी आये हैं । इस प्रकार वास्तव में उसका स्वरूप तत्सम- बहुला हिन्दी की अपेक्षा फारसी बहुला उर्दू के अधिक निकट पड़ता है ।

फारसी शैली — उदाहरण (1) अरज भुरवेन (2) रंग बद

---

1. वृन्द और उनका साहित्य : डा० जनार्दन राव चेलेर 861/2166 एच, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा -2.

सेनापति

कविवर सेनापति ने अपना वंश परिचय कवित्त रत्नाकर के प्रारंभ में दे दिया है । उसके तथा अन्य अन्तःसाक्ष्यों के आधार पर उनका जन्म दीक्षित कुल में हुआ था । उनके पिता का नाम गंगाधर तथा पितामह का नाम परशुराम दीक्षित था । हीराराम दीक्षित के शिष्यत्व में उन्होंने विद्याध्ययन किया था :—

दीछित परसरान, दादौ है विदित नाम,
जिन कीने यज्ञ, जाकी जग मै बड़ाई है ।
गंगाधार पिता गंगाधर की समान जाकौं,
गंगा तीर बसति अनूप जिन पाई है ।।
महाजानि मनि, विद्यादान हूं कौं चिंतामनि
हीरामनि दीक्षित तैं पाइ पंडिताई है ।
सेनापति सोई, सीतापति के प्रसाद जाकी,
सब कवि कान दै सुनत कविताई है ।।

कवित्त रत्नाकर की पहली तरंग के एक कवित्त में सेनापति ने सूर्यबली नामक किसी व्यक्ति की प्रशंसा की है जो ब्रज प्रदेश का जान पड़ता है :—

सूरबली बीर जसुमति कौं उज्यारौ लाल
चित्त कौ करत चैन बैनहिं सुनाइ कै ।
सेनापति सदा सुर मनी को बसीकरन
पूरन कर्यौ है काम सब को सहाइ कै ।।
नगन सघन घरै गाइन को सुख कै
ऐसौ है अचल छत्र धर्यौ है उचाई कै ।
नीके निज ब्रज गिरिधर जिमि महराज
राख्यौ है मुसलमान धार तैं बचाइ कै ।

कुछ विद्वानों का अनुमान है कि सेनापति का सम्बन्ध मुसलमानी दरबार से था । राम रसायन के एक छंद से इसकी पुष्टि भी होती है :-

केतौ करौ कोई, पैये करम लिख्यौई, तातै
दूसरी न कोई उर सोई ठहराइयै
आधी तैं सरस गई बीति कै बरस, अब
दुज्जन दरस बीच न रस बढाइयै ।।
चिंता अनुचित तज धीरज उचित, सेना
पति ह्वै सुचित राजाराम जस गाइयै ।।
चारि बरदानि तजि पाइ कमलेच्छन के
पाइक मलेच्छन के काहे कौं कहाइयै ।।

इससे स्पष्ट है कि कवि को मुसलमानों की दासता से विरक्ति हो गई थी धनलिप्सा तथा अन्यान्य प्रलोभनों से बचना चाहते थे किंतु किस मुसलमान शासक के यहां वे नौकर थे, इसका कुछ पता नहीं चलता । जहांगीर के शासन-काल में बुलन्दशहर के अधिकांश बड़गुज्जर राजाओं ने मुसलमानी धर्म स्वीकार कर लिया था ।

छतारी, दानपुर, धरमपुर आदि के वर्तमान शासक इन्हीं बड़गुज्जर राजाओं के वंशज हैं । संभव है इनमें से किसी रियासत से सेनापति का सम्बन्ध रहा हो ।

सेनापति की रचनाओं से स्पष्ट है कि उन्होंने संस्कृत साहित्य का अध्ययन किया था । साहित्यिक परंपरा से वे भलीभांति परिचित जान पड़ते हैं । यद्यपि उन्होंने रीतिकालीन परिपाटी पर रचना नहीं की है, फिर भी रीतियुग की प्रवृत्तियों की छाप उनकी रचनाओं में प्रचुरता से पाई जाती है । कवित्त-रत्नाकर में ऐसे बहुत से छन्द मिलेंगे जो विभिन्न साहित्यिक अंगों के उदाहरण से जान पड़ते हैं ।

अपने काव्य को सुरक्षित रखने की उत्कट इच्छा के साथ ही सेनापति ने अन्य कवियों के भावों को अपने काव्य में अधिक प्रश्रय नहीं दिया है । वैसे तो साहित्यिक क्षेत्र में प्रचलित साधारण भाव तथा उक्तियां उनके काव्य में भी हैं किंतु

दूसरों के भावापहरण का प्रयत्न नहीं किया है । वास्तव में सेनापति स्वाभिमानी प्रकृति के कवि थे । इसीसे दूसरों की कही हुई बातों के दोहराने को वे हेय दृष्टि से देखते थे । वे आत्म-सम्मान को ही सम्पत्ति समझते थे । सांसारिक सुखों की चिंता में मग्न रहना, उनको देखकर ललचाना आदि उन्हें पसन्द न था । कष्ट पड़ने पर भी तुच्छ व्यक्तियों से कुछ याचना करना उनकी प्रकृति के विरुद्ध था । समाज में समादृत होना ही उनके लिए सब कुछ था । सेनापति प्रधानतया राम के भक्त थे यद्यपि उनकी रचनाओं में कृष्ण तथा शिव सम्बन्धी छँद भी हैं ।

इनके जन्म तिथि तथा मृत्यु तिथि के विषय में कोई बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती । कवित्त रत्नाकर सं० 1706 अर्थात् 1649 ई० में लिखा गया था । उसके भावों तथा विचारों से इतना तो निश्चित सा है कि उसके लिखने के समय तक वृद्ध हो चुका था । यद्यपि उसके कुछ छँद ऐसे हैं, जो सं० 1706 के पहले के लिखे हुए जान पड़ते हैं । संभवतः विक्रम की 17वीं शताब्दी के द्वितीय चरण के अन्त के लगभग इनका जन्म हुआ होगा । इनकी मृत्यु 18 वीं शताब्दी के प्रथम चरण में मानी जा सकती है ।

सेनापति के लिखे दो ग्रंथ बताये जाते हैं । (1) काव्य कल्पद्रुम तथा (2) कवित्त रत्नाकर । यही कवित्त रत्नाकर ही प्राप्त है । यह एक संग्रह ग्रंथ है । इसमें 5 तरंगे हैं । पहली तरंग में कुल 97 कवित्त हैं और अधिकतर कवित्त श्लिष्ट हैं । दूसरी तरंग में कुल श्रृंगार सम्बन्धी 74 छँद हैं । तीसरी तरंग में ऋतु वर्णन सम्बन्धी 62 छँद हैं 8 कुंडलियां हैं तथा शेष कवित्त हैं । चौथी तरंग में 76 छँदों में रामकथा सम्बन्धी रचना है, इसमें 6 छप्पय तथा अविशिष्ट कवित्त है । पांचवीं तरंग में भक्ति सम्बन्धी 88 छँद हैं, जिनमें से 12 छँद चित्रकाव्य के है । कुछ छँद ऐसे भी हैं जो कई तरंगों में समान रूप से पाये जाते हैं । पुनरावृत्ति वाले छँदों को छोड़कर कवित्त रत्नाकर के कुल मिलाकर 384 छँद हैं । वैसे छँदों की संख्या 394 है ।

रीतिकाल के कवियों में से बहुतों का सम्बन्ध राज दरबारों से रहा करता था । राजसी ठाट-बाट के दृश्य नित्य ही उनके आँख के सामने रहते थे ।

समाज में ये ही दृश्य भौतिक सुख के आदर्श माने जाते होंगे और साधारण जनता में इनके अनुकरण करने का चलन भी खूब रहा होगा । स्वभावतः कविगण अपनी रचनाओं में इन्हीं आदर्श मानी जाने वाली बातों का चित्रण भी करते रहते थे । व्यावहारिक दृष्टि से भी राजवैभव आदि का चित्रण करना उनके लिए आवश्यक होता होगा क्योंकि अपने संरक्षक को प्रसन्न करना उनके लिए अत्यंत आवश्यक था । इसलिए सेनापति के ऋतु वर्णन में प्रत्येक ऋतु में राज-महलों की स्थिति विशेष के वर्णन पाये जाते हैं । जेठ के निकट आते ही खसखानों और तहखानों की मरम्मत होने लगती है । ग्रीष्म की ताप से बचने के लिए शीतोपचार के उपायों की फिक्र होती है :-

जेठ नजिकाने सुधरत खसखाने, तल ताल तहखाने के सुधारि झारियत हैं ।
होति है मरम्मति बिबिध जल जुंत्रन की, ऊँचे ऊँचे अटा ते सुधा सुधारियत हैं ।।
सेनापति अतर, गुलाब, अरगजा, साजि, सार तार हार मोल लै लै धारियत है ।।
ग्रीषम के बासर बराइबे कौं सीर सब राजभोग काज साज यौं सम्हारियत हैं । — तीसरी तरंग, छंद 10.

इसी प्रकार अगहन मास में प्रभु लोगों के उपभोग की सामग्री का वर्णन पाया जाता है :-

प्रात उठि आइबे कौं, तेलहि लगाइबे कौं
मलि मलि न्हाइबे कौं गरम हमाम है ।
ओढ़िबे कौं साल, जो बिसाल है अनेक रंग
बैठिबे कौं सभा, जहाँ सूरज कौ घाम है ।
धूम कौ अगर, सेनापति, सोंधौ सौरभ कौं
सुख करिबे कौं छिति अंतर कौं धाम है ।
आसे अगहन, हिम पवन चलन लागे
ऐसे प्रभु लोगन कौं होत बिसराम हैं ।। — तीसरी तरंग छंद 43

किन्तु कवि की दृष्टि सदा बड़े-बड़े रंगीन दुशालों तथा गरम हम्मामों तक ही सीमित नहीं रही है । कभी-कभी आग जला कर अलाव तापते हुए साधारण स्थिति के मनुष्य पर भी पड़ गई है :—

सीत को प्रबल सेनापति कोपि चढ़्यो दल
निबल अनल गयौ सूर सियराइ कैं ।
हिम के समीर, तेई बरसै बिषम तीर
रही है गरम भौन कोनन मैं जाई कै ।।
धूम नैन बहैं लोग आगि पर गिरे रहैं
हिए सो लगाइ रहैं नैक सुलगाइ कैं ।
मानौ भीत जानि, महा सीत तैं पसारि पानि
छतियाँ की छाँह राख्यौ पाउक छिपाइ कैं ।। — तीसरा तरंग छंद 45

कवित्त रत्नाकर की भाषा का सौंदर्य अलंकारों के तड़क-भड़क के कारण है । सेनापति ब्रजभाषा लिखने में बहुत दक्ष थे । उन्होंने श्लिष्ट कवित्त में भाषा के साधारण से साधारण शब्दों द्वारा बहुत सुन्दर रचना की है । ब्रज भाषा से इतना परिचित होने के कारण ही उन्हें श्लिष्ट काव्य लिखने में अपूर्व सफलतामिली है, उनकी भाषा में संस्कृत शब्दों के तत्सम रूपों का प्रयोग कम हुआ है । विदेशी शब्दों में से कुछ शब्द फारसी भाषा के हैं । इनके भी तद्भव रूप ही मिलते हैं । राजनीतिक कारणों से इनका प्रयोग सर्वसाधारण में भी हो गया था । फारसी शब्द अधिकतर पहली तरंग में प्रयुक्त हुए है । उदाहरणार्थ — पाइपोस (पापोश), बरदार, दादनी रोसन (रोशन), भिही आसना (अशना), गोसे (गोशा), ज्यारी (जथारी), रुख (रुख) बाजी । दो एक अरबी के शब्द भी मिलते हैं — अरस (अर्श), लिवास, इतबार(एतबार), किंतु इन शब्दों की संख्या बहुत ही सीमित है ।

सेनापति की भाषा शुद्ध ब्रजभाषा है । इनके भाषा में प्रसाद तथा ओज गुण प्रधानता से पाये जाते हैं । ओजपूर्ण भाषा लिखने में सेनापति बहुत निपुण है । ओजगुण लाने के लिए उन्होंने कुछ शब्दों के द्वित्व रूपों का

भी प्रयोग किया है । माधुर्य की ओर सेनापति का ध्यान अधिक न था । फिर भी कुछ कविताओं में शब्द सौंदर्य का विधान किया गया है । प्रसाद गुण श्लिष्ट रचनाओं को छोड़कर प्रायः सर्वत्र ही प्राप्त होता है । सेनापति की भाषा सुव्यवस्थित तथा परिमार्जित है, उसमें शब्दों के विकृत रूप अधिक नहीं मिलते हैं ।

बिहारी लाल

बिहारी के पितामह का नाम वासुदेव और पिता का नाम केशवदास था । ये मथुरा निवासी छहधरा चौबे थे । इनकी ऋग्वेद की आश्वलायन शाखा थी और तीन प्रवर थे । इनका जन्म सं० 1652 में कार्तिक शुक्ल अष्टमी बुधवार को श्रवण नक्षत्र में हुआ था । इनके तीन प्रवर – कश्यप, अत्रि एवं सारण्य थे इनकी कुल देवी का नाम महाविद्या था । इनकी बहन का विवाह मिश्र परिवार में हुआ था ।

इनके पिता केशव राय सं० 1660 के लगभग ग्वालियर छोड़कर ओरछा चले आये । बिहारी की अवस्था उस समय 8-10 वर्ष के लगभग थी । बिहारी के एक भ्राता व एक भगिनी भी थी । इसी बहिन से कुलपति मिश्र का जन्म हुआ था । उस समय ओरछा का शासन महाराज राम शाह करते थे । वृद्धावस्था एवं अतिशय कार्य-भार के कारण उन्होंने राज्य अपने लघुभ्राता इन्द्रजीत सिंह को सौंप दिया । इन्द्रजीत सिंह अत्यंत वीर निपुण लोकप्रिय तथा कला-विशारद शासक थे । इनके दरबार में महाकवि केशवदास तथा प्रवीण राय जैसे प्रसिद्ध नृत्यांगनाएँ रहती थीं जब केशव राय ओरछा पहुंचे तो स्वभावतः सत्कवि होने के कारण वे रामचन्द्रिकाकार केशवदास से भी जाकर मिले । वहीं पर बिहारी कवि का परिचय महाकवि केशवदास से हुआ । बालक बिहारी को प्रत्युत्पन्न मति जानकर महाकवि ने उसे अपना शिष्य बनाने की इच्छा प्रकट की । केशव राय तो यही चाहते ही थे । परिणामस्वरूप सं० 1664 तक बिहारी ने महाकवि केशवदास से काव्य कला की शिक्षा प्राप्त की । तभी केशवदास जी का गोलोकवास हो गया, और केशवराय अपने पुत्र बिहारी तथा अन्य दोनों बच्चों को लेकर ब्रज प्रदेश में चले आये । यहाँ आकर बिहारी ने विधिपूर्वक साहित्य तथा शास्त्र की शिक्षा ग्रहण की । इनके दीक्षा गुरु स्वामी नरहरिदास थे, जिनका जन्म गुढ़ो नामक ग्राम में हुआ था और कालान्तर में ब्रजभूमि में आकर बस गये थे । ब्रज में आने पर ही बिहारी की भगिनी का विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ । पुत्री के हाथ पीले कर देने के बाद केशव राय जी को बिहारी और उनके भाई की भी चिन्ता हुई । बिहारी के भाई का विवाह मैनपुरी में हुआ और स्वयं बिहारी मथुरा में ब्याहे गये । इनका विवाह

माथुर चतुर्वेदी ब्राह्मण परिवार में हुआ । विवाह के बाद वे अपनी ससुराल में ही रहने लगे । सं० 1675 में सम्राट जहाँगीर ने ब्रज प्रदेश की यात्रा महात्मा चिद्रूप के दर्शन लाभ के उपलक्ष्य में की । इसी समय वह स्वामी नरहरि दास से भी मिला । स्वामी जी की कीर्ति दूर-दूर तक परिव्याप्त थी । सम्राट के साथ यात्रा में युवराज शाहजहाँ भी था उसी समय संयोगवश बिहारी भी नरहरिदास के यहाँ पधारे । नरहरि दास ने बिहारी की प्रतिभा का परिचय शाहजहाँ को दिया । शाहजहाँ बिहारी के साहित्य एवं संगीत कला पर मुग्ध हो गया, परिणामस्वरूप बिहारी को मुगल दरबार में स्थान प्राप्त हो गया ।

श्री नरहरि नरनाह कौं दीनी बाँह गहाइ ।
सगुन आगरे-आगरैं रहत आइ सुख पाइ ।।

सम्राट् शाहजहाँ स्वयं काव्य संगीत एवं नृत्यादि कलाओं का मर्मज्ञ था । फारसी एवं संस्कृत पर उसका समान अधिकार था । पंडितराज जगन्नाथ की प्रतिभा का सही मूल्यांकन सम्राट् शाहजहाँ ने किया था । सुन्दर-दूलह तथा कुलपति मिश्र आदि अनेक हिन्दी कवियों को भी शाहजहाँ के दरबार में सम्मान पूर्ण स्थान प्राप्त था ।

कुछ समय पश्चात् साम्राज्ञी अर्जुमन्दबानू के गर्भ से राजकुमार दारा का जन्म हुआ । पुत्र जन्म के महोत्सव पर शाहजहाँ ने भिन्न-भिन्न राजवाड़ों के 52 राजाओं को आमंत्रित किया था । बिहारी शाहजहाँ के कृपाभाजन तो थे ही अतः आगत राजाओं ने भी उन पर अपना विशेष स्नेह प्रदर्शित किया । महाकवि रहीम से तो दरबार में ही उनका परिचय हो गया था । रहीम अत्यंत वीर कवि एवं दानी थे । गंग को एक छप्पय पर उन्होंने 36 लाख रुपया दान में दिया था और बिहारी को एक ही दोहे पर प्रसन्न होकर उन्होंने स्वर्ण मुद्राओं से ढक दियाउ था, संभवतः वह दोहा निम्नलिखित था :—

गंग गौछ मौछे जमुन अधरन सरसुति राग
प्रगट खान खानान के कामद बदन प्रयाग ।।

इस प्रकार मुगल सम्राट के मित्र राजाओं ने भी प्रसन्न होकर बिहारी को वार्षिक वृत्ति देना प्रारंभ कर दिया । बिहारी अधिकतर राजधानी में ही रहने लगे । समय-समय पर वृत्ति लेने के हेतु ये बाहर जाया करते थे, किन्तु यह क्रम अधिक दिनों तक नहीं चल सका । शाहजहाँ ने राजगद्दी प्राप्त करने के लिए जहाँगीर के विरुद्ध विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया । परिणाम यह हुआ कि महावत खाँ ने शाहजहाँ को सुदूर दक्षिण में जा खदेड़ा । 1678 से 1691 वि० तक बिहारी फिर मथुरा आकर रहे । संभवतः इसी बीच में उन्होंने ब्रजभाषा के साहित्यिक स्वरूप की स्थापना की ।

इसी समय बिहारी जोधपुर के राजा जसवंत सिंह के यहाँ अपनी वार्षिक वृत्ति लेने गये । जसवन्त सिंह वीर शासक के साथ-साथ काव्य कला निष्णात भी थे । उन्होंने एक विपुल अलंकार ग्रंथ की रचना की थी । कुछ विद्वानों का मत है कि उक्त ग्रंथ जसवंत सिंह की नहीं अपितु बिहारी की ही रचना थी यदि यह संभावना सत्य है तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि बिहारी ने सतसई से पूर्व इसकी रचना की होगी क्योंकि शैली की दृष्टि से यह ग्रंथ सतसई की कोटि में कदापि नहीं ठहर पाता । जोधपुर में एक विशाल दूहा संग्रह भी बताया जाता है, इसमें 15-16 सौ दोहों का संकलन है । इसके अधिकांश दोहे सतसई में भीप्राप्त हैं । संभवतः ये दोहे भी बिहारी कृत हैं । इसके अतिरिक्त पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बिहारी कृत कतिपय कवित्तों का भीशोध किया है । इस प्रकार बिहारी ने विपुल साहित्य की रचना की थी ।

संवत् 1692 में बिहारी अपनी वार्षिक वृत्ति लेने के लिए जयपुर गये । इस समय यहाँ पर जयसिंह अथवा जयशाह का शासन चल रहा था । जयसिंह ने इस समय नया-नया विवाह किया था । वे नवोढ़ा पत्नी के स्नेह सरोवर में इतने डूब चुके थे कि उन्हें अपने राज्य तथा पहली पत्नी खौली के सरदार सांवलदास की कन्या अनन्त कुंवर चौहानी तक से पूर्ण विरक्ति हो गई थी । अनन्त कुंवरि चौहानी को जब यह ज्ञात हुआ कि बिहारी आये हुए हैं, तभी उन्होंने महाकवि को अपने पास बुला कर राजा जयसिंह की विलास जर्जर अवस्था का करुणा-पूर्ण वर्णन कह सुनाया । रानी यह भलीभांति जानती थी कि जयसिंह को केवल

बिहारी ही उचित मार्ग-निर्देश कर सकते थे । क्योंकि वे मुगल सम्राट् के कवि थे। और जयसिंह मुगल सम्राट् के प्रिय कवि का उल्लंघन अथवा तिरस्कार नहीं कर सकते थे । बिहारी ने अनन्त कुंवरि चौहानी की इस करुणापूर्ण कथा को सुनकर तुरन्त एक दोहा लिख कर राजा जयसिंह के निकट युक्तिपूर्वक भिजवाया जयसिंह पर इसकी सर्वथा अनुकूल प्रतिक्रिया हुई । वे विलास तन्द्रा को त्याग कर कर्तव्य के प्रशस्त मार्ग पर आ गये ।

नहि पराग नहि मधुर मधु नहिं विकास इहिकाल ।
अली कली ही सौं बध्यौ, आगे कौनु हवाल ।।

इस कविता पर जयसिंह ने बिहारी का भूरि-भूरि सम्मान एवं सत्कार किया । जयसिंह ने बिहारी को पुष्कल हेम मुद्राएं प्रदान की तथा उनसे इसी प्रकार के दोहे लिखने की प्रार्थना की । हर दोहे पर एक स्वर्ण मुद्रा देने का वादा किया ।

महाराज जयसिंह के स्नेह तथा सम्मानपूर्ण अनुरोध पर बिहारी वहीं ठहर गये और उन्होंने सतसई नामक अपने लोक विख्यात ग्रंथ का निर्माण किया । रानी अनन्त कुंवरि ने भी प्रसन्न होकर बिहारी को "काला पहाड़ी" नामक एक ग्राम प्रदान किया तथा बिहारी का एक तैलचित्र भी अंकित करवाया जो आज तक जयपुर के राजदरबार में सुरक्षित है । यह घटना अनुमानतः संवत् 1692 की है जब कि बिहारी ने सतसई नामक ग्रंथ का प्रारंभ किया इस समय बिहारी की अवस्था लगभग 40 वर्ष की रही होगी ।

कुछ काल के पश्चात् रानी चौहानी को पुत्र रामसिंह का जन्म हुआ । पुत्र जन्म के उपलक्ष्य में बिहारी का पुनः स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर बिहारी ने महाराज जयसिंह की प्रशस्ति स्वरूप राज्य दरबार में कविता पाठ किया । बिहारी की लोकप्रियता इस घटना के पश्चात् और भी अधिक बढ़ चली । जब कुंवर रामसिंह विद्याध्ययन के योग्य (7 वर्ष के) हुए तब बिहारी को ही उनका गुरू नियत किया गया और तब इन्होंने पाटी पूजन करवाया । बिहारी ने उन्हें अक्षर ज्ञान करवाया और उन्हें भावी शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने लगभग 500 दोहों का एक संस्करण संकलित किया । इस संस्करण में कुछ अन्य कवियों की रचनाएं भी संकलित थीं ।

संवत् 1704 में औरंगजेब ने बलख पर आक्रमण किया । इस आक्रमण का अधिनायक जयसिंह को बनाया गया । जयसिंह इस युद्ध में वीरता से लड़े । फलतः विजयपताका उन्हीं की लहराई । युद्ध विजय के उपलक्ष्य में वे सम्राट् के पास आगरा आये । वहाँ उनका प्रभूत सत्कार किया गया । जयपुर आने पर भी उनके लिए विशेष स्वागत समारोह संपादित किया गया ।

बिहारी के जीवन के प्रमुख घटनाओं पर ध्यान देने से विदित होता है कि उनका जीवन बुन्देलखंड मथुरा आगरा और जयपुर में व्यतीत हुआ । बचपन उन्होंने बुन्देलखंड में व्यतीत किया अतः बचपन की भाषा का प्रभाव उनकी कविता पर अंत तक रहा ।

ओरछा दरबार में भी वे बचपन में गये थे । केशवदास और मधुकरशाह का संकेत इनके एक दोहे में प्राप्त होता है । केशव की कविप्रिया व रसिकप्रिया की छाप भी कहीं कहीं सतसई के दोहों पर पड़ी है । युवावस्था बिहारी ने ब्रज में व्यतीत की । नरहरिदास के संपर्क में संस्कृत साहित्य तथा संगीत का अभ्यास किया । इनके अनेक दोहों पर संस्कृत के रीति ग्रंथ की गहरी छाप इस तथ्य का समर्थन करते हैं । शाहजहाँ के साथ आगरा प्रवास में फारसी की शायरी और राजदरबारों के जीवन की झांकी का बिहारी ने जो परिचय प्राप्त किया था, उसे भी उनके दोहों में देखा जा सकता है । जयपुर राज्य में रहकर उन्होंने जीवन के विलास परायण दृश्य देखे थे । राजपूती शान और उत्थान-पतन देखा था । यह सब बिहारी ने अपने दोहों में पूरी तरह अंकित किया है । बिहारी का काव्य तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं साहित्यिक परिस्थितियों के अध्ययन की प्रचुर सामग्री प्रस्तुत करता है । मुगलकालीन उत्तर भारत की सामाजिक दशा का जैसा चित्रण बिहारी सतसई में है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है ।

बिहारी ने रमणीय अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए उपयुक्त भाषा का प्रयोग करके रीतिकालीन कवियों में भाषाविषयक व्यवस्था का सूत्रपात किया था । बिहारी ने शब्द की एकरूपता और प्रांजलता पर ध्यान दिया । इसके फलस्वरूप परवर्ती कवियों की भाषा में परिष्कार का मार्ग प्रशस्त हो सका । बिहारी सतसई की भाषा ब्रज है, ब्रजभाषा का काव्य क्षेत्र बहुत विस्तृत रहा है । ब्रज प्रदेश के अतिरिक्त राजपूताना बुंदेलखंड अवध मध्य भारत बिहार गुजरात और महाराष्ट्र तक

इस भाषा का काव्य भाषा के रूप में प्रचार था । ब्रजभाषा में पांडित्य प्राप्त करने के लिए ब्रज में निवास आवश्यक नहीं था । बिहारी का जन्म ग्वालियर में हुआ अतः बुंदेलखंडी भाषा के जन्मजात संस्कार उनके पास थे । यौवन मथुरा में व्यतीत हुआ । फलतः ब्रजभाषा से साक्षात् सम्बन्ध होने के कारण उनका ध्यान काव्य रचना करते समय भाषा की मूल प्रकृति की ओर बना रहा त्रुटियों से वे बचे रहे जो अवध या बुंदेलखंड के कवि प्रायः करते थे। शुद्ध ब्रजभाषा का प्रयोग करने वाले बहुत कम कवि हुए हैं । बिहारी की भाषा को हम अपेक्षाकृत शुद्ध ब्रजभाषा कह सकते हैं । साहित्यिक ब्रजभाषा का रूप इनकी ही भाषा में सबसे पहले इतने निखार को प्राप्त हुआ । इनके बाद घनानंद और पद्माकर ने उसे और अधिक परिष्कृत किया । बिहारी की भाषा में बुंदेलखंडी और पूर्वी का प्रभाव है । घनानन्द पूर्वी प्रभाव से मुक्त हैं । बिहारी ने पूर्वी के प्रयोग कहीं तुक के आग्रह से और कहीं प्रयोग बाहुल्य के कारण स्वीकार किये हैं । किंतु बुंदेली के प्रयोग तो सहज रूप में शैशव के अभ्यास के कारण आये हैं । बिहारी की भाषा के शब्द कोश का आनुपातिक विवरण तैयार किया जाय तो सबसे अधिक संख्या संस्कृत के तत्सम परिनिष्ठित शब्द की होगी । बिहारी समास-पद्धति में संस्कृत पदावली के कारण सफल हुए हैं । संस्कृत के अतिरिक्त अरबी-फारसी के इजाफा, ताफता, बिलनबी, कुतुबनुमा, रोज इत्यादि शब्दों का प्रयोग भी मिलता है ।

बिहारी ने भाषा को प्रवाहपूर्ण तथा प्रेषणीय बनाने के लिए लोकोक्ति एवं मुहावरों का भी प्रयोग किया है । मुहावरों का प्रयोग प्रेषणीय और समर्थ पदावली के समन्वय से शोभन बन पड़ा है । भाषा पर सच्चा अधिकार रखनेवाला कवि ही ऐसी प्रौढ़ प्रांजल भाषा का प्रयोग कर सकता है ।

बिहारी के जीवन वृत्त काव्य और कृतित्व पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट लक्षित होता है कि बिहारी नागरिकता और नागरिक जीवन के प्रबल समर्थक थे । इनके काव्य में नागरिक भावनाओं, कामनाओं और लालसाओं का वर्णन है । उनकी मान्यता थी कि गुणों का विकास सदा नागरिकों में ही होता है । अपनी अन्योक्ति में इस बात का उन्होंने विविध रूपों में संकेत किया है । इसका कारण यह है कि उनका अधिकांश जीवन राजा महाराजाओं के निकट संपर्क में

व्यतीत हुआ था । वे चाहते थे कि समाज में असंस्कृत या ग्राम्य जीवन न रहे । उन्होंने बार-बार कहा है कि अपने वर्ग में ही रहना चाहिए और अपने वर्ग का अभ्युत्थान करना चाहिए । कुसंग का ज्वर भयानक होता है । अतः उससे बचना ही चाहिए । संपत्तिशाली व्यक्ति यदि कृपण हो तो वह वह नागरिकता से शून्य है और उससे सम्बन्ध न रखना ही ठीक है ।

चिन्तामणि

चिन्तामणि रीतिकाल के प्रमुख आचार्य कवि माने जाते हैं । वास्तव में रीति युग की शृंखला बद्ध परंपरा का प्रवर्तन इन्हीं के द्वारा हुआ । ये कानपुर जिले के तिकवांपुर गाँव के निवासी रत्नाकर त्रिपाठी के पुत्र थे । इनका आविर्भाव सं० 1666 में हुआ । प्रसिद्ध कवि भूषण मतिराम और नीलकंठ इनके छोटे भाई थे । इन्होंने औरंगजेब, अकबर शाह (हैदराबाद), शाह सोलंकी जैनुद्दीन अहमद तथा मकरन्द शाह भोसला के आश्रय में रहकर अनेक शृंगारी ग्रंथों की रचना की । काव्यांगों पर लिखी गई इनकी कृतियाँ सर्वाधिक समादृत हुईं । अपनी रचनाओं में इन्होंने कहीं-कहीं मणि लाल छाप भी रखी है । अब तक इनके निम्नलिखित ग्रंथों का पता चला है – कविकुल कल्पतरु, काव्य विवेक, काव्य प्रभाकर, पिंगल छन्द विचार तथा रामायण ।

देव

देव कवि का पूरा नाम देवदत्त था, देव इनका उपनाम था। अपने भाव-विलास ग्रंथ के रचना काल का उल्लेख करते हुए इन्होंने लिखा है कि संवत् 1746 में मेरी 16 वर्ष की आयु थी —

शुभ सत्रह से छियालिस चढ़त सोरही वर्ष
कढ़ी देवमुख देवता भावविलास सहर्ष ।।

अतः इनका जन्म संवत् 1730-31 मानना चाहिए। इसी ग्रंथ में इन्होंने अपने को इटावा का निवासी तथा दूयोसरिया ब्राह्मण लिखा है

दूयोसरिया कवि देव को नगर इटायो वास
जीवन नवल सुभाव रस किन्हौं भाव विलास ।।

दूयौसरिया अथवा दुसरिहा कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की अल्ल होती है। देव के प्रपौत्र भोगी लाल के पास उपलब्ध वंश वृक्ष से भी देव काश्यपगोत्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण सिद्ध होते हैं :—

काश्यपगोत्र द्विववेदी कुल कान्यकुब्ज कमनीय।
देवदत्त कवि जगत में भये देव रमनीय ।।

तथा इनके पिता का नाम बिहारी लाल दूबे ज्ञात होता है।

दुबे बिहारी लाल भये निजकुल मह दीपक
तिनके भे कवि देव कविन मह अनुपम रोचक ।।

देव को अपने जीवन निर्वाह के लिए अनेक आश्रयदाताओं के पास भटकना पड़ा था। अन्तः साक्ष्य के अनुसार इनके कतिपय आश्रयदाताओं के नाम ये हैं :—
(1) आजमशाह, जिन्हें इन्होंने अपने दो ग्रंथ भावविलास और अष्टयाम भेंट किये।

(2) चर्खी (ददरी) पति राजा सीताराम के भतीजे सेठ भवानी दत्त वैश्य। इनके नाम पर देव ने भवानी विलास ग्रंथ का निर्माण किया था। (3) फफूंद रियासत के राजा कुशल सिंह। कुशल विलास की रचना इनके नाम पर की गई। (4) राजा अथवा सेठ भोगी लाल, जिन्हें देव ने निम्नलिखित श्रद्धांजलि भेंट की है :—

भोगी लाल भूप लख पाखर लिवैया जिन
लाखनि खरचि खरचि आखर खरीदे हैं।

(5) इटावा के समीपवर्ती ड्योढ़िया खेरा के राजा (जमींदार) उद्योत सिंह। इन्हें देव ने अपना प्रेमचन्द्रिका ग्रंथ समर्पित किया था। (6) दिल्ली के रईस पातीराम के पुत्र सुजनमणि जिनके लिए सुजान विनोद की रचना की गई थी। (7) पिहानी के अधिपति अकबर अली खाँ जिन्हें देव ने सुखसागर तरंग समर्पित किया है।

देव की मृत्यु अनुमानतः संवत् 1824-25 में मानी जाती है। इस समय इनकी आयु 94-95 वर्ष हुई थी।

जैसा ऊपर कहा गया है, देव के उपलब्ध ग्रंथों की संख्या 18 है। इनकी सूची इस प्रकार है :—

क्रम संख्या	ग्रंथ	निर्माण काल
1. भा	भावविलास	संवत् 1746
2.	अष्टयाम	अनुमानतः सं0 1746
3.	भवानी विलास	,, सं0 1750-55
4.	प्रेम तरंग	,, सं0 1760
5.	कुशल विलास	,, सं0 1760
6.	जाति विलास	,, सं0 1780
7.	देव चरित्र	,, सं0 1780 के बाद
8.	रस विलास	,, सं0 1783
9.	प्रेमचन्द्रिका	,, सं0 1790

10.	सुजान विनोद या रसानन्द लहरी		अनुमानतः सं0 1790 के बाद
11.	शब्द रसायन या काव्यरसायन		,, सं0 1800
12.	सुख सागर तरंग,		,, सं0 1824
13.	राग रत्नाकर		,, सं0 अज्ञात
14.	जगद्दर्शन पचीसी	वैराग्य शतक अथवा देवशतक	अन्तिम दिनों की रचना
15.	आत्म दर्शन पचीसी		
16.	तत्वदर्शन पचीसी		
17.	प्रेम पचीसी		
18.	देव माया प्रपंच (नाटक)		अज्ञात

इन ग्रंथों को वर्ण्य विषय के आधार पर दो भागों में विभक्त किया जा सकता है — काव्यशास्त्रीय ग्रंथ तथा अन्य ग्रंथ । प्रेमचन्द्रिका, रागरत्नाकर, देवशतक के चारों भाग, देव चरित्र व देव माया प्रपंच को छोड़कर शेष ग्रंथ काव्यशास्त्र से सम्बद्ध हैं ।

प्रेमचन्द्रिका — इसका वर्ण्य विषय प्रेम है ।

रागरत्नाकर — संगीत से सम्बद्ध लक्षण ग्रंथ है ।

देवशतक — इसमें चार पृथक पच्चीसियाँ हैं — (1) जगद्दर्शन, पच्चीसी, (2) आत्मदर्शन पच्चीसी, (3) तत्वदर्शन पच्चीसी, (4) प्रेम - पच्चीसी । प्रथम तीन का वर्ण्य विषय वैराग्य है । इनमें जीवन और जगत् की असारता, जीव के भ्रम का वर्णन और ब्रह्मतत्व का निरूपण है । (4) प्रेमपच्चीसी में प्रेमतत्व का वर्णन है । परमात्मा केवल प्रीति में मिलता है, प्रेम ही सार है, प्रेम के बल पर गोपियों ने उद्धव के निर्गुण ज्ञान को मिथ्या सिद्ध कर दिया था ।

देवशतक अत्यंत प्रौढ़ रचना है इसमें कवि ने दार्शनिक भावनाओं को पूर्ण अनुभूति के साथ अभिव्यक्त किया है । अतः वे कोरा दर्शन न रहकर काव्य बन गईं । देव की वृद्धावस्थाकी रचना होने के कारण इसमें भाषा और भाव दोनों की परिपक्वता है ।

देव चरित : यह ग्रंथ कृष्ण के आद्योपान्त जीवन से सम्बद्ध एक खंड काव्य है । इसमें कृष्ण जन्म से लेकर महाभारत में पाण्डवों की सहायता आदि अनेक छोटे बड़े प्रसंगों का अत्यन्त संक्षिप्त तथा खंडित वर्णन है ।

देवमाया प्रपंच : यह ग्रंथ प्रबोध चंद्रोदय की शैली पर लिखित पद्यबद्ध नाट्य रूपक है । कथानक के पात्र प्रतीकात्मक हैं । परपुरूष माया (मन) प्रकृति (बुद्धि), जनश्रुति तर्क आदि । कथानक का उद्देश्य अधर्म पर धर्म की विजय दिखाना है ।

काव्यशास्त्रीय ग्रंथ :

देव के काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में शब्द रसायन विविध निरूपक ग्रंथ हैं, भाव विलास में शृंगार रस तथा अलंकारों का निरूपण है । भवानी विलास, प्रेमतरंग, कुशल विलास, जातिविलास, रसविलास, सुजानविनोद और सुखसागर तरंग, शृंगार रस और विशेषतः इसके नायक नायिका भेद प्रसंग से सम्बद्ध ग्रंथ हैं । अष्टयाम में नायक नायिका के आठों पहर के विविध विलास का वर्णन है । एक कवि द्वारा एक ही विषय से सम्बद्ध अनेक ग्रंथों के प्रणयन का परिणाम यह हुआ है । शृंगार रस तथा नायक नायिका भेद सम्बन्धी अनेक प्रसंगों का कई बार पुनरावर्तन हो गया है । यहाँ तक कि भाव विलास में जिन 39 अलंकारों का निरूपण है, उन सब की पुनरावृत्ति शब्द रसायन में कर दी गई है । इसके अतिरिक्त उदाहरणों की भी इधर-उधर पुनरावृत्ति अथवा उनमें परिवर्तन परिवर्धन करके नवीन ग्रंथ की सृष्टि कर दी गई है । इस दृष्टि से सुखसागर तरंग का नाम विशेषतः उल्लेखनीय है । यह कवि के अन्तिम दिनों का वृहद काव्य ग्रंथ है, पर कुछ एक नवीन पद्यों को छोड़कर शेष इधर-उधर से संग्रहीत हैं । जीविका वृत्ति की तलाश में इधर से उधर भटकने वाले बेचारे देव के पास घटत बढ़त के अतिरिक्त भला और उपाय ही क्या था ?

शब्द रसायन में विविध काव्यांगों का निरूपण है, ये काव्यांग हैं । काव्यस्वरूप, पदार्थ निर्णय (शब्दशक्ति), नौ रस, नायक नायिका भेद, दस रीति (गुण) चार वृत्ति, अलंकार तथा पिंगल । भाव विलास में भी अलंकार को

स्थान मिला है । इस प्रकार इन ग्रंथों में लगभग सभी काव्यांगों का निरूपण हो गया जिसका आधार संस्कृत के प्रख्यात ग्रंथों काव्यादर्श, साहित्यदर्पण, तथा रसतरंगिणी और रस मंजरी से ग्रहण किया गया है ।

कवित्व : देव के काव्य का मुख्य विषय शृंगार है । शृंगारिक रचनाओं में देव के राग पक्ष का सबसे अधिक निखरा हुआ रूप दृष्टिगत होता है । उन्होंने सिद्धान्त रूप से रस की स्थापना जिस विश्वास के साथ की है, उसका सही निर्वाह उतने ही मनोयोग के साथ काव्य में देखने को मिलता है । किसी भी छंद में प्रेम का आवेग इतना अधिक है कि सहज ही उनकी रस चेतना की गंभीरता का आभास मिल जायेगा ।

चित्रों को सजीव बनाने तथा भाव सामग्री की निश्छल अभिव्यक्ति करने में भीदेव ने अत्यन्त सतर्कता से काम लिया है । विषय वस्तु के अनुरूप ही उन्होंने शब्दों का चयन किया है । इसमें संदेह नहीं कि व्याकरण की दृष्टि से उनकी भाषा अपेक्षाकृत सदोष है, उसमें शब्दों की तोड़मरोड़ और व्याकरण रूपों की अव्यवस्था है, पर ऐसा उन्होंने अपनी रचनाओं की सौन्दर्य वृद्धि के लिए ही करना पड़ा है । पुनरुक्ति अनुप्रास आदि भाषा प्रसाधनों की योजना तथा छंद में लय के आग्रह को वे उपेक्षित नहीं कर सके । फिर भीकाव्यगुणों को देखते हुए उनके ये दोष उपेक्षणीय हैं ।

जसवंत सिंह

मारवाड़ नरेश महाराज गजसिंह की मृत्यु के उपरान्त उनके द्वितीय पुत्र जसवंत सिंह 12 वर्ष की आयु में गद्दी पर बैठे । ये महान तेजस्वी तथा सहित्य एवं दर्शन के पंडित थे । इतिहास में इनका नाम अपने प्रताप तथा विद्या प्रेम दोनों के लिए प्रसिद्ध है । शाहजहाँ तथा औरंगजेब दोनों के शासन काल में इनका महत्व रहा है । शाहजहाँ के समय में ये कई युद्धों में सम्मिलित हुए । औरंगजेब इनके तेज से आशंकित था । उसने इनको गुजरात का सूबेदार बनाया फिर शाइस्ता खाँ के साथ शिवाजी से युद्ध करने भेजा । कहा जाता है कि छत्रपति शिवाजी ने शाइस्ता खाँ की जो दुर्गति की थी उसमें जसवंत सिंह की अनुमति थी ।

जसवंत सिंह विद्वानों के आश्रयदाता तथा स्वयं विद्याव्यसनी थे । इन्होंने अपरोक्ष सिद्धान्त, अनुभव प्रकाश, आनन्द विलास, सिद्धान्त बोध, सिद्धान्त सार प्रबोध चन्द्रोदय नाटक आदि पुस्तकें पद्य में लिखी हैं । इन रचनाओं का विषय तत्व ज्ञान है । साहित्य की दृष्टि से इनकी पुस्तक भाषा-भूषण अमर रहेगी ।

भाषा भूषण से कुवलयानंद का अनुकरण करते हुए चन्द्रालोक शैली पर प्रौढ़ ग्रंथ रचना प्रारंभ होती है और भाषा भूषण ही इस शैली का सर्वोत्तम ग्रंथ है । आचार्य जसवंत सिंह ने केवल भाषाभूषण की रचना है । यह पुस्तक दोहा छंद में अलंकार विषय का लक्षण उदाहरणपूर्वक वर्णन करती है । भाषाभूषण में सब मिलाकर 212 दोहे हैं । यदि भूमिका तथा उपसंहार के 10 दोहे को अलग कर दें तो 202 दोहे में से 166 अलंकार विषय के हैं । शेष 36 दोहों में काव्य के अन्य अंग नायिका भेद आदि की सरल चर्चा है ।

भाषाभूषण अलंकार संप्रदाय का ग्रंथ है । इसमें चंद्रालोक के समान सभी काव्यांगों की चर्चा नहीं है प्रत्युत् कुवलयानंद के अनुकरण पर अलंकार विषय को सर्वसुलभ बनाने का सफल प्रयत्न है । लेखक का उद्देश्य भाषा में भूषण का

प्रकटीकरण, जो इस रचना के नाम तथा उपसंहार से भी स्पष्ट हो जाता है।

भाषा भूषण अपनी शैली का सबसे स्वच्छ तथा प्रौढ़ ग्रंथ है। जसवंत सिंह को विषय का निर्भ्रान्त बोध था और आचार्य पद से उसके प्रकटीकरण में भी वे कुशल थे। इस ग्रंथ की अद्यावधि प्रतिष्ठा इसका मूल्यांकन कर सकती है। संस्कृत में जो स्थान कुवलयानन्द का है, हिन्दी में वही भाषाभूषण का। कवि ने लक्षणों में और कहीं-कहीं उदाहरणों में भी कुवलयानंद से बड़े स्वच्छ अनुवाद किये हैं।

जसवंत सिंह ग्रंथावली (विश्वनाथ प्रसाद मिश्र द्वारा संपादित) में निम्न 11 रचनाएं संग्रहीत है :-

(1) भाषा भूषण, (2) दोहा, (3) प्रबोध नाटक,
(4) आनन्द विलास, (5) अनुभव प्रकाश, (6) अपरोक्ष सिद्धान्त, (7) सिद्धान्त बोध, (8) सिद्धान्तसार
(9) छूटक दोहा, (10) श्रीमद्भगवद्गीता, (11) गीता महात्म्य।

रसलीन

रसलीन जिस क्षेत्र के थे आजन्म उस पर मुगलों का या उनके सूबेदारों का प्रभाव रहा । रसलीन के जीवन काल में मुगलों के बहादुरशाह (1707 ई० —1712 ई०), जहादर शाह (1712-1713 ई०), फर्रुखशियर (1713-1719ई०) मुहम्मदशाह (1719-1748 ई०), अहमद शाह (1748-1750 ई०) पाँच बादशाह गद्दी नशीन हुए ।

मुहम्मदशाह के नाम से 28 सितम्बर, सन् 1719 ई० को एक अनुभवहीन राजकुमार रौशन अख्तर मुहम्मद शाह रँगीला दिल्ली के तख्त पर बैठा और 26 अप्रैल, 1748 ई० गत हुआ । रसलीन का अधिकांश समय इसी सम्राट के कार्यकाल में बीता । अवध प्रदेश रसलीन की जन्मभूमि थी । दिल्ली और वाराणसी के रास्ते पर हरदोई के अन्तर्गत श्रीनगर (बिलग्राम) पड़ता था, जो रसलीन की जन्मभूमि थी । मध्यकाल की विद्या का यह महान केन्द्र आये दिन फौजों के चरण चापों से धूल-धूसरित होने वाले क्षेत्र में था ।इसलिए उस हलचल में इस स्थान का जनजीवन असामान्य था । ऐसे समय में भी ऐसे प्रदेशों में स्वाभिमानी साहित्यकार हुए हैं, जिन्होंने स्वाभिमानपूर्वक जीवन-यापन के लिए उस युग का स्वतंत्र आश्रय सैनिक रूप में ग्रहण किया और अपनी आस्था की अभिव्यक्ति साहित्य तथा अन्यान्य कलाओं के माध्यम से किया । रसलीन ऐसे ही कवियों में थे ।

मुगलों के समय में संस्कृत अरबी-फारसी तुर्की, हिन्दी (ब्रज) इतिहास आदि के एक साथ अध्ययन अध्यापन और लेखन के लिए ऐसे जिस एक नये स्थान ने देश में ख्याति अर्जित कर ली थी वह स्थान बिलग्राम था । यहाँ हिन्दू मुसलमान सबके सब शिक्षा के प्रेमी थे और साथ-साथ अरबी-फारसी संस्कृत हिन्दी और संगीत सब का अध्ययन करने में प्रसन्नता का अनुभव करते थे । इनमें धार्मिक संप्रदाय सहिष्णुता भी थी । मुलतः फारसी संस्कृत और हिन्दी के अध्ययन एवं रचना केन्द्र

के रूप में देश-विदेश में बिलग्राम की प्रतिष्ठा थी । तो भी सन् 1722 ई० से मुहम्मद शाह रंगीला के दरबार में दक्खिन के श्रेष्ठ कवि 'वली' के प्रवेश से यह रेख्ता का भी केन्द्र बन गया था । यहाँ के लोग बहुभाषाविद् विनयी सबका सम्मान करने वाले रण कौशल में माहिर तथा जागिरदार होते हुए भी कला और संगीत के रसिक उपासक हुआ करते थे । इस बिलग्राम में रसलीन के पूर्वज सन् 1217 ई० में आये । गुलामनबी रसलीन बिलग्रामी एक इतिहास प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र में उत्पन्न ही नहीं हुए थे बल्कि उनकी वंश-परंपरा भी बड़ी उज्वल थी, जो मुहम्मद साहब से आरंभ होती है । रस प्रबोध में स्वयं उन्होंने अपने कुल का वर्णन 11 दोहों में किया है, इनका जन्म बिलग्राम में 30 जून, सन् 1699 ई० (मोहर्रम 2, हिजरी संवत् 1111) को सुप्रसिद्ध सैयद वंश में बाकर के पुत्र के रूप में हुआ था ।

ज्ञान के सभी क्षेत्रों में बिलग्राम की महिमा तो इतिहास में प्रतिष्ठित है ही तलवार के धनी भी यहाँ कम न हुए । देश में किसी एक ग्राम का ऐसा इतिहास मुस्लिम काल में शायद ही मिले । रसलीन की शिक्षा-दीक्षा भी ऐसे वातावरण में हुई । इनका घर और नाता पिता ज्ञान व शक्ति का उपासक तो था ही ये भी उसी साँचे में ढले ।

रसलीन हिन्दी के उच्चकोटि के शास्त्रीय कवि हैं, इन्होंने यथा आवश्यकता संस्कृत हिन्दी ग्रंथों के मतों का उल्लेख मात्र ही नहीं किया है, उन पर अपने चिंतन-शील विचार ही व्यक्त नहीं किये हैं, अपितु उर्दू और फारसी में उन्होंने रचना भी की है । राधाकृष्ण से लेकर हिन्दुओं की पौराणिक गाथाओं तक की चर्चा से लेकर अपने धर्म के चौदह मासूमों तक का वर्णन भी किया है ।

गुरु के अतिरिक्त रसलीन के श्रद्धास्पद मीर लुत्फुल्ला तद्था शाह बरकत-उल्ला पेमी आदि थे जो उच्चकोटि के संत और कवि तथा भारत के प्रचलित भाषाओं के विद्वान थे । मीर आजाद बिलग्रामी जैसे उच्चकोटि के विद्वान उनके मित्र थे । जिनके साथ ये शाहजहानाबाद व इलाहाबाद आदि में भी थे । इससे स्पष्ट है कि वे एक-दूसरे से प्रभावित थे और ज्ञान की सहसाधना भी करते थे[1] ।

---

1. सर्वे आजाद, 313

बिलग्राम के पूर्ववर्ती हिन्दी कवियों काअध्ययन रसलीन ने अवश्य किया होगा, क्योंकि गंगा के तीर पर कोई सुबुद्ध प्यासा नहीं रह सकता है। बिलग्राम के पूर्ववर्ती साहित्यकार एवं कवि इस प्रकार हैं :-

बिलग्राम और हिन्दी :

यहां हिन्दुओं में मन्नालाल, क्षेमराज, द्वारका हरवंश बलभद्र (सुप्रसिद्ध हिन्दी कवि से इतर) देवीदीन आदि मिश्र परिवार में - राय बेनीराम, मनसाराम, रामप्रसाद, हरिप्रसाद, सुब्बाराम, शिवदयाल, जवाहर आदि राय परिवार में अच्छे कवि हुए। मिश्र ब्राह्मण थे व राय भाट (भट्ट ब्रह्म)।

अरबी- फारसी :

कवि	समय	रचनाएँ	भाषा ज्ञान
(1) शेख इनाय तुल्ला	मृ० 1688 ई०	स्फुट अनुपलब्ध	आरबी-फारसी हिन्दी-संस्कृत संगीतशास्त्र
(2) सैयद हुसेन	मृ० 1720 ई०	स्फुट अज्ञात	व्रजभाषा
(3) मीर अब्दुल्लाह	मृ० 1721 ई०	स्फुट अज्ञात	व्रजभाषा
(4) मीर अब्दुल्ल वाही जौक	मृ० 1721 ई०	शकरिस्तान ख़याल(अप्राप्य) कुछ हिन्दी रचनाएं हैं।	फारसी-हिन्दी
(5) अजीब	मृ० 1727 ई०	अप्राप्य	फारसी-हिन्दी मिश्रित भाषा व्रजभाषा
(6) मीर अजमत	मृ० 1729 ई०	अप्राप्य(दोहे व कवित्त)	अरबी-फारसी हिन्दी(व्रजभाषा)

कवि	समय	रचनाएँ	भाषा ज्ञान
(7) मीर लुत्फुल्लाह	मृ0 1734 ई0	अप्राप्य	फा0, हिं0ब्र0
(8) मीर सैयद मुहम्मद शायर	मृ0 1743 ई0	अप्राप्य-कवित्त-दोहे	अ0, फा0ब्रज0
(9) रसनायक	रचनाकाल-1746ई0	बिहारी सतसई रसिकप्रिया टीका स्फुट (सभी अप्राप्य)	फा0, अ0, हिं0
(10) सैयद मुबारक	1583-1687ई0	तिलशतक भक्ति अलकशतकशृंगार स्फुट कवित्त सवैया	अ0, फा0, सं0, हिन्दी
(11) सैयद निजामुद्दीन मधनायक	1591-1687 ई0	नाद चन्द्रिका, मधनायक शृंगार स्फुट छन्द	फा0, सं0, हिं0
(12) सैयद रहमत उल्लाह रहमत	1650-1706 ई0	पूर्ण रस (शृंगार) अप्राप्य, हिन्दी-काव्यशास्त्र, नख-शिख	हिं0, अ0, फा0
(13) मीर अब्दुलजलील	1660-1725 ई0	शिखनख, प्रेमकथा चौपाई, कसीद-ए-गर्राई-दोहा (बीच में हिन्दी छंद)	तु0, अ0, फा0 बरवै छंद, हिं0 सं0
(14) सैयद बरकत उल्ला प्रेमी	1660-1728 ई0	प्रेमप्रकाश (प्रका0) अवारिफे (भक्तिज्ञान)	अ0, फा0, सं0 हिं0, उर्दू ।

बिलग्राम में उत्पन्न इन पूर्वकालिक तथा सम-सामयिक मुसलिम कवियों की काव्यधारा का भी प्रभाव रसलीन पर अवश्य पड़ा होगा और उनके काव्य का अध्ययन करने का भी उन्हें अवसर मिला होगा । यद्यपि इनके अतिरिक्त बिलग्राम के हिन्दू कवियों के काव्य का भी उन्होंने अवलोकन अवश्य किया होगा ।

ऐसे तो बिलग्राम विद्वानों एवं कवियों तथा शायरों की खान ही था । रसलीन को फारसी, अरबी, संस्कृत, रेखता, ब्रज आदि भाषाओं का गंभीर ज्ञान था व काव्य रचना से प्रेम । उन्होंने फारसी लिपि में ठीक-ठीक हिन्दी लिखने के लिए एक ओर जहां फारसी लिपि में परिष्कार किया, संस्कृत के साहित्य शास्त्र के ग्रंथों से ज्ञान अर्जित किया, अन्यत्र के हिन्दी के श्रेष्ठ कवियों का अध्ययन किया, वहीं फारसी, ब्रज और रेखता में रचनाएं भी की ।

जीवन-यापन के क्षेत्र मे अपने कर्म के कारण वे प्रतिष्ठित थे । स्वाभिमान उनका ऐसा था कि किसी के सामने वे झुकने वाले नहीं थे । इसलिए गुरु ईश्वर धर्म दूतों पूर्वजों एवं संतों आदि की ही स्तुति एवं प्रशंसा की है, किसी राजा महाराजा नवाब या स्वामी की प्रशंसा से अपनी लेखनी का मुख मलीन नहीं किया ।

रसलीन की भाषा ब्रजभाषा है, ब्रजभाषा एक समय सारे देश के काव्य की भाषा थी, इसमें राजस्थानी बुन्देलखंडी अवधी पूरबी छत्तीसगढ़ी फारसी मागधी संस्कृत अपभ्रंश और खड़ीबोली इन सबका सम्मिश्रण किया गया और इसकी प्रवृत्ति यह हुई कि जिन संस्कृत के तत्सम शब्दों में मिठास नहीं है, उनके स्थान पर तद्भव शब्द का प्रयोग किया गया ताकि शब्द में उच्चारण-गत माधुरी बनी रहे । जिस शब्द का ब्रज भाषा में चयन किया जाता था, उसे इस रूप में ग्रहण कर लिया जाता था कि उसकी अनगढ़ता समाप्त हो जाये । ब्रजभाषा के माधुर्य गत इन सभी पक्षों का ध्यान रसलीन ने अपनी भाषा में रखा है । इसलिए उनकी भाषा में संस्कृत ब्रज अरबी फारसी अवधी छत्तीसगढ़ी और बुन्देलखंडी के शब्द मधुर रूप में घुल-मिल गये हैं । अरबी और फारसी के जानकार होते हुए भी उनसे जो शब्द इन्होंने लिये हैं, उनका भी आवश्यकतानुसार व तद्भव रूप में ग्रहण किया है, जैसे - 'अलह' 'अल्लाह' (अरबी), 'नेजा' (फा०), 'रौसन' 'रौशन' (फा०), 'हरोल' 'हरावल' (फा०) इत्यादि । श्रेष्ठ रचना के लिए व्यापक शब्द भंडार चाहिए । यदि शब्दों का ठीक-ठीक प्रयोग करना कवि नहीं जानता तो केवल व्यापक शब्द भंडार का ज्ञान मात्र होने से रचनाकार श्रेष्ठ नहीं हो सकता । रसलीन तत्कालीन प्रचलित भाषाएं अरबी, फारसी, रेखता, संस्कृत के पंडित तो थे ही इसलिए उनका शब्द भंडार व्यापक था ।

कुछ छंदों में जिनमें उन्होंने अपने गुरु, चौदह इमामों, देवदूतों, नबी, कुलवर्णन उच्चकोटि के संतों व कवियों का वर्णन या स्तुति किया है, अरबी-फारसी के शब्दों का प्रयोग अधिकता से हुआ है । 10 प्रतिशत शब्द इसमें आये हैं, जिनमें से 7 प्रतिशत मुसलमानों से सम्बन्धित हैं ।

ये कवि रूप में किसी के दरबार में आश्रित नहीं थे और कविता को इन्होंने अपनी जीविका का आधार कर्म नहीं बनाया । उन्होंने किसी आश्रयदाता की आज्ञा से यह ग्रंथ नहीं रचा था । अपने स्वयंप्रभा ज्ञान से प्रेरणा पा आचार्यासनासीन होकर अपने शास्त्रज्ञान और लोकज्ञान के उज्ज्वल प्रकाश में इसका निर्माण अपने घर पर किया था ।

तोष

इनका असली नाम तोषमणि था । शृंगवेरपुर (सिंगरौर, जिला इलाहाबाद) के निवासी चतुर्भुज शुक्ल के पुत्र थे । सुधानिधि में अपना परिचय देते हुए इन्होंने लिखा है — शुक्ल चतुर्भुज को सुत तोष बसै सिंगरौर जहाँ रिषि थानो

दच्छिन देवनदी निकटै दसकोष प्रयागहि पूरब मानो ।।

शिवसिंहजी ने इनका उपस्थितिकाल सं० 1705 बताया है । सुधानिधि की रचना 1691 में हुई । अतः सरोजकार का उपर्युक्त निर्णय बहुत अंश तक ठीक लगता है ।

केशवदास के बाद समस्त रसों का वर्णन करने वालों तोष का सुधानिधि ग्रन्थ है । यह ग्रंथ सं० 1691 वि० की रचना है । 560 छंदों में यह ग्रंथ पूर्ण हुआ है । इसमें रसवर्णन के बहाने राधा कृष्ण की विलास लिलाओं का वर्णन है । अतः स्पष्ट है कि इसमें प्रयत्न काव्यात्मक है शास्त्रीय विवेचन का नहीं । इसमें नवरसों, भावों के वर्णन के साथ ही भावोदय भावशान्ति, भावशबलता, भावसंधि, रसाभास, रसदोष, वृत्ति एवं नायिका भेद का वर्णन किया गया है । सखा-सखी भेद भी विस्तार से वर्णित है । और हावों का वर्णन कवित्वपूर्ण है । इनका काव्य बड़ा ही ललित है । तोष की रचना में भाषा का प्रवाह और आलंकारिक सौन्दर्य है ।

भिखारीदास

अन्तः साक्ष्य के आधार पर दास का जीवन वृत्त जाना जा सकता है । भिखारीदास के प्रमुख एवं प्रामाणिक ग्रंथ ये हैं :- (1) काव्यनिर्णय, (2) शृंगार निर्णय, (3) रससारांश तथा (4) छन्दार्णव पिंगल । इनके अतिरिक्त इन्होंने नामप्रकाश, विष्णुपुराण भाषा तथा शतरंजशतिका नामक ग्रंथों की भी रचना की, जिनकी प्रामाणिकता में कोई संदेह नहीं ।[1] दास ने अपने जीवन के सम्बन्ध में कुछ संकेत काव्यनिर्णय तथा छन्दोर्णव पिंगल में विशेष रूप से किये हैं, जिनके आधार पर निम्नलिखित तथ्यों का पता चलता है ।

वंशपरिचय :

छन्दोर्णव पिंगल[2] तथा काव्य निर्णय[3] में दास ने निम्नलिखित पंक्तियों में अपना वंश परिचय दिया है ।

"अभिलाषा करी सदा ऐसनिका होय भ्रत्य सब ठौर दिन सब
याही सेवा चरचानि ।
लोभा लई नीचें ज्ञान हलाहल
ही को अंशु अंत है क्रियापताल निंदा रस ही को खानि
सेनापति देवी केर शोभा गनती को भूष पन्ना मोती हीरा हेम
सौदा हास ही को जानि
हीय पर देव पर बदे यश रटै नाऊ खगासन नग धर सीता
नाथ कोलापानि ।।"

उपर्युक्त कवित्त दास ने अपना वंश परिचय देने की दृष्टि से ही लिखा

---

1. देखिये खंड 2 का उत्तरार्ध 166/5.
2. छन्दोर्णव पिंगल, पृ० 4.
3. काव्य निर्णय, पृ० 244.

है, इस कवित्त से उनका वंश परिचय किस प्रकार प्राप्त हो सकता है, उसके लिए उन्होंने निम्नलिखित दोहा दे दिया है :-

"या कवित्त अंतवरण लै तु कंत दूवै छाडि ।
दास नाम कुल ग्राम कहि नाम भगति रस मंडि ।।"[1]

यदि उपर्युक्त कवित्त के अन्तर वर्णों (अर्थात् बीच में से एक-एक छोड़कर) को अलग लिख लिया जाय तो दास के नाम उनके वंश परिचय और उनके निवास-स्थान का पता चल सकता है । दोहे के अनुसार वंश परिचय जानने के लिए तुकांत के दो वर्णों को छोड़ना पड़ेगा अन्यथा कुल कवित्त निरर्थक हो जायेगा ।

उपर्युक्त निर्देशानुसार पढ़ने से कवि का नाम कुल परिचय इस प्रकार ठहरता है । भिखारीदास, कायत्थ बरन बहीबार माइ चैन लाल के शुत (सुत) कृपालदास को नाति वीरभान को पन्नाती रामदास को यरवर देश टैउंगा नगर ताथला । कवि का नाम भिखारीदास कायस्थ तथा वर्ण बहिवार था इनके भाइ का नाम चयनलाल (अथवा चैन लाल) पिता का नाम कृपालदास पितामह का वीरभानु तथा प्रपितामह का रामदास था । ये अरवर प्रदेश में टयौड्गा ग्राम के निवासी थे ।

विद्वत्ता एवं अध्ययन :

ये अपने समय के आचार्य माने जाते हैं क्योंकि इन्होंने न केवल अनेक ग्रंथों की ही रचना की अपितु हिन्दी साहित्य में परंपरा से चली आ रही काव्य परिपाटी को भी परिष्कृत किया तथा काव्यांगों के विवेचन एवं विश्लेषण द्वारा अपने आचार्यत्व की अभिव्यक्ति की इनका अध्ययन गंभीर व विशाल था ।

छन्दोर्णव पिंगल ग्रंथ की रचना करते समय भी उन्होंने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने प्राकृत भाषा तथा संस्कृत के अनेकानेक पिंगल ग्रंथों का अध्ययन

---

1. छन्दार्णव पिंगल पृ० 4.

करने के पश्चात् ही भाषा में छन्दार्णव की रचना की है ।

"प्राकृत भाषा संस्कृत लखि बहुछन्दो ग्रंथ ।
दास किये छन्दोरणव भाषा रचि शुभ पंथ ।।"[1]

भिखारीदास ने अनेक प्राचीन तथा समकालीन कवियों एवं आचार्यों की रचनाओं का विशेष रूप से अध्ययन किया था और उनका विचार था कि इन्हीं की प्रेरणा से वे कविमार्ग पर अग्रसर हुए हैं ।

अपने पूर्ववर्ती आचार्यों तथा समकालीन कवियों के ज्ञान भंडार का अवलोकन कर तथा विविध प्रकार की भाषा पर अधिकार रखते हुए भी वे अपने सम्बन्ध में दृढ़तापूर्वक यह नहीं कह सकते थे कि वे कवि कोटि में आते भी हैं या नहीं क्योंकि वे विश्वास ही कैसे कर सकते थे कि उनकी कविता भविष्य में कवियों पर प्रभाव डालेगी या नहीं ?

आश्रयदाता :

इसके बारे में अन्तः साक्ष्य के आधार पर विशेष विवरण नहीं प्राप्त होता इतना पता चलता है कि वे अरबर प्रदेश के राजा पृथ्वीपति के भ्राता हिन्दुपति के आश्रित थे ।

"जगत विदित उदयाद्रि सो अरवर देश अनूप ।
रवि लौ पृथ्वीपति उदित तहाँ सोमकुल भूप ।।
सोदर तिनके ज्ञान निधि हिन्दुपति शुभ नाम ।
जिनकी सेवा में लह्यो दास सकल सुखधाम ।।"[3]

---

1. छन्दार्णव, 166/7. पृ०4
2. छन्दार्णव पिंगल, पृ० 4.
3. काव्य निर्णय, पृ० 2.

इससे पता चलता है कि इनके आश्रयदाता हिन्दूपति काव्यनिर्णय की रचना के समय तक स्वयं राजा न थे अपितु केवल अरवरपति के सहोदर थे । दास की अधिकांश रचना इन्हीं आश्रयदाता को प्रसन्न करने के लिए हुई थी ।

"श्री हिन्दुपति रीझि हित समुझि ग्रंथ प्राचीन ।
दास कियो शृंगार को निरनय सुनो प्रवीन ।।"[1]

नामप्रकाश के अंत में भिखारीदास ने अपने आश्रयदाता का नाम देते हुए बताया है कि वे महाराजा छत्रधारी सिंह के आत्मज थे ।

"इतिश्री भिखारीदासकृते सोम वंशावतंश श्री 108 महाराज छत्रधारी सिंहात्मज श्री बाबू हिन्दूपति सम्मते अमर तिलके नामप्रकाशे तृतीय-काण्डे अनेकार्थ वर्ग सम्पूर्णम् ।।"[2]

<u>प्रामाणिक जीवन-वृत्त :</u>

भिखारीदास प्रतापगढ़ प्रदेश के अन्तर्गत अरवर इलाके में ट्योंगा ग्राम के निवासी थे । ट्योगा के निवासी अरवर को अरउर कहते हैं ये अरवर ट्योंगा संपूर्ण को कहा जाता है । अरउर अर्थात् सम्पूर्ण ट्योगाखास तथा अन्य छोटे-छोटे पुरवे जैसे बागबाबू, पूरे चकइ, बिदुआ (मालिक अजीत प्रताप) पूरे चकइ बिदुआ (मालिक कामता सिंह) पटखौली, सराय रामसहाय, पूरे शेख अबुल तालिब और पूरे शुकाल सम्मिलित हैं । अरउर का यह प्रदेश किसी न किसी रूप में राजा प्रतापगढ़ के आधीन रहा है । ट्योंगा खास जहाँ भिखारीदास रहते थे, प्रतापगढ़ दुर्ग से लगभग डेढ़ मील पर है और यहाँ के निवासी प्रायः दुर्ग तक आते-जाते हैं ।

ट्योंगा खास में प्रायः कायस्थ ही रहते हैं । कवि के जन्म-मृत्यु का संवत् प्रामाणिक रूप से पता नहीं चलता पर रचना काल के आधार पर उनकी

---

1. शृंगार निर्णय, पृ० 2, 89/3.

2. नामप्रकाश, पृ० 359.

साहित्यिक मृत्यु सं० 1807 ई० है । इसके बाद की उनकी कोई रचना नहीं है ।

वंश परिचय :

उनके छन्दार्णव पिंगल में ठीक दिया है । भिखारीदास के एक पुत्र अवधेश लाल नाम का था और अवधेश लाल के एक पुत्र गौरीशंकर थे । गौरीशंकर संतान हीन ही मर गये । इस प्रकार भिखारीदास जी का वंश तो बहुत पहले समाप्त हो गया उनके भाई चयन लाल का वंश आज भी अविच्छिन्न रूप से चला आ रहा है ।

आश्रयदाता :

भिखारीदास जी का जो कुछ भी जीवन वृत्त उपलब्ध होता है, उससे पता चलता है कि वे अध्ययनशील प्रकृति के व्यक्ति थे उन्होंने प्राचीन ग्रंथों का तथा प्रसिद्ध भाषा कवियों द्वारा प्रणीत ग्रंथों का गंभीर अध्ययन किया था । उनके व्यापक अध्ययन तथा कवित्व शक्ति ने तत्कालीन प्रतापगढ़ अधिपति श्री पृथ्वीपति सिंह के ज्ञानी एवं काव्य कला प्रेमी भाई हिन्दूपति सिंह का ध्यान आकृष्ट किया और उन्होंने संवत् 1791 ई० के पश्चात् भिखारीदास को अपने यहाँ बुला लिया । दास जी संवत् 1807 ई० तक हिन्दू पति के आश्रय में रहे ।

दास के ग्रंथों में अरबी के शब्दों का बाहुल्य मिलता है, परन्तु इन पर ब्रजभाषा की स्पष्ट छाप दिखाई पड़ती है ।

(1) शामिल – ऐसी सामिल रीति मै नेत्र कहै क्यों कोइ ।।"[1]

(2) कबूल – जामग सिधोर नन्द नन्द ब्रज स्वामी
दास जिनकी गुलामी कबूलिगो ।।"[2]

(3) शायर – पंडित पंडित सा सुख मंडित सायर सायर के मन माने"[3]

---

1. काव्य निर्णय, पृ० 32.

2. वही, पृ० 35.

3. वही, पृ० 81.

(4) जाहिर – धीर न रहत जस जाहिर जहान है ।[1]

(5) जिक्र – स्क्रिनी औ मृगिनी की ता ठिग जिक्रि कहा ।[2]

कमाल – काव्यनिर्णय, पृ० 127,

आशिक– शृ०नि०, पृ० 3;90/10.

मुजरा – शृ०नि० पृ० 3, 90/11.

लायक – शृ०नि०, पृ० 3.

इशारा – शृ०नि०, पृ० 7, 93/23.

खवास – शृ०नि०, पृ० 9, 94/30.

अरबी में खवास नौकरानी के अर्थ में प्रयुक्त होता है । यहाँ दास ने मूल स्त्रीलिंग का हिन्दी भाषा के अनुसार पुनः स्त्रीलिंग बनाया है ।

कसूर – रसा०, पृ० 91.

फारसी :

दास ने फारसी शब्दों का भी अधिक प्रयोग किया है जिसको आवश्यकतानुसार उन्होंने कुछ परिवर्तन भी कर लिये हैं ।

फौज – का०नि०, पृ० 106.

नजदीक – वही, पृ० 109.

फरियाद – वही, पृ० 176.

जुदा – वही, पृ० 185.

अदलखमा – वही, पृ० 115.

फारसी के कुछ शब्दों को दास ने विकृत रूप में प्रयोग किया है, जैसे – उपर्युक्त उदाहरण में नजदीक के लिए नजीक और फरियाद के लिए फिरादी आदि ।

---

1. का०नि०, पृ० 96.

2. वही, पृ० 121.

घनानंद

घनानंद अथवा घन आनंद प्रसिद्ध सुजान प्रेमी कृष्ण भक्त हैं। धनानंद का जन्म कायस्थ वंश में सं० 1746 में हुआ था। ये दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह रंगीले (शासनकाल सं० 1776 से सं० 1805) के मीरमुंशी थे। कुछ शाही कृपापात्र और कुछ दरबार की नर्तकी सुजान के प्रेमी होने के कारण ये दरबारियों की आँखों पर चढ़ गये। वे इन्हें नीचा दिखाने की फ़िक्र में रहने लगे। एक दिन उन्हें एक अच्छी उक्ति सूझ गई। उन्होंने घनानन्द की अनुपस्थिति में बादशाह से इनके संगीतपटुता की बड़ी तारीफ की। उनकी प्रेरणा से मुहम्मद शाह ने इनसे गाना सुनाने का अनुरोध किया। घनानन्द ने दरबार के अदब को ध्यान में रखते हुए स्पष्टतया इनकार तो नहीं किया। किन्तु कुछ बहाना करके अपनी असमर्थता प्रकट की। विद्वेषी दरबारियों ने दाव खाली जाते देखकर दूसरा पांसा फेका। उन्होंने बादशाह से कहा कि आप की आज्ञा ये टाल सकते हैं किन्तु सुजान का अनुरोध नहीं टाल सकेंगे। यदि आपको इनके स्वर माधुरी का रस लेना है तो उसीसे कहलाइये। निदान सुजान बुलवाई गई उसके कहने पर घनानन्द ने इतनी तन्मयता से गाया कि सभी आनन्द विभोर हो गये। एक बेअदबी इस बार भी अनजाने ही उनसे हो गई। गाते समय उनका मुंह सुजान की ओर था, पीठ बादशाह की ओर। इस अशिष्ट व्यवहार से मुहम्मद शाह रुष्ट हो गये। घनानन्द को नगर से निकल जाने का हुक्म हुआ दिल्ली छोड़ते समय उन्होंने सुजान के साथ चलने को कहा किन्तु वह वारविलासिनी दुर्दिन में इनका साथ देने को राजी न हुई। उसके इस अप्रत्याशित व्यवहार से घनानन्द का अन्तःस्थ सत्व ज्योतित हो उठा। ये सीधे वृंदावन गये। वहाँ इन्होंने निम्बार्क संप्रदाय के महात्मा वृंदावन देव से दीक्षा ले ली। इनका साम्प्रदायिक नाम बहुगुनी रखा गया।

इस घटना के कुछ ही दिनों बाद सं० 1817 में अहमदशाह अब्दाली का दिल्ली पर आक्रमण हुआ। मुहम्मदशाह के कुछ दरबारियों को निष्कासन के बाद भी

घनानन्द का अस्तित्व खटक रहा था । कहते हैं उन्हीं की प्रेरणा से मथुरा पहुंचने पर अब्दाली के सैनिकों ने घनानन्द को ढूढ़ निकाला और इनसे 'जर' माँगा । इस अकिंचन व्रजभूमि सेवी ने 'जर' के बदले उनके ऊपर तीन मुट्ठी ब्रज रज फेंक दी । इस अपराध में इनके हाथ कलम कर लिये गये । यही घटना इनके प्राणान्त का कारण बनी । घनानन्द जी के अन्तिम शब्द थे :-

बहुत दिनान की अवधि आसपास परे
खरे अरबरनि भरे हैं उठि जान को ।
कहि-कहि आवन छबीले मन भावन को
गहि गहि राखत ही दै दै सनमान को ।।
झूठी बतियानि के पत्यानि तैं उदास ह्वै कैं,
अब ना घिरत घन आनँद निदान को ।
अधर धेर हैं आनि करि कै प्रयान प्रान,
चाहत चलन ये सँदेशा लै सुजान को ।।

घनानन्द जी का सारा भक्त जीवन कृष्ण लीला गान में बीता । उनकी प्रेमानुभूति में विरह का स्वर प्रधान था । अनुरक्त जीवन की प्रेयसी सुजान विरक्त जीवन में उनकी आराध्या बन कर कृष्ण से अभिन्न हो गई । उसे लक्ष्य कर इनकी मर्म भेदी 'प्रेम की पीर' जिस सशक्त भाषा में अभिव्यक्त हुई है, वह व्रजभाषा काव्य की एक अमूल्य निधि है ।

घनानन्द जी की निम्नांकित कृतियां प्राप्त हुई हैं - सुजान सागर, विरहलीला, रस केलि वल्ली और कृपा कंद ।

आलम और शेख

इनका कविता काल साधारणतया सन् 1750 से सन् 1770 तक माना जाता है । यह हस्तलिखित प्रति जिसके अनुसार यह पुस्तक छपी है, सन् 1750 की लिखी गई है । इससे यह स्पष्ट है कि इसमें वे ही छन्द संग्रहीत हैं, जो उस समय तक बन चुके थे । यही कारण है कि इसमें आलम और शेख के कुछ अधिक कवित्त जो इस संग्रह के बाद रचे गये होंगे, नहीं मिलते, उदाहरणवत् आलम के ये मशहूर छंद इसमें नहीं हैं – जा थल कीन्हे बिहार - - - - ।

जीवन-वृत्त – कहा जाता है कि आलम कवि जाति के ब्राह्मण थे और सेख रंगरेजिन के प्रेम में फंस कर मुसलमान हो गये थे । सच्चे साहित्य मर्मज्ञ का मत है कि सच्चे कवियों का कोई धर्म नहीं वे तो धर्म के दिखाऊ बन्धनों को तोड़ कर सच्चे प्राकृतिक सौन्दर्यमय प्रेम पथ के पथिक होते हैं । सभी देशों और सभी कालों में ऐसे कवि होते आहे हैं, आलम भी वैसे थे ।

सेख केवल रंगरेजिन ही न थी वरन् ऐसा जान पड़ता है कि वह सच्चे प्रेम रंग में स्वयं भी रंगी हुई थी । बड़ी प्रतिभाशाली और हाजिर जवाब थी । शेख से उत्पन्न आलम का एक पुत्र भी था जिसका नाम जहान था ।

कहते हैं एक बार आलम के आश्रयदाता शहजादा मुअज्जम (औरंगजेब के पुत्र) ने मजाक में सेख से पूछा कि क्या आलम की बीबी आप ही हैं ? सेख ने हंस कर तुरंत जवाब दिया था हा हजूर जहान की मां मैं ही हूं । ऐसी प्रत्युत्पन्न मतिवाली और ऐसी प्रतिभावाली स्त्री पर रीझ कर आलम ने कुछ बुरा नहीं किया था ।

आलम ने रेखता नाम से कुछ ऐसे कवित्त लिखे हैं, जिनसे जान पड़ता है कि आलम जी फारसी भाषा और उसके साहित्य से भी अच्छी जानकारी रखते थे और खड़ीबोली में भी कविता करने के पक्षपाती थे ।

सोमनाथ

ये श्री छिरौरा (मथुरा के निकट एक गाँव) वंश के माथुर चौबे थे। इनके कुल में पठन-पाठन और विद्याभ्यास की परंपरा बड़ी पुरानी थी। इनके पूर्वज नरोत्तम मिश्र जयपुर के रामसिंह के मंत्री गुरु थे। उनके पुत्र – (1) देवकी नन्दन व (2) श्रीकान्त मिश्र थे। देवकीनन्दन मिश्र अपने समय के विख्यात कवि तथा विद्वान् थे। श्रीकान्त मिश्र भी कवि और लोक सिद्ध पंडित थे। देवकीनन्दन मिश्र के चार पुत्र थे – (1) नीलकंठ, (2) मोहन, (3) महामणि, और (4) राजाराम। सबके सब योग्य पंडित और रसिक कवि थे। नीलकंठ मिश्रकवि सोमनाथ के पिता तो हिन्दी के प्रसिद्ध कवि थे ही साथ में सुप्रसिद्ध अति प्रतिष्ठित ज्योतिषी भी थे। नीलकंठ के लड़के आनन्दनिधि, गंगाधर और सोमनाथ थे। सोमनाथ अपने समय के सर्वांग कवि पंडित आचार्य थे। परिवार एवं परंपरा से संपुष्ट एवं संरक्षित विद्वत्ता की परंपरा सोमनाथ के भीतर काव्य एवम् पांडित्य का बहुत प्रभावशाली संस्कार भर गया। उसके साथ ही जिस राजदरबार में कवि थे, वह गुणों का विद्वानों का और कलाविदों का स्वागत करने वाला तथा तेजस्वी कलाग्राही परिवार रहा है। वास्तव में जिस क्षेत्र में सोमनाथ थे, वह वर्तमान राजस्थान का अंग है, तो भी उसकी सारी संस्कृति और साहित्य ब्रज संस्कृति और साहित्य से प्रभावित रही है। और कलानिधि जैसा विख्यात कवि और साहित्यकार उनका सहकर्मी वहाँ था।

कविवर सोमनाथ का समय मुगल साम्राज्य के समय में जाटों के उदय का समय है। जाटों ने मुगल साम्राज्य के समय ही विभिन्न स्थानों पर अपने राज्य स्थापित किये। मुगल काल में सर्वप्रथम विद्रोह नन्दराम जाट ने किया जो सन् 1669 में दब गया था फिर गोखला जाट ने विद्रोह किया उसका भी वध कर दिया गया। इसके बाद राजाराम जाट ने सन् 1685 ई० में विद्रोह किया जब कि औरंगजेब दक्षिण में था। औरंगजेब के पौत्र बेदारबख्त ने उसके विरुद्ध कठोर

कदम उठाये । उसकी मृत्यु सन् 1688 ई० में हुई । उसके बाद मज्जसिंह ने जाटों का नेतृत्व किया, इसके बाद सन् 1690 में औरंगजेब के आदेश पर राजाराम का पुत्र जोरावर मारा गया । तदनन्तर राजाराम का भतीजा चूड़ामन इसका सरदार बना औरंगजेब की मृत्यु के बाद इसका प्रभाव बढ़ा । औरंगजेब की मृत्यु के बाद उसके पुत्र मुअज्जम (सम्राट) ने उससे सुलह किया और दरबार का सरदार बनाया । चूड़ामन सचमुच राजा बन बैठा । जाट साम्राज्य का सही संस्थापक चूड़ामन सन् 1721 ई० में मर गया । उसका भतीजा बदनसिंह सन् 1721 ई० में गद्‌दी पर बैठा । उसने 34 वर्ष तक शासन किया । यह कुशल राजनीतिज्ञ और साहित्य प्रेमी भी था यह बदन और बदनेश नाम से रचना करता था । यह कलाकारों व साहित्यकारों का संरक्षक था । कविवर सोमनाथ इसीके समय में जाटों के दानाध्यक्ष हुए । बदन सिंह के ज्येष्ठ पुत्र सूरजमल सन् 1755 ई० में गद्‌दी पर बैठा । इसने 1763 ई० तक राज्य किया । यह भी कलाप्रेमी, साहित्य संरक्षक था । इसका पुत्र जवाहरसिंह था जो सन् 1763 से सन् 1788 ई० तक शासक रहा । सन् 1788 ई० में इसका वध हो गया । इन तीनों राजाओं (बदन सिंह, सूरजमल, जवाहर-सिंह) के दरबार में सोमनाथ थे किन्तु मूलतः उनका सम्बन्ध प्रताप सिंह से था उन्होंने तीनों के लिए साहित्य रचना की थी। प्रोफेसर कानूनगो की मान्यता है कि प्रतापसिंह बहादुर सिंह का छोटा पुत्र था । फ्रैन्सू का कहना है कि यह मध्यवती पुत्र थे इनका स्थान दूसरा था । कविवर सोमनाथ भरतपुर के वैर के शासक श्री प्रताप सिंह के आश्रित परम पंडित कवि थे । यह तो हुई उन शासकों की बात जिनके दरबार में कविवर सोमनाथ रहे । मध्यकाल के यशस्वी शास्त्र कवि आचार्य सोमनाथ जाट नरेशों की काव्य प्रेम की परंपरा के प्रतीक है और इनका साहित्य हिन्दी की महत्वपूर्ण निधि है ।

वर्तमान भरतपुर राज्य की स्थापना बदन सिंह द्‌वारा सन 1718 ई० में हुई, इनके दो लड़के थे, सूरज मल जाट और प्रताप सिंह । सूरजमल सिंह को डीघ और प्रताप सिंह को वैर का शासन बदन सिंह ने सौंपा था । बदन सिंह के मृत्यु के पश्चात् सुजान सिंह (सूरजमल) गद्‌दी पर बैठे । प्रताप सिंह

सूरजमल के छोटे भाई थे । वे साहित्यकारों विद्वानों कलाकारों आदि को आश्रय देने वाले उदारमन महाराजा थे । उन्होंने सोमनाथ जी को अपने राजदरबार का प्रमुख कवि बनाया । बदन सिंह व सूरजमल सिंह का भी विश्वास स्नेह आश्रय सोमनाथ जी को प्राप्त था । वास्तव में बदन सिंह के समय से ही इस परिवार के यह आश्रित कवि थे । प्रताप सिंह के पुत्र बहादुर सिंह का आश्रय भी कवि को प्राप्त हुआ था ।

सोमनाथ का कविता काल संवत् 1756 ई० से 1817 ई० तक माना जा सकता है । इनके ग्रंथों को देखने से यह भी पता चलता है कि ये नवाब आजम खां (शाहआलम) के दरबार में भी कुछ दिन रहे और वहां नवाबोल्लास नामक ग्रंथ की इन्होंने रचना की ।

---

1. सोमनाथ ग्रंथावली (सं० सुधाकर पाण्डेय), पृ० 46-50.

नागरीदास

पूर्वज :

जोधपुर के राठौर राजा उदय सिंह मोटा राजा के नाम से प्रख्यात थे। इनके 12 पुत्र थे। सूरसिंह ज्येष्ठ पुत्र थे और कृष्ण सिंह दूसरे। दोनों सहोदर भाई थे। मोटा राजा उदय सिंह ने अपने द्वितीय पुत्र कृष्ण सिंह को आसोप नामक गाँव 1651 वि० में दे दिया था। परन्तु अग्रज शूर सिंह ने राजा होने पर आसोप जब्त कर लिया और दूधोड नामक एक गाँव इन्हें दे दिया पर शूर सिंह के मंत्री गोइनदास भाटी से अनबन होने के कारण इन्होंने दूधोड़ स्वयं छोड़ दिया। 1654 वि० में हिंडोल का परगना इन्हें दिल्लीश्वर की ओर से मिला। यही किसनगढ़ राज्य का स्थापना काल है। सं० 1668 में माघ शुक्ल 5 को कृष्ण सिंह ने किसनगढ़ को अपने नाम पर बसाया और यही नगर उक्त राज्य की राजधानी हुआ। कृष्ण सिंह जी अकबर के दरबारी नरवरगढ़ के कछवाहा राजा आसकरन सिंह के भानजे थे और अपने मामा के ही समान वल्लभ-कुल के अनुयायी थे। कृष्ण सिंह के चार पुत्र हुए – (1) सहसमल्ल, (2) जगमल्ल, (3) भारमल्ल, (4) हरि सिंह – इसमें केवल तृतीय पुत्र भार मल्ल का वंश चला।

भारमल्ल के पुत्र हुए रूप सिंह इन्हीं रूपसिंह ने 1705 वि० में रूपनगर की स्थापना की और राजधानी रूपनगर हो गई। रूप सिंह जी कवि भी थे यह नागरी दास जी के प्रपितामह थे। मुगल बादशाह शाहजहाँ के आदेश पर रूपसिंह बलख बुखारा फतह करने के लिये गये थे। रूप सिंह के पुत्र महाराजा मानसिंह हुए इनके समय में औरंगजेब की मन्दिर एवं देवमूर्ति विध्वंस नीति से त्रस्त होकर गोवर्द्धन स्थित श्रीनाथ जी की मूर्ति मेवाड़ गई महाराजा मानसिंह ने अपने राज्य में 40 दिन तक श्रीनाथ जी का आतिथ्य किया था। श्रीनाथजी का यह आतिथ्य किसनगढ़ से आधा कोस दक्षिण में स्थित पीताम्बर की गार (पर्वत की घाटी) में हुआ था।

मानसिंह जी के पुत्र राजसिंह जी हुए जो नागरीदास जी के पिता थे। मानसिंह जी की कछवाइ रानी के गर्भ से चार पुत्र उत्पन्न हुए — (1) सुखसिंह, (2) फतेह सिंह, (3) सावन्त सिंह और (4) बहादुर सिंह और रानीबंकावती से बीर सिंह उत्पन्न हुए। बंकावती जी कवियित्री थीं। इन्होंने श्रीमद्भागवत का ब्रजभाषा में पद्यानुवाद किया था। सुखसिंह योगी हो गये। फतेसिंह पिता के जीवनकाल में ही युद्ध में खेत रहे थे। अतः सं० 1804 में इनके देहावसान के अनन्तर सावन्त सिंह ही रूपनगर के गद्दी के अधिकारी हुए। यही सावन्तसिंह हिन्दी साहित्य में नागरीदास के नाम से प्रख्यात हैं। महाराज राजसिंह को दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह ने संवत् 1777 में सतहजारी मनसब प्रदान किया था। राजसिंह भी अच्छे कवि थे। इस प्रकार नागरीदास जी को साहित्य प्रेम, काव्य रचने की शक्ति एवं कृष्णभक्ति परंपरा से ही प्राप्त हुआ था।

नागरीदास जी का जन्म संवत् 1756 में पौष बदी द्वादशी को हुआ था, नागरीदास जी का विवाह 21 वर्ष की वय में मानगढ़ के राजा राजावात (कछवाहों की एक शाखा विशेष) यशवंत सिंह जी की कन्या से सं० 1777 को ज्येष्ठ सुदी 9 को हुआ। सावन्त सिंह जी (नागरीदास जी) संस्कृत और फारसी के अच्छे ज्ञाता थे। यह चित्रकला एवं संगीत में भी निष्णात थे। यह अत्यंत साहसी एवं शस्त्र विद्या में निपुण थे।

संवत् 1804 में वैसाख सुदी 5 को नागरीदास जी रूपनगर की गद्दी पर बैठे इनके छोटे भाई बहादुर सिंह ने जब नागरीदास जी दिल्ली गये तो रूपनगर के राज्य पर अधिकार कर लिया। राज्य की पुनः प्राप्ति के लिए इन्हें कुमाऊँ की मुहिम में शामिल होना पड़ा। मराठों की सहायता से इन्हें रूपनगर का आधा राज्य सं० 1813 में मिला। इस कौटुंबिक युद्ध का संचालन इनकी ओर से इनके पुत्र सरदार सिंह जी ने किया था। यह वृन्दावन में ही रह गये थे। सं० 1814 में अश्विनी शुक्ल 10 विजयादशमी को अपने पुत्र सरदार सिंह को कृष्णगढ़ का युवराज बनाया और दूसरे दिन एकादशी को वृन्दावन के लिए प्रस्थान कर दिया।

अहमद शाह दुर्रानी के हमले के समय नागरीदास के कुटुम्ब वालों ने इन्हें रूपनगर बुला लिया था । छः माह बाद यह पुनः वापस आ गये थे और यहीं सं० 1821 में भादो सुदी 3 को इनका देहावसान हुआ । नागरीदास जी के दरबार में प्रसिद्ध कवि वृन्द हरिचरण दास जी हीरालाल मुंशी कन्हीराम, कल्लाह पन्ना लाल जी, वैष्णव विजय चन्द जी दाहिवां विजयराम जी आदि कवि थे ।

1. नागरीदास : सं० डा० किशोरी लाल गुप्त

बोधा

बोधा कवि खेत सिंह के दरबारी थे । विरहवारीश में इन्हीं खेत सिंह की प्रशस्ति मिलती है ।

"खेत सिंह नरनाह को - - - -" (इश्कनामा, पृ0 1/1 दोहा)

कवि के काव्य से पता चलता है कि इनका नाम बुद्धिसैन या बुद्धिसेन था । कुछ खोट हो जाने से राजा अप्रसन्न थे । एक वर्ष तक उनकी सुमुखता की प्रतीक्षा करनी पड़ी । इसी वियोग के समय विरह सिन्धु विरहवारीश बनाया । वियोग का कारण नरनाह की इतराजी थी। यह भी पता चलता है कि अनेक दरबारों में टक्कर (ठोकर) खा लेने के बाद खेत सिंह के दरबार में बोधा गये थे ।

"बढ़ि दाता बड़ कुल सबै देखे नृपति अनेक
त्याग पाय त्यागे तिन्है चित में चुभे न एक ।।"23/17.

उन्होंने किस-किस दरबार का चक्कर काटा था, इसका भी वर्णन 22/18 में कर दिया है ।

"देवगढ़ चाँदागढ़ा मंडला उज्जैन रीवाँ
साम्हर सिरोज अजमेर लौं निहारो जोइ ।
पटना कुमाऊ पैंथि कुर्रा व जहानाबाद
साकरी गली लौं बारे भूप देखि आयो सोइ ।
बोधा कवि प्राग और बनारस सुहागपुर खुरदा
निहारि फिरि मुरक्यो उदास होइ ।
बड़े-बड़े दाता ते अड़े न चित्त माहि
कहूँ ठाकुर प्रवीन खेत सिंह से लखो न कोइ ।

कवि की शिक्षा के बारे में कुछ खास पता नहीं लगता । वस्तुतः ये दरबारी कवि थे और इस कारण इनकी भाषा में राज दरबार में प्रयुक्त होने वाले आम अरबी-फारसी सभी शब्द आये हैं । ये रीतिमुक्त रचनाकार थे, ये पन्ना (बुन्देलखंड) के थे और खेत सिंह के आश्रित थे ।

क्षेत्र सिंह (खेत सिंह) पन्ना नरेश महाराजा छत्रशाल के पंती या पनाती (प्रपौत्र) थे और अमान सिंह के छोटे भाई थे ।

छत्रशाल

हृदयशाह — जगतरामजी

सभासिंह

हिन्दूपट — अमानसिंह — खेतसिंह

इश्कनामा

शब्द प्रतिपृ× पृष्ठ

कुल शब्द = 196 (200) × 19

विरहवारिश — 190=×228.

पद्माकर

पद्माकर रीतिकाल के लोक प्रसिद्ध कवि हैं । ये तैलंग ब्राह्मण थे । इनका जन्म सं० 1810 में सागर (मध्य प्रदेश) में हुआ था । इनके पिता पं० मोहन लाल भट्ट भी काव्य रचना करते थे । उनसे इनकी काव्य प्रतिभा के विकास में प्रेरणा मिली । अधिकांश रीतिकालीन कवियों की भाँति इन्हें भी अपना कवि जीवन अनेक आश्रयदाताओं के यहाँ घूम-घूम कर बिताना पड़ा । उनमें प्रमुख थे — महाराज रघुनाथ राव (नागपुर), महाराज प्रताप सिंह तथा जगत सिंह (जयपुर), नोने अर्जुन सिंह गोसाईं, अनूपगिरि (हिम्मत बहादुर, बाँदा) और दौलत राव सिंधिया (ग्वालियर), इनके निम्नांकित छंद से यह विदित होता है कि भगवन्त नामक किसी राजा के यहाँ भी ये कुछ दिन रहे थे ।

दूनी तेज दाहते है तिगुनी त्रिसूल हू तैं
    चौगुनी चलाके चक्र पानि चक्र चाली तैं ।
कहै पदुमाकर महीप भगिवंत सिंह
    ऐसी समसेर सिर सत्रुन पै घाली है ।
पंच गुनी पवि ते पचीस गुनी पाहन तैं
    प्रगट पचास गुनी प्रले की प्रनाली है ।
सौ गुनी है सर्प ते सहस्र गुनी सर्पिनी तैं
    लाख गुनी लूक ते करोर गुना काली है ।।

पद्माकर के काव्य संग्रह में उपर्युक्त छन्द की तीसरी पंक्ति में भगिवंत सिंह के स्थान पर रघुनाथ राव पाठ मिलता है । कहा जाता है यह छंद इन्होंने नागपुर के राजा रघुनाथ राव की युद्ध वीरता की प्रशंसा में पढ़ा था । 18 वीं शती के प्रसिद्ध युद्ध वीर असोथर के राजा भगवंत सिंह का सं० 1795 में ही देहान्त हो चुका था । पद्माकर का आविर्भाव उसके 17 वर्ष बाद हुआ । अन्य किसी भगवंत सिंह के आश्रय में इनका रहना प्रमाणित नहीं होता । ऐसी दशा में रघुनाथ राव का पाठ संगत प्रतीत होता है । अस्सी वर्ष की आयु भोगकर पद्माकर ने कानपुर में गंगातट पर सं० 1890 में शरीर छोड़ा ।

इनके द्वारा विरचित नौ ग्रंथ मिलते हैं । हिम्मत बहादुर विरुदावली, पद्माभरण, जगद्विनोद, प्रबोध पचासा, गंगा लहरी, राम रसायन, आलीजाह प्रकाश, हितोपदेश (गद्यपद्यात्मक अनुवाद) और ईश्वर पचीसी ।

ठाकुर

ये बुंदेलखंडी कायस्थ थे । इनके पिता का नाम गुलाब राय था । इनका जन्म सं० 1823 में ओरछा में हुआ था और सं० 1880 में ये परलोक वासी हुए । बुंदेलखंड के तत्कालीन राजाओं में इनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी । जैतपुर के राजा केसरीसिंह, बिजावर नरेश और बाँदा के हिम्मत बहादुर गोसाइं इनके प्रमुख आश्रयदाता थे । राज्याश्रय में जीवन यापन करते हुए भी ठाकुर कवि ने अपने आत्मसम्मान में कभी बट्टा नहीं लगने दिया । हिम्मत बहादुर के समक्ष पढ़ा गया निम्नांकित छंद उनकी स्वभावगत निर्भीकता का प्रत्यक्ष प्रमाण है ।

सेवक सिपाही हम उन रजपूतन के
दान किरपान कबहूँ न मन मुरके ।
नीत देन वारे हैं मही में महिपालन के
होकर त्रिसुद्ध है कहैया बात फुरके ।।
ठाकुर कहत हम बैरी बेवकूफन के
जालिम दमाद हैं अदेनिया ससुर के
चोजन के चोज रसभौजिनि के पात साह
ठाकुर कहावत पै चाकर चतुर के ।।

इनके पुत्र दरियाव सिंह चातुर और पौत्र शंकर प्रसाद भी अच्छे कवि थे ।

ठाकुर कवि की कोई स्वतंत्र रूप सेलिखीगई संपूर्ण रचना नहीं मिलती । लाला भगवानदीन जी ने इनकी कविताओं का एक संग्रह ठाकुर ठसक नाम से निकाला था । किंतु उसमें अन्य दो ठाकुर कवियों की भी रचनाएं मिल गई थी इनके फुटकर छंद की बड़ी संख्या यत्र-तत्र काव्य संग्राहों में बिखरे हुए मिलते हैं ।

ग्वाल कवि

ग्वाल जी का जन्म सं० 1848 की मार्गशीर्ष शुक्ल द्वितीया को माना गया है। ये जाति के ब्रह्म भट्ट (बंदीजन) थे। उन्होंने अपने रसिकानन्द ग्रंथ में अपनी वंश परंपरा का आरंभ माथुर राव से किया है। माथुर राव जगन्नाथ राव मुकुन्द राव मुरलीधर राव सेवा राम ग्वाल। जब ग्वाल जी की आयु केवल 8 वर्ष की थी तभी उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। अतः उनके पालन-पोषण और शिक्षण आदि का भार उनकी निराश्रित माता पर आ पड़ा।

इनके प्रथम गुरु दयानिधि वृंदावनवासी थे। ग्वाल जी ने बाद में काशी में शिक्षा ग्रहण की। तदनन्तर मथुरा में आकर स्वामी दयानंद के गुरु संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित दंडी स्वामी विरजानंद जी से काव्य प्रकाश पढ़ा। इस प्रकार काशी तथा मथुरा में काव्यशास्त्र का विधिपूर्वक अध्ययन के उपरान्त वे अपने कुल धर्मानुसार काव्य रचना में प्रवृत्त हुए।

काव्य गुरु :

बचपन में वृंदावन निवासी गो० दयानिधि उनके काव्य गुरु हुए थे किंतु उनके व्यवहार से असंतुष्ट होने के कारण ग्वाल जी ने उनको अपना गुरु नहीं माना। उन दिनों बरेली निवासी कविवर खुशहाल राय एक प्रसिद्ध काव्य शिक्षक थे। ग्वाल जी ने उनको अपना काव्य गुरु स्वीकार किया और उनसे भाषा काव्य-रचना की विधिपूर्वक शिक्षा प्राप्त की। अपनी बाल्यावस्था के विपरीत ग्वाल जी की विद्या बुद्धि और कवित्व शक्ति की अब दिन रात उन्नति होने लगी। काव्य-शास्त्र के पंडित होने के कारण उनकी कविता निर्दोष और उच्च कोटि की होती थी।

काव्यशास्त्र और काव्य रचना में पूरी तरह पारंगत हो जाने पर ग्वाल जी को जीविकोपार्जन की चिंता हुई। वे इसके निमित्त देशाटन करते हुए पंजाब की नाभा रियासत के अधिपति महाराज यशवंत सिंह की सेवा में उपस्थित हुए।

नामा में रहने के बाद ग्वाल जी महाराजा रणजीत सिंह के आश्रय में लाहौर चले गये थे । वहां पर रणजीत सिंह के मृत्यु के पश्चात् शेर सिंह शासक बने । इनके बाद इनके मंत्री राजा ध्यान सिंह के पुत्र हीरा सिंह गद्दी पर बैठे । हीरा सिंह के मारे जाने पर सिक्ख राज्य में योग्य शासक का अभाव हो गया, जिसके फलस्वरूप फिर घरेलू फूट आंतरिक विद्रोह और मारकाट का बाजार गर्म हो उठा । इस वजह से ग्वाल जी का मन फिर लाहौर में नहीं लगा । सं० 1902 के बाद उन्होंने लाहौर छोड़ दिया । कुछ समय तक ब्रज में अपने घर पर रहे और बाद में पंजाब की पहाड़ी रियासतों का दौरा करने चले गये ।

पहाड़ी रियासतों में सुकेत मंडी अधिक पसन्द आई । मंडी नेश ने उनकी बड़ी आवभगत की और उन्हें स्थायी रूप से अपने यहां रख लिया । ग्वाल जी अपने बाल बच्चों के साथ सुखपूर्वक मंडी में रहने लगे । बाद में मथुरा में यमुना तट पर हवेली बना कर रईसों की तरह ठाट बाट से रहने लगे । कभी-कभी देशाटन करने के अतिरिक्त वे प्रायः मथुरा में ही रहा करते थे ।

एक बार वे टोंक राज्य में गये । वहां के नवाब की इच्छानुसार उन्होंने कृष्णाष्टक बनाकर सुनाया था । उस रचना में आठो कवित्तों में अन्तिम चरण एक सा है । उसमें उर्दू फारसी शब्दों का अधिकता से प्रयोग हुआ है । उनमें से एक कवित्त उदाहरण के लिए प्रस्तुत है :-

जर्रे की जुलूसों में लोटता हमेसा रहै
सीमा-जर-गौहर का आप बख्सेंद है
जिसके ख्याल में खलक गिरफ्तार हुआ
हुवा गिरफ्तार वही मा के दस्तबंद है
ग्वाल कवि चलाया आफ्ताब उसे गोपिया
सिखाती रफ्तार हर चंद है ।
चार सर वाले से करिंदे हैं जिसी के
वही बंदे पर मेहरबान नजर बुलंद है ।

चन्द्रशेखर बाजपेयी

सन् 1903 की खोज रिपोर्ट के अनुसार चन्द्रशेखर बाजपेयी के चार ग्रंथों का पता चलता है - (1) हम्मीरहठ, हरिभक्ति विलास, (3) विवेक विलास, (4) रसिक विनोद ।

विवेक विलास में आलासिंह की वंशावली का वर्णन है । पटियाला नरेश नरेन्द्र सिंह के आश्रित थे । खोज में चारों ग्रंथों की जो पुष्पिकाएँ दी गई हैं, उनमें नरेन्द्र सिंह का उल्लेख है । हम्मीर हठ के उपक्रम के अन्तर्गत श्री नरेन्द्र सिंह की प्रशस्ति की गई है । ग्रंथों के उक्त विवरण से यह सिद्ध है कि इन्होंने अनेक प्रकार की रचनाएँ की हैं । शृंगार भक्ति और वीर तीनों रसों में इनकी समान गति जान पड़ती है । हम्मीरहठ का निर्माण काल यह है -

कर नभ रस अरु आतमा संवत फागुन मास ।
कृष्ण पच्छ तिथि चौथ रवि जेहि दिन ग्रंथ प्रकास ।।

रसिक विनोद :

संवत राम आकास ग्रह पुनि आतमो विचार ।
माघ सुकुल रवि सप्तमी भयो ग्रंथ अवतार ।।

रसिक विनोद नवरस वर्णन का ग्रंथ है - इसके सम्बन्ध में यह दोहा उसकी रूपरेखा बतलाता है।

महाराज के हेत यह रसिक विनोद सुग्रंथ ।
नवरस मे सेखर कियो निरखि भरत को पंथ ।।

इसके अतिरिक्त इनका नख शिख इन्हें रीतिबद्ध कवियों की श्रेणी में ही स्थापित करता है किंतु इनकी ख्याति हम्मीर हठ के कारण अधिक हुई । इसीलिए ये शुक्ल जी के इतिहास में रीतिकाल के अन्य कवियों में रखे गये हैं ।

हम्मीरहठ का निर्माण इन्होंने चित्रित हम्मीर काव्य के आधार पर किया -

यह हमीर को राय सो चित्र लिख्यो लखि सार
छंद बंद सेखर कियो निज मति केछ अनुसार ।

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि हम्मीर सम्बन्धी घटनाओं का एक निश्चित प्रवाह परंपरा में चल पड़ा था । अल्लाउद्दीन और हम्मीर के युद्ध के सम्बन्ध में यद्यपि यह कल्पना पारंपरिक ही है तथापि जोधराय ने जो रूप दिया वह इसमें पूरा का पूरा नहीं दिखाई देता ।

चन्द्रशेखर बाजपेयी के पुत्र गौरी शंकर बाजपेयी से जो वृत रत्नाकर जी को इनके सम्बन्ध में ज्ञात हुआ उसके अनुसार पौष शुक्ल दशमी सं० 1855 में मौजवाँबाद (फतहपुर) में इनका जन्म हुआ था । मौजवाँबाद कान्यकुब्ज (धन्नी के) बाजपेयी का प्रसिद्ध स्थान है । बाजपेयियों के चार वंश हीरा बीसा धन्नी और तारा असनी के बाजपेयी कहलाते हैं । असनी के ही निकट मौजवाँबाद है । यह धन्नी के बाजपेयीयों का स्थान है । इनके पितामणि राम जी अच्छे कवि थे । इतिहास से यह सिद्ध है कि असनी के आसपास कवि मंडल बहुत दिनों से रहता आया है । इस प्रकार कहना चाहिए कि ये कवियों के वंश में उत्पन्न हुए थे इनका वंश हुंडी से अपना जीवन निर्वाह करता था । इनके पूर्वज ईसराम सिक्खों के प्रसिद्ध गुरु श्री गोविन्द सिंह के आश्रित होकर काव्य रचना से अपना निर्वाह करने लगे थे । तभी से इनके वंश में यही जीवन-यापन का साधन हो गया । इनके हिन्दी काव्य के गुरु असनी के करनेस महापात्र थे । 22 वर्ष की वय में ये दरभंगा की ओर गये और सात वर्ष वहाँ रहने के अनन्तर वहाँ से जोधपुर पहुंचे । तत्कालीन नरेश मानसिंह की प्रशंसा में कवि मंडल के बीच इन्होंने निम्नलिखित रचना सुनाई —

द्वादस कला सो मारतंड ये उवैंगे चंड सेसवारी
साँसनि समस्त सत्रु जलि है ।
छाटि जैहैं अचल अवास अमेरु वारो कूट जैहैं
कहलि कलौ सी भूमि हलि है ।
सेखर कहत अलका में कलापात हुव हैं पावक पिनाकी
के त्रिसूल सो निकलि है ।

तू न तान भौहें मान वैसी भूप मान नातो जानि
लै है प्रलय पयोधि फटि चलि है ।।

इनकी रचना से प्रभावित होकर महाराज ने इनकी सौ रुपया मासिक वृत्ति कर दी छह वर्ष के अनन्तर मानसिंह की मृत्यु और तख्तसिंह के शासनारूढ होने पर इनकी वृत्ति आधी हो गई । इसलिए ये रणजीत सिंह के पास लाहौर चले गये । लाहौर से पटियाला पहुँचे और तत्कालीन नरेश कर्मसिंह के दरबार में उपस्थित हुए । इनकी रचना से प्रभावित होकर महाराज ने इनकी पाँच रसद पक्की कर दी । अंत तक वे पटियाला रहे वृंदावन बीच बीच में जाया करते थे । इनका शरीर पात सं० 1932 में हुआ । नीति संबन्धी वृहत ग्रंथ इन्होंने महाराजा कर्मसिंह के आदेशानुसार निर्मित किया । इनके अन्य ग्रन्थ कर्मसिंह के उत्तराधिकारी महाराजा नरेन्द्र सिंह के राज्य में निर्मित हुए ।

रसिक विनोद ग्रंथ में वंश वर्णन के अन्तर्गत इन्होंने लिखा है कि चन्द्रवंश में इन्द्र सरूप साहिब सिंह हुए इन साहिब सिंह के दो पुत्र थे — कर्मसिंह और अजीत सिंह । कर्मसिंह के दो पुत्र हुए — नरेन्द्र सिंह और दीपसिंह ।

विवेक विलास में नृप वंश वर्णन और पूर्व से आरंभ किया गया है कि चन्द्रवंश में आलासिंह हुए जिनके पुत्र शार्दूलसिंह थे । शार्दूलसिंह के अमर सिंह हुए । अमरसिंह के साहिब सिंह । साहिब सिंह के बड़े लड़के कर्मसिंह और छोटे अजीतसिंह थे । कर्मसिंह के बड़े पुत्र नरेन्द्रसिंह व छोटे दीपसिंह हुए ।

पजनेस

पजनेस कवि का जन्म पन्ना में हुआ था । शिव सिंह सरोज ने इनका जन्म सं० 1872 लिखा है । इनका लिखा कोई ग्रंथ प्रकाश में नहीं आया है । भारत जीवन प्रेस काशी से इनके शृंगारी कवित्त सवैया का एक फुटकर संकलन पजनेस प्रकाश प्रकाशित हुआ है । जिससे विदित होता है कि ये रीतिबद्ध मुक्तक परंपरा के अच्छे कवि थे । शिवसिंह सरोज में इनकी नखशिख और मधुर प्रिया नामक दो पुस्तकों का उल्लेख है, किन्तु अभी तक वे उपलब्ध नहीं हुई हैं । इनके काव्य का मूल्यांकन स्फुट पदों के आधार पर ही किया जा सकता है । शृंगारी प्रवृत्ति के कारण नखशिख वर्णन की ओर रुचि होना स्वाभाविक ही है ।

शृंगार रस के लिए इनकी भाव योजना तो परंपरामुक्त ही है, किन्तु भाषा में कुछ नवीनता है । फारसी शब्दों का प्रयोग स्थान-स्थान पर जानबूझ कर किया गया है । शृंगार की कोमल व्यंजना होने पर भी कर्कश कठोर शब्द का प्रयोग इनके काव्य में है । कदाचित ये प्रतिकूल शब्द योजना को निषिद्ध नहीं मानते थे । इतना होने पर भीपद-विन्यास का कौशल इनकी कविता में है, जिसके कारण इनके कवित्त सवैयों को पढ़ते समय लय स्वर के आनन्द में कोई व्याघात नहीं पहुंचता । शब्द चमत्कार पर ध्यान होने के कारण गंभीर भाव-योजना में कहीं-कहीं ठेस लगी है । नख-शिख की दृष्टि से ये अच्छे कलाकार प्रतीत होते हैं ।

नायिका के आनन का वर्णन :

चितवत जाकी ओर चख चकि चौंध कौंधे,
भनि पजनेस मातु किरन खरी सी है ।
छबि प्रतिबिंब छूट्यो छिति छूवै छपाकर ते,
छाजत छबीलो राजै कनक छरी सी है ।
कोनौ डर लुरक गुलाब को प्रसून ग्रास
झुकि झुकि झूमि झूमि झांकित परी सी है

न७ आनन अमल अरबिंद ते अमंद अति

अद्‌भुत अभून आभा उफनि परी सी है ।।

<u>नखशिख वर्णन में उरोज का आलंकारिक</u>
<u>शैली से वर्णन :</u>

संपुट सरोज कैधौ सोभा के सरोवर में,
लसत सिंगार के निशान अधिकारी के ।
कवि पजनेस लोल चित्त वित्त चोरिबे को,
चोर इकठौर नारि ग्रीव कर कारी के ।
मंदिर मनोज के कलित कुंभ कंचन के,
ललित फलित कैधौं श्रीफल बिहारी के ।
उरन उठौना चक्रवाहन के छौंना कैधौं
मदन खिलौना है सलौना प्रानप्यारी के ।।

फारसी शब्दों के प्रयोग द्‌वारा लिखा हुआ निम्नांकित सवैया पजनेस के भाषा ज्ञान का परिचायक है । रस की दृष्टि से इसमें अनेक त्रुटियाँ हो सकती हैं, किन्तु कवि ने अपना फारसी का ज्ञान इसके द्‌वारा पूरी तरह व्यक्त करने की चेष्टा की है ।

पजनेस तसद्‌दुक ता बिसमिल जुल्फे फुरकत न कबूल करे
महबूब चुना मदमस्त सनम अजदस्त अलायल जुल्फ बरे
बजमूर ज काफ शिकाफ रूए सम क्यामत चश्म रु खूँ बरसे
मिनगाँ सुरमा तहरीर दुताँ नुक्ते बिन बे किन ते किन से ।।

ध्वनि

(1) मूल शब्द

- (1) अरबी
- (2) फारसी
- (3) तुर्की
- (4) संयुक्त

(2) परिवर्तन –

(1) साधारण परिवर्तन –

- (1) क़ ख़ ग़ फ़ ज़ श   क ख ग फ ज स
- (2) अल्पोच्चारित ह का परिवर्तन ।

(2) विशेष ध्वनि परिवर्तन —

- (1) आगम
- (2) लोप
- (3) विपर्यय
- (4) मात्रा-भेद
- (5) समीकरण
   देव कहै गरोसभरो आवत गहक गहक ।।
5. आपनेइ हाथ लै कै करत हवाल एसो, कांपे हनिहारं यौं हलाल गरदन को ।
   ---- एक सो निबाहिबो है काम मरदन को ।। 32/91.

मुहावरे	अर्थ	कवि	रचना	पृ/छ
हाकिम बरियाई लेत[1]	(मसल) अधिकारी जबरदस्ती कुछ भी ले लेता है ।	बोधा	2	156/52
हाजिर रहना[2]	खिदमत या सेवा मैं रहना ।	ग्वाल		45/75
हाथी देकर अंकुश न देना ।[3]	हाथी दे कर अंकुश देने मैं शोच करना, बड़ी चीज देकर छोटे चीज देने मैं हिचकना	देव	दि०भू०	238/63
हिम्मत हेराना[4]	हिम्मत नष्ट होना ।			73/95
हिम्मत हिसिगइ[5]		भूषण		४४९
हुक्म पाना[6]	आदेश मिलना	ग्वाल	।	39/61

1. ल्यावत चोर चुराय कै दियो भिखारी लेत ।
   बरियाई हाकिम कहै आन मिलै सो हेत ।। 52.
2. ग्वाल कवि हाजर खुदा की बंदगी मैं रहु ।। 45/75.
3. हाथी दै निशकि काहू अंकुश को बाद कीन्हो ।
   सो परवानो सोची प्रिय प्यारे बिछुरावती ।। 238/63.
4.
5.
6. ग्वाल कवि कैसो लालू लाहो हो गुलाल लाल
   पाऊ जो हुकुम तो लगाउ माल भूम कै ।।

उपसंहार

उपसंहार

शब्द समूह के विचार से प्रत्येक भाषा एक प्रकार से खिचड़ी होती है। किसी भी भाषा के विषय में यह नहीं कहा जा सकता कि वह अपने प्रारंभिक विशुद्ध रूप में अब तक चली आ रही है। दो व्यक्ति अथवा समुदाय भाषा-माध्यम की सहायता से अपने विचार परस्पर प्रकट करते है तब भाषा का मिश्रित होना आश्चर्य की बात नहीं। भाषा के सम्बन्ध में विशुद्ध शब्द का व्यवहार करने से केवल इतना समझा जा सकता है कि किसी विशेष काल या देश में उसका वह विशेष रूप प्रचलित था या है। जो भाषा आज विशुद्ध कहलाती है, वह पाँच-सौ वर्ष पश्चात् दूसरे रूप में कहलायेगी।

सामान्यतः हिन्दी शब्द समूह तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है :-

(1) भारतीय आर्य भाषाओं का शब्द-समूह।

(2) भारतीय अनार्य भाषाओं से आये शब्द तथा

(3) विदेशी भाषाओं के शब्द।

हिन्दी शब्द समूह में सबसे अधिक संख्या उन शब्दों की है, जो प्राचीन आर्य भाषाओं से मध्यकालीन भाषाओं में होते हुए चले आ रहे हैं। व्याकरण की परिभाषा में ऐसे शब्दों को तद्भव कहते है, क्योंकि यह संस्कृति से उत्पन्न माने जाते थे। इनमें से अधिकतर शब्दों का सम्बन्ध संस्कृत शब्दों से जोड़ा जाता है किन्तु जिन शब्दों का सम्बन्ध संस्कृत से नहीं जुड़ता उनमें ऐसे शब्द भी हो सकते है, जिनकी व्युत्पत्ति प्राचीन भारतीय आर्य भाषा के ऐसे शब्दों से हुई हो, जिनका व्यवहार प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के साहित्यिक रूप (संस्कृत) में न होता हो। इसलिए तद्भव शब्द का संस्कृत शब्दों से सम्बन्ध निकल आना आवश्यक नहीं है। इस कोटि के शब्द प्रायः मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं

से होकर हिन्दी में आये हैं इसलिए इनमें से अधिकतर के रूपों में बहुत परिवर्तन हो जाना स्वाभाविक है । सर्वसाधारण की बोली में तद्भव शब्द अत्यधिक संख्या में मिलते हैं । साहित्यिक हिन्दी में गँवारू समझे जाने के कारण इनकी संख्या कम हो जाती है । वस्तुतः ये असली हिन्दी शब्द हैं । कृष्ण शब्द की अपेक्षा कन्हैया अथवा कान्हा शब्द हिन्दी का अधिक सच्चा शब्द है ।

भारतीय अनार्य भाषाओं से आये हुए शब्द :

हिन्दी के तत्सम तथा तद्भव शब्दों में से अधिकांश शब्द ऐसे हैं, जो प्राचीन काल में अनार्य भाषाओं से तत्कालीन आर्य भाषाओं में आ मिले थे, जो हिन्दी के लिए वस्तुतः आर्यभाषा के शब्दों के सदृश है । प्राकृत वैयाकरण जिन प्राकृत शब्दों को संस्कृत शब्दों में नहीं पाते थे, उन्हें अनार्य भाषाओं में आये हुए समझ लेते थे ।

विदेशी भाषाओं के शब्द :

एक लम्बे समय तक भारत विदेशी शासन में रहा इस कारण यह स्वाभाविक है कि विदेशी भाषा का प्रभाव हिन्दी पर पड़े । इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है । पहला इस्लामी और दूसरा योरोपियों का प्रभाव जो प्रायः सैद्धान्तिक रूप में बहुत कुछ समान है । एक प्रकार के वे शब्द जो कचहरी, सेना स्कूल आदि विदेशी संस्थाओं में प्रयुक्त होते थे, दूसरे वे शब्द जो विदेशी प्रभाव के कारण आयी हुई नवीन वस्तुओं तथा नये ढंग के पहनावे, खाने, खेल, यंत्रों के नाम आदि होते थे ।

संस्कृत के स अक्षर की ध्वनि फारसी में ह के रूप में पाई जाती है, इसलिए संस्कृत के सिंधु तथा सिंधी शब्दों का फारसी रूप हिन्द व हिन्दी शब्द हो गया और यह शब्द फारसी का कहलाया । फारसी में हिन्दी का शब्दार्थ हिन्द सम्बन्धी है किन्तु इसका प्रयोग हिन्द के निवासी अथवा हिन्द की भाषा के अर्थ में होता रहा है । हिन्दी शब्द के साथ-साथ ही हिन्दू शब्द भी फारसी से ही आया है ।

फारसी में हिन्दू शब्द का प्रयोग इस्लाम धर्म पर विश्वास न करने वाले हिन्दवासी के अर्थ में प्रायः मिलता है । इसी अर्थ के साथ यह शब्द अपने देश में प्रचलित हो गया । शब्दार्थ के विचार से हिन्दी शब्द का व्यवहार हिन्द अथवा भारत में बोले जाने वाली किसी भी आर्य, द्रविड़ या अन्य भाषा के लिए हो सकता है । किन्तु वस्तुतः इसका व्यवहार उत्तरभारत के मध्य भाग में हिन्दुओं की आधुनिक साहित्यिक भाषा के अर्थ में विशेषतया और इसी भू भाग की बोलियों एवं उनसे सम्बन्धित प्राचीन साहित्यिक रूपों के अर्थ में सामान्यतया होता है । साथ ही इन स्थानों के ग्रामीण क्षेत्रों की मारवाड़ी ब्रज छत्तीसगढ़ी मैथिली आदि की ओर प्राचीन ब्रज अवधी आदि साहित्यिक भाषाओं को भी हिन्दी भाषा में ही समझा जाता है । हिन्दी भाषा का यही अर्थ भारत स्वतंत्र होने से पहले प्रचलित था ।

फारसी, अरबी, तुर्की और पश्तो के शब्दों का प्रभाव 1000 ई० के लगभग से होने लगा । प्रायः 600 वर्ष तक हिन्दी भाषी जनता पर तब तक रहा जब-तक हिन्दी भाषी जनता पर तुर्क अफगान और मुगलों का शासन रहा, जिनके कारण बहुत से शब्द ग्रामीण भाषा तक में समाविष्ट हो गये ।

हिन्दी भाषा में अरबी फारसी शब्दों के आगमन का सबसे बड़ा कारण मुसलमानों का भारत में आना और बस जाना था । मुसलमानों के आने से बहुत पहले भी अरब व ईरान के साथ भारत का सम्बन्ध था, अरब व्यापारियों के भारत आने की बात की पुष्टि हो चुकी है । भारत का प्रभाव अरबों पर और अरबों का प्रभाव भारतवासियों के सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन पर पड़ता था । मौलाना सुलेमान नदवी ने अपनी पुस्तक अरब व हिन्द के ताल्लुकात में कहा है कि महाभारत के जमाने में भी हिन्दुस्तान में ऐसे लोग थे, जो अरबी जबान से वाकिफ थे । गो मुश्किल से इसका यकीन आ सकता है, ताहम चूंकि एक बड़े पण्डित ने इनको माना है इसलिए मुझको इसके इन्कार की जुर्रत नहीं । सत्यार्थ-प्रकाश के मुसन्निफ स्वामी दयानन्द जी ने ग्यारहवें समुल्लास (पहला, प्रो० अध्याय-147) में लिखा है "महाभारत में जब कौरवों ने लाख का घर बना कर पांडवों को

उसके अन्दर जलाकर फूंक देना चाहा, तो विदुर जी ने युधिष्ठिर को अरबी जबान में बताया व युधिष्ठिर जी ने उसी अरबी जबान में उसका जबाब दिया ।"

अगर हम इसको ठीक मान लें तो फिर अरब व भारत के पुराने सम्बन्ध में कुछ और कहने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती । यों भी यह बात मानी जा चुकी है कि भारत का अरब देशों से पुराने काल में सम्बन्ध था भारत की पुरानी पुस्तकों में अरबों का व अरबों की पुरानी पुस्तकों में भारत का हाल मिलता है । अरब इतिहासकारों ने 'जाट' व 'मेड़' इन दो लड़ाकू जातियों का वर्णन किया है, अरब सेना के साथ जाटों ने भी ईरान के विरुद्ध में युद्ध किया था । ये जाट बड़े अच्छे सिपाही थे और अरबों को इन पर बड़ा भरोसा था ।

अरब के बाद मुसलमानों के आक्रमण हुए और इन मुसलमानों को भारत के प्रति इतना मोह हो गया कि ये इसी धरती पर बस गये तथा यहीं के होकर रह गये । इन्होंने अपने देश और जन्मभूमि की ओर कभी मुड़ कर देखने की जरूरत ही न समझी । मुसलमानों के भारत में बस जाने से यहाँ की भाषा पर मुसलमानों की भाषा का प्रभाव पड़ने लगा और यह प्रभाव धीरे-धीरे तब तक पड़ता रहा जब तक मुगलों का राज्य रहा । मुगल पराभव के साथ ही इसका प्रभाव थम गया ।

संवत् 1000 के बाद से मुसलमानों ने भारत पर बारम्बार अफगानिस्तान के रास्ते से चढ़ाइयाँ की । इसका परिणाम यह हुआ कि भारत में पंजाब मुसलमानों का अड्डा बन गया । सन् 1207 ई0 में कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया और दरबार की भाषा फारसी नियुक्त किया और धर्म की भाषा अरबी चली आ रही थी । अरबी तुर्की शब्द सीधे हिन्दी में नहीं आये वे सब फारसी में से होकर आये हैं । 7 वीं शताब्दी में ईरानियों के अरबियों द्वारा पराजित होने पर ईरान राज्य में अरबी सभ्यता के साथ-साथ इस्लाम धर्म का प्रचार भी हुआ। इस धार्मिक आन्दोलन के कारण सहस्रों अरबी तुर्की शब्द फारसी में आ गये । अतः ~~~~ ~~~~ हिन्दी में आने के पूर्व अरबी तुर्की शब्दों की मूल ध्वनियाँ नष्ट प्राय हो चुकी थीं और उनका रूप फारसी के समान हो गया था । अतः हमने समस्त

मुसलमानी शब्दों का व्यावहारिक दृष्टि से फारसी मान कर हिन्दी सम्बन्धी ध्वनि-परिवर्तन विवेचन किया है ।

ज्वाद

संस्कृत में फारसी خ (खे) { ذ (ज़ाल) ز (ज़े) ض (जोय) ظ (जोय) } ع (ऐन) غ (गैन) ف (फ़े) ق (काफ) आदि के लिए कोई ध्वनि नहीं थी, परन्तु हिन्दी में उनके लिए क्रमशः ख़ ज़ अ़ ग़ फ़ क़ आते हैं । प्रत्येक विदेशी भाषा की ध्वनियों को अपनी ग्राहक भाषा की ध्वनियों के अनुसार परिवर्तित होना पड़ता है । अतः कुछ फारसी शब्द तो तदनुसार विकृत हो ही जाते हैं । परन्तु अनेक इस कारण भी परिवर्तित हो जाते हैं कि हिन्दी विद्वानों का मत है कि फारसी आदि विदेशी शब्दों का हिन्दी रूप देकर प्रयुक्त किया जाय और यह ठीक भी है । इस प्रकार फारसी शब्दों के हिन्दी में आने पर उनमें अनेक ध्वनिपरिवर्तन हो जाते हैं ।

सबसे अधिक मुसलमानी शब्द बलबन के राज्य में ही आने प्रारंभ हुए जिसकी परंपरा मुगल काल तक अक्षुण्ण बनी रही क्योंकि बलबन ने ही भारत में प्रभुता-सम्पन्न मुस्लिम राज्य को स्थापित किया । बलबन सन् 1206 से 1290 तक विद्यमान रहा, इसने दरबार की भाषा फारसी निश्चित की । इसके दरबार में विद्वानों को समुचित स्थान प्राप्त था क्योंकि वह स्वयं शिक्षित एवं शिष्ट था व साहित्यकारों व विद्वानों के प्रति अनुरागी एवं सहिष्णु था । उन्हें दरबार में आश्रय देता था । मध्य एशिया से मंगोलों से आतंकित होकर अनेक विद्वान् और साहित्यकार भाग कर भारत चले आये थे । बलबल ने इन्हें राज्यसभा में शरण दी थी । इससे उसकी राज्यसभा विद्वानों विद्यानुरागियों और साहित्यकारों का केन्द्र बन गया था । इसकी राज्यसभा इस्लामी ज्ञान विद्या और संस्कृति की केन्द्र थी । महमूद गजनवी के समय महाकवि फिरदौस ने अपनी अमर रचना शाहनामा लिखा था जो फारसी की प्रसिद्ध रचना है (इसमें कोतवाल शब्द का प्रयोग है, जो हिन्दी भाषा से लिया गया शब्द है जिसका अर्थ किला का मालिक है) । बलबन के दरबार में शाह नामा का नियमित पाठ होता था ।

अकबर का मंत्री राजा टोडरमल ने सरकारी नौकरों के लिए फारसी पढ़ना अनिवार्य कर दिया जिससे सारे हिन्दू सरकारी नौकर फारसी पढ़ने लगे और हिन्दू घरों में फारसी की चर्चा होने लगी । दरबार की भाषा पहले ही फारसी थी । इस शिक्षा के प्रभाव से बोलचाल की भाषा में फारसी शब्दों के साथ-साथ हिन्दी समानार्थी शब्दों का बोला जाने लगा जिससे फारसी शब्द का अर्थ ज्ञात हो सके, इसका प्रभाव यह हुआ कि बोलचाल में इन युक्त शब्दों का प्रचलन प्रारंभ हो गया जो आज भी देखने को मिल जाता है । जैसे — नौकर-चाकर, गली-कूचा, शादी-ब्याह, मन्दिर-मस्जिद, लाजशर्म, बाल-बच्चे, आसा-सोटा, राह-बाट आदि ।

रीतिकाल के कवियों के प्रकाशित एवं उपलब्ध ग्रंथ 61 हैं । समग्र रीतिकालीन साहित्य का अध्ययन करने पर इसमें मुख्य रूप से दो प्रकार के कवि मिलते हैं ।

रीति कवि — जिन्होंने अपने युग की प्रवृत्ति के अनुरूप रीति ग्रंथों का निर्माण किया है ।

रीतिमुक्त — जिन्होंने पूर्ववर्ती परंपरा का पालन करते हुए या इस युग की प्रवृत्ति को स्वीकार न करते हुए ग्रंथों की रचना की जो किसी भी प्रकार के काव्य शास्त्रीय प्रभाव से मुक्त थे ।

रीति कवि —	चिन्तामणि	शास्त्र कवि —	चिन्तामणि
	मतिराम		मतिराम
	भूषण		भूषण
	बिहारी		देव
	देव		दास
	दास		प्रतापसाहि
		काव्य कवि —	बिहारी
			पद्मनेस
			राम सहाय
			चन्दन

रीतिमुक्त — घनानन्द
आलम
बोधा
ठाकुर
सूदन

काव्यशास्त्र की परंपरा में हिन्दी भाषा में सबसे पहला ग्रंथ जो उपलब्ध है, वह कृपाराम की हिततरंगिणी है। जिसका रचना काल संवत् 1598 वि० है।

भारतीय प्राचीन भाषाओं और उनसे विकसित उपभाषाओं तथा बोलियों के शब्दों के साथ विदेशी भाषाओं के शब्द भी ब्रज भाषा के अन्तर्गत पर्याप्त मात्रा में देखने को मिल जाते हैं। इनमें अरबी फारसी का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। इन शब्दों के ग्रहण का मुख्य कारण जैसा कि निवेदन किया जा चुका है, यहाँ के निवासियों का विदेशी मुसलमानों के साथ दीर्घकाल तक का संसर्ग। फारसी के शब्द जहाँ मुगलशासकों की भाषा होने के कारण जन-साधारण में अधिक प्रचलित हुए वहीं अरबी और तुर्की के शब्द क्रमशः अरब सौदागरों तथा आक्रमणकारी तुर्कों से ग्रहण किये गये। कतिपय अरबी शब्द फारसी के माध्यम से भी आये होंगे क्योंकि इसके अनेक शब्द उसमें सामान्य रूप से प्रयुक्त होते रहे हैं। किन्तु परिमाण की दृष्टि से इनमें फारसी शब्द ही अधिक कहे जा सकते हैं, अरबी के शब्द भी प्रचुर हैं पर तुर्की के शब्द अत्यन्त विरल। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन तीनों ही भाषाओं के शब्द मूल और विकृत दोनों ही रूपों में ब्रज भाषा के आरंभ काल से ही इसमें प्रयुक्त होते रहे हैं। रीतिकाल तक आते-आते चूंकि मुसलमानों का आधिपत्य समग्र ब्रजभाषा-भाषी प्रदेश पर जम चुका था और अधिकांश कवि मुसलमानों अथवा मुसलमानों से सम्बद्ध आश्रयदाताओं के यहाँ अपने काव्य की रचना कर रहे थे, अतएव जन-साधारण तथा राजदरबारों में प्रचलित इस प्रकार के शब्दों का ग्रहण एवं प्रयोग करना इनके लिए कठिन नहीं था। दूसरे उस समय की परिस्थितियों से प्रभावित लोगों की विचारधारा की सही अभिव्यक्ति इन्हीं के द्वारा संभव थी। ऐसी दशा में इनका

यथास्थान प्रयोग करना उनके लिए अनिवार्य था । यही कारण है कि संस्कृत काव्य शास्त्र के आधार पर रचित होने पर भी यह काव्य इनके प्रयोग से अछूता नहीं रह सका, उसमें यत्र-तत्र पर्याप्त परिमाण में प्रयुक्त हुए हैं । वैसे इनकी विशेषता अपने-आप में यही रही है, कि उक्त भारतीय भाषाओं एवं बोलियों से इन भाषाओं की प्रकृति एवं स्वरूप के भिन्न होने होने पर भी ये इस प्रकार जमाये गये हैंकि उनके बीच में खटकते नहीं उन जैसे ही प्रतीत होते हैं । कुछ उद्धरण देखे जा सकते हैं :—

शृंगार :

1. जड़े मनि मँदिर मोतिन की चिकैं मानिक सौसे रची ।।

— पजनेस ।

भरे नहरें नग हीरन हौज चले जैत्र खिले गुलबेस ।
जमुर्रद के तमजाम तियाचदि सँदली ओढे सखी सब पेस ।
हरे घन में ज्यों सुनहरी घटा पै सुनहरी छटा छोडे दिनेस

— पजनेस प्रकाश ।

2. गार सुमार करी बेसुमार सो पीर उन्हें न तुम्हें परवाहो ।
अँगनि ते कढि के तिय एन सो आनि लगे गढि कै मरवाहो ।
वै तुम सो हित मानत है निरदै तुम नेह कहा निरवाहो ।।
जाने कहा सुकुमारन की गति आखिर गौवनि को चरवाहो ।

— 348 दशम अध्याय ।

3. बेनीप्रवीन — नवरस तरंग 22/141.

4. प्रताप साहि — व्यंग्यार्थकौमुदी /60.

5. अजब अजाब अरविन्द की आभा पर भ्रमत गजब सी न एतिक सराबी में ।

6. देव — रसविलास, तृतीय वि० 22.

7. जहर सी नैन के कहर कहार की ।।

रीतिकाल के अन्तर्गत जिन कवियों की रचनाएं मुझे सुलभ हुई और मैंने उनका अध्ययन किया वे हैं -- आलम और शेख, आलम, केशव, कृपाराम, गंग, ग्वाल, घनानन्द, चिन्तामणि, चन्द्रशेखर, जसवंत सिंह, ठाकुर, देव, तोष, नागरीदास, पजनेस, पद्माकर, बिहारी, बेनीप्रवीन, भिखारीदास, भूषण, मतिराम, रघुनाथ, रसखान, रसलीन, वृन्द, सोमनाथ और सेनापति ।

इनकी जीवनी और इनके काव्य देखने से पता चलता है कि इनके काव्यों में अरबी-फारसी के शब्द क्यों ग्रहण किये गये हैं, जिनका मुख्य कारण निम्न है :-

(1) किसी एक राजा या अनेक राजा के दरबार में रहकर किया गया काव्य,
(2) शिक्षा की भाषा फारसी रही है,
(3) मुसलमान के पीर फकीर और उनके कैाजों के बारे में किया गया वर्णन या उनके सम्मान में किया गया काव्य,
(4) कवि का स्वयं मुसलमान होना, या
(5) मुसलमानों के संपर्क में रहना प्रत्येक कवि के काव्य में कुछ शब्द अरबी-फारसी के अपने मूल रूप में ही हैं और कुछ में विकृतियाँ आ गई हैं ।

<u>मूल अरबी के शब्द :</u>

अंजीर, अंबर, अक्स, अजीब, अदब, अदम, अदा, अदालत, अनहद्द, अनीस, अबस, अबीर, अब्द, अब्बास, अमल, अमली, अमारी, अमीन, अमीर, अरब, अरबी, अलगोजा, अव्वल, असर, अदम, आदमी, आदी, आबाद, आमिल, आयत, आराम, आलम, आला, आलीजाह, आसा, इज्जतराबी, इमाम, इल्म, इल्लत, इलाज, इलाहा, इलाही, ईजार, ईमान, ईसा, उलूम, एन, एराकी, औलिया, करम, करीम, करामात, कलंदर, कलाम, कसबाती, कायम, किताब, कीमत, कुदरत, कुमैत, खाली, खास, खासा, खिलअत, खिलवत,-खाने, गदर, गनी, गनीम, गौर, जन्नत, जनाब, जवाहिर, जाये, जारी, जाल, जासूस,

जुहूर, जेब, जोहरी, तक्सीर, तजल्ली, तमाम, तरह, तलब, ताले, दफ, दलील, दीन, दुमाला, दुलदुल, दौलत, नबी, नही, नाजिर, नाल, निहायत, नुक्ता, नूर, नूरानी, बका, बखील, बदन, बरकत, बिसात, मंसब, मकान, मगरूर, (यतीम रमल वासिलात), मजाजी, मनसबदार, मनसूबा, मरातिन, मसल, मस्ती, माल, माहिरे, मीर, मीरन, मुजरा, मुतलक, मुनासिब, मुलम्मा, मुसाहिब, मुसाहिबनि, मौज, मौजूद, मौलवी, यतीम, रमल, वफा, वासिलात, सैदल, सनदी, सनद, सदा, सबील, सला, सलातीन, सलाम, सलाह, सहन, साइस, साद, साबित, सालिम, साहब, साहिबी, सलाह, सिलाह, सिलाही, सुराही, सूरत, हराम, हकीम, हद्‌द, हरम, हरीफ, हलका, हलकान, हलाल, हवाई, हवाल, हाल, हाकिम, हिम्मति, हिम्मत, हिसाब, हुस्न, हूर, हैफ, हैरत, हैवान (कुल 170 शब्द)।

मूल फारसी शब्द :

अंकुस, अंगूर, अदा, अनार, अब्र, अरब्बी, अलमस्त, आँन, आब, आब+ताब, आबदार, आबदाना, आबाद, आमद, आमदनी, आराम, आह, कजदार, कजबंद, कबूतर, कबूतरी, कमर, कमान, कस, काकरेजी, कामयाब, कारकून, कारचोबी, कारीगर, कासनी, कुन्नस, कुलंग, कूच, कूजा, खाम, खिंग, खिलवत, खूं, गंज, गजा, गलीमन, गलीचा, गिर्दी, गिरह, गिलम, गिल, गुजरान, गुनाह, गुनहगार, गुफ, गुमान, गुरदा, गुल, गुलदार, गुलाब, गुलाल, गुले,—गुलाब, गुलेशब, गैरमिसिल, गोय, चमन, चरखी, चाम, चाकर, चाकरी, चुना, चूक, चोब, चौगान, जंग, जंगल, जमादार, जमीदोज, जमुर्रद, जमेजाम, जर जरब, जरबीला, जहान, जादू, जान, जानवर, जाम, जिगर, जीन, जेर, जोर, तंग, तंबूर, तंबूरची, तनजेब, तबक, तमामी, तरहदार, ताब, तार, तास्‌तार, तावगीर, तास, तुर्फातुंग, तुंद, तुका, तूल, तूती, तूदा, दर, दरमियान, कुदर, दस्‌दर, दरकूच, दरगाह, दरगुस्त, दरदस्त (दस्तदर), दरबा, दरबार, दरवान, दस्त, दस्तगीर, दस्तूर, दहलीज, दाऊदी, दाना; दावनी, दाम, दामनगीर, दारू

दिल, दिलअन्दर, दिलदार, दीद, दीदार, दुकान, दुकानदार, दुचंद, दुर, दोस्ती, नख, नग, नाज, नादान, नाफा, नावक, निगार, निगाह, निहाल, नीमा, नील, नेक, नै, पनाह, पर, पाक, पाक-दिल, पान, पानदान, पायक, पीर, पील, पीलबान, पेचदार, पै, पोच, बंद, बंदगी, बजोर, बदनाम, बदनामी, बदमस्त, बदरंग, बदर, बदराह, बदी, बरजोर, बरजोरी, बरबाद, बलंद, बलदार, बहार, बहाल, बाजार, बाजू, बादवान, बादशाह, बाब, बारकसी, बारगह, बारीक, बाला, बीबी, बेकार, बेताब, बेदिल, बेवकूफ, मखतूल, मनी, मलंग, मायल, माही, मियाँ मियान, मीना, मुदाम, मुहचंग, मेज, मैदान, यक, यकरोज, यारि, रंगरेज, रंगरेजना, रंगामेज, रफ, रबाब, रवा, रान, राह, राहदारी, रिंद, रुख, रुमाल, रोज, लंगर, लगाम, लब, संजाब, समंद, सरासर, सितम, सितमगर, सियर, सिप्पै, सिपाह, सुबुक, सुम, सौदागर, हरगिज, हरदम, हिलाक, हदूद, कुल 240 शब्द ।

मूल तुर्की शब्द :

उजबक, कनात, करावीन, कुमक, कुली, कैंची, खातून, खान, चाक, चिक, जार, तुजुक, तुफ्क, तुफंग, तुर्क, तुर्की, तुरमती, तोप, बहादुर, बहादुरी, मुगल, सू । कुल 22 शब्द ।

पुर्तगाली — कारतूस (एक शब्द) ।

संकर शब्द :

अरबी-फारसी : अजब बहार, अदलखाने, अमलदारी, आलमगीर, आलमनवाज, आलमबादशाह, आलमपनाह, आलमपनाह सलामत, आलमशाह, आशिकजार, आशिकनवाज, इयादार, हरम खाना, हुस्नपरस्तिश, आलमखान, जवाहरहार, तबिअतदार, दावादार, नजरबंद, बैयाना, फर्शबंद, मालहम, मुबारकबाद, सफजंग, सफजंगी, इत्रगुलाबदान, इश्क चमन, इश्कतुदः, इश्कनामः, इश्क पियालः, इश्कबाग, उम्रअंदाजः, ऐबदार, कत्लबाज,

करमगुनाह, कहकमान, खबरदार, खातिरजमा, खासदान, गर्दमन्द, गरीबनवाज, अपने विकृत रूप में आये हुए संकर शब्द है । कुल 41 शब्द ।

फारसी-अरबी : अजगैब, खुशजाहिर, दिलमाहिर, नमकहलाली, पुरनूर, बदजाती, बदसूरत, बदहाल, बेशकीमत, बेहाल, बेहिजाब, बेअख्तियार, बेइंसाफ, बेकद्र, बेतकल्लुफ, बेनज़ीर, बेफिक्र, बेमेहर, बेवस्वसः, बेशक, बेशकीमत, बेहाल, बेहवास, मस्तेजाम, मस्तहाल, मेहनज़र, रंगमहल, रंगरूस, हयेसम, लबे आब, सरखाना, अपने मूल रूप व कहीं-कहीं विकृत रूप में भी आये हैं । कुल 31 शब्द ।

ध्वनि-परिवर्तन :

फारसी से हिन्दी में आने पर ध्वनियों में निम्न परिवर्तन देखने को मिलते हैं :-

(1) साधारण ध्वनि परिवर्तन — 14.

(2) विशेष ध्वनि परिवर्तन — 9.

साधारण : इनमें क़ ख़ ग़ ज़ फ़ अ़ क्रमशः क ख ग ज फ और अ में बदल गये :-

क़ > क : अरक़ > अरक, आशिक़ > आसिक, इश्क़ > इश्क, क़तार > कतार, क़ैद > कैद, क़दम > कदम, क़नात > कनात, क़बूल > कबूल, क़रार > करार, क़सम > कसम, क़ाज़ी > काज़ी, क़ाफ > काफ, क़ाफ़ि > काफि, क़ाबिल > काबिल, क़िरानसाँनी > किरानसानी, क़ुरान > कुरान, क़ुली > कुली, क़ैंची > कैंची, क़ैद > कैद, क़ैफ़ > कैफ, क़ौल > कौल, ख़ालिक > खालिक, गुलक़ंद > गुलकंद, जौक़ > जौक, तहक़ीक > तहकीक, ताक़त > ताकत, नक़ी > नकी, नक़ीब > नकीब, नाहक़ > नाहक, बक्क़ > बक्क, बेक़रारी > बेकरारी, रक़म > रकम, लाइक़ > लाइक, हक़नाहक > हकनाहक, हक्क़ > हक्क, के रूप में प्रयुक्त हुए हैं ।

ख़ > ख : अमीरख़ान > अमीरखान, आख़िर > आखिर, आख़िरी > आखिरी, ख़ंजर > खंजर, ख़त > खत, ख़ता > खता, ख़बर > खबर, ख़बरदार > खबरदार, ख़बीस > खबीस, ख़राब > खराब, ख़रद > खरद, ख़याल > खयाल, ख़वास > खवास, ख़वासिन > खवासिन, ख़सख़ास > खसखास, ख़सूर > खसूर, ख़्वार > ख्वार, ख़्वारी > ख्वारी, ख़ाक > खाक, ख़ातिर > खातिर, ख़ादिम > खादिम, ख़ारिज > खारिज, ख़ास > खास, ख़िज़्र > खिज्र, ख़िताब > खिताब, ख़ुमार > खुमार, ख़ुमारी > खुमारी, ख़ुदा > खुदा, ख़ुदाई > खुदाई, ख़ुश > खुस, ख़ुशअदा > खुशअदा, ख़ुशदिल > खुशदिल, ख़ुशमिजाजी > खुशमिजाजी, ख़ुशरू > खुसरू, ख़ुशामदी > खुशामदी, ख़ुशी > खुसी, ख़ून > खून, ख़ूनी > खूनी, ख़ूब > खूब, ख़ेश > खेस, ख़ैबर > खैबर, ख़ैर > खैर, ख़ौफ > खौफ, तख़्त > तख्त, नाख़ुश > नाखुस, बलख़ > बलख, बख़ील > बखील, बेख़ुद > बेखुद, सख़्त > सख्त, सुख़न > सुखन, रूप में प्रयोग हुआ है ।

ग़ > ग : ग़नीम > गनीम, ग़म (ग्म) > गम, ग़रज़ > गरज, ग़रीब > गरीब, ग़रीबी > गरीबी, ग़रूर > गरूर, ग़लत > गलत, ग़लीज > गलीज, ग़ाज़ी > गाजी, ग़ाफ़िल > गाफिल, ग़ालिब > गालिब, ग़िज़ा > गिजा, ग़ुलाम > गुलाम, ग़ुलामी > गुलामी, ग़ुबार > गुबार, ग़ैरआब > गैरआब, ग़ोल > गोल, तेग़ > तेग, दग़ा > दगा, दग़ादार > दगादार, दग़ाबाज़ी > दगाबाजी, दाग़ > दाग, दिमाग़ > दिमाग, बाग़ > बाग, बाग़ी > बागी, बेग़म > बेगम, बेग़रज़ी > बेगरज़ी, सौग़ात > सौगात, के रूप में प्रयुक्त किया गया है ।

ज़ > ज : ज़ाल ज़े ज़्वाद और ज़ोय इन चारों के लिए केवल ज (जीम) का प्रयोग हुआ है ।

ज़ाल > जीम — अज़ान > अजान, इज़्ज़त > इज्जत, गज़ > गज, गज़क > गजक, ज़ंजीर > जंजीर, ज़ंजीरज़ेर > जंजीरजेर, ज़ख़्म > जख्म, ज़बर > जबर, ज़बरदस्त > जबरदस्त, ज़बराना > जबराना, ज़बाँ > जबाँ, ज़बान > जबान, ज़बानी > जबानी, ज़रदोज़ी > जरदोजी, ज़रबफ़्त > जरबफ्त, जरबाफ > जरबाफ,

ज़े > जीम : ज़रकश > जरकस, ज़रकशी > जरकसी, ज़रतार > जरतार, ज़रा > जरा (ज़रा में ज़े व ज़ाल दोनों ही को लिखने में प्रयोग होता है ।)

ज़री > जरी, ज़रीदार > जरीदार, ज़वाल > जवाल, जहाज़ > जहाज, ज़ीना > जीना, ज़ुबान > जुबान, ज़ुल्फ > जुल्फ, ज़ेर > जेर, ज़ेरदस्त > जेरदस्त, ज़ेवर > जेवर, ज़ोम > जोम, ज़ोर > जोर, ताज़ी > ताजी, तेज़ > तेज, नाज़ > नाज, नाज़नी > नाजनी, बाज़ > बाज, बाज़ी > बाजी, बाज़ूबंद > बाजूबंद, मालज़ादी > मालजादी, मिज़ाज > मिजाज, रोज़ > रोज, रोज़गार > रोजगार, वज़ीर > वजीर, हज़ार > हजार, हज़ारी > हजारी के रूप में लिखा गया है ।

<u>जोय > जीम</u> : अज़ीम > अजीम, अज़ीमुस्सान > अजीमुस्सान, काज़िम > काजिम, ज़ालिम > जालिम, ज़ाहिर > जाहिर, नज़रबाज़ > नजरबाज, नज़र > नजर, नाज़िरः > नाजिरः ।

<u>ज्वाद > जीम</u> : गज़ब > गजब, ज़िया > जिया, नब्ज़ > नबज, मौज़ा > मौजा, राज़ी > राजी, हौज़ > हौज, के रूप में परिवर्तन देखने को मिला ।

<u>फ़ > फ</u> : अरबी – कैफ़ि > कैफी, जाफ़र > जाफर, फ़ौज > फौज, वफ़ा > वफा, फ़ंद > फंद, फ़कीर > फकीर, फ़रस > फरस, फ़सादी > फसादी, फ़िदा > फिदा, फ़िराक़ > फिराक, मुसाफ़िर > मुसाफिर, सूफ़ > सूफ, सैफ़ > सैफ, हरीफ़ > हरीफ, हातिफ़ > हातिफ ।

<u>फारसी</u> – आफ़त > आफत, फ़रेब > फरेब के रूप में प्रयुक्त हुए हैं ।

<u>श > स</u> : (फारसी) में स के लिए तीन वर्ण हैं – से सीन स्वाद सीन का ही प्रयोग हुआ है :– आशिक > आसिक, इश्कनशा > इस्कनसा, इशारत > इसारत, इशारा > इसारा, ऐश > [illegible] > तास, रौशन > रौसन, शराब > सराब, शरीक > सरीक, शान > सान, शामिल > सामिल, शाइर > साइर, हब्शी > हबसी, हशम > हसम, तु० तलाश > तलास, तलाशी > तलासी, फा० आतश > आतस, आतशबाजी > आतसबाजी, आशना > आसना, आश्ना > आस्ना, कश्मीर > कस्मीर, खरगोश > खरगोस, गश्त > गस्त, गश > गस, गोश > गोस, गोशः > गोसा, गुलाबपाश > गुलाबपास, जश्न > जसन, ज़ीन पोश > जीनपोस, जोशन > जोसन, तराश > तरास, तरकश > तरकस, तरकशमय > तरकसमय, तोशक > तोसक, दरपेश > दरपेस, निशस्तगाह > निसस्तगाह, निशा > निसा, निशान > निसान, पेश > पेस, पेशकश > पेशकस, वेश > वेस, मुश्क > मुस्क, मुश्की > मुस्की,

शबीह > सबीह, शरार > सरार, शहाब > सहाब, शादी > सादी, शाक्स > साक्स, शाल > साल, शीर > सीर, शिकस्त > सिकस्त, शिकार > सिकार, शिताब > सिताब, शीशी > सीसी, शीश: > सीसा, शुम > सुम, शोख > सोख, शोर > सोर के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

(2) अल्पोच्चरित "ह" हिन्दी में आ के रूप में परिवर्तित हो गया है - जैसे - अः > आ।

अलाहदः > अलाहदा अलहदा, अरावः > अराबा, अजूबः > अजूबा, आईनः > आईना, आफ्ताबः > आफताबा, उम्दः > उमदा, किस्सः > किसा, कुर्तः > कुर्ता, कुल्लः > कुल्ला, खसखानः > खसखाना, गंजिफः > गंजिफा, गुस्सः > गुस्सा(गुसा), गोलः > गोला, चश्मः > चसमा, चिलतः > चिलतह, चिल्लः > चिल्ला, चूजः > चूजा, जामः > जामा, जीनः > जीना, जुर्रः > जुर्रन, तुर्रः > तुर्रा, निशानः > निशाना, नैजः > नैजा, परवानः > परवाना, पजावः > पजावा, बहानः > बहाना, बोजः गर > बोजागर, मक्कः > मक्का, महबूबः > महबूबाँ, मस्तानः > मस्ताना, मेवः > मेवा, रेजः > रेजा, सक्तः > सकता, सुर्मः > सुरमा, शोरः > सोरा, सूबः > सूबा के रूप में प्रयोग किये गये हैं।

कहीं-कहीं अल्पोच्चरित 'ह' का लोप भी देखने को मिला है। जैसे - अंदेशः > अंदेश। औ की प्रवृत्ति - कमीनः > कमीनौ, गोलः अंदाज > गोलंदाज, दरीचः > दरीचन, दिवारे कह कहः > दिवारे कह कह, दौरः > दौर, नार्कदः > नार्कद, परंदः > परंद, परिंदः > परिंद, बस्तः > बस्त, रिसालः > रिसाल, सब्जः > सबज, सायः बान > सायबान।

अः > ई - अलाहदः > अलाहदी, खस्तः > खस्ती, ताजः > ताजी, दरीचः > दरीची, दीवानः > दिवानी, शिकस्त > सिकस्ती।

अः आ में परिवर्तित होता है साथ में मध्य में इ का आगम भी देखने को मिलता है। जुम्लः > जुमिला, तक्यः > तकिया, बख्यः > बखिया, बागचः > बागीचा (मध्य में ई का आगम)।

अल्पोच्चरित ह का ए हो जाना — खास: > खासे, गोश: > गोसे, जनान: > जनाने, दरवाज: > दरवाजे, दुशाल: > दुसाले, पेशखान: > पेशखाने, मज: दार > मजेदार, दमाम: > दमामे, दिवान: > दिवाने, आइन: > आइने, अलाहद: > अलाहदे, इशार: > इशारे, खिजान: > खजाने, खान: > खाने, खसखान: > खसखाने, जाद: > जादे — मीरजादे, पीरजादे इत्यादि । जमान: > जमाने, तहखान: > तहखाने, तोपखान: > तोपखाने, शाहजाद: > साहजादे, शामियान: > समियाने, साद: > सादे, शकरपार: > सक्करपारे, हरमखान: > हरमखाने, शुतुरखान: > सुतुरखाने, सूब: दार > सुबेदार, सिलहखान: > सिलहखाने, हरामजाद: > हरामजादे, हवाल: > हवाले,

अ: का ऐ होना : जैसे — मुकाबल: > मुकाबलै

अ: का ओ होना : जैसे — अराब: > अराबो, इशार: > इसारो, दमाम: > दमामो ।

अ: का औ होना : जैसे — अजूब: > अजूबौ ।

कुछ विशेष परिवर्तन भी देखने को मिलते हैं —

(1) आगम,

(2) स्वर आगम, तथा

(3) व्यंजन आगम ।

आदि स्वर आगम — चमन > चिमन, जमूअ > जूमिओ, नवाज़ > नेवाज़, पशेमान > पिसेमान, फरमाना > फुरमाइ,

मध्य स्वरागम : हलन्त वाले ध्वनियों में स्वर ध्वनि आ गई है । जैसे — अक्ल > आकिल, अक्ल, अकिल, अक्बर > अकबर, अद्न > अदन, अफ़्शा > अफसाँ, अफ़्सर > अफसर, अफ़्सोस > अफसोस, अल्मस्त > अलमस्त, अस्ल > असील, अस्लम > असलेम, अस्बाब > असबाब, अस्वार > असवार असबार,

अह्दी > अहदी, आश्नाई > आसनाई, आस्मान > आसमान, इक्बाल > इकबाल, इक़्राम > इकराँम, इख़्लास > इखलास, इमुरोज > इमरोज, इल्बास > इल्बेस, इल्म > इलम, इलमै, इस्लाम > इसलाम, उज्र > उजुर, उम्र > उमिर, कत्ल > कतल, क़स्बः > कसब, कश्मीर > कसमीर, कह्र > कहर, किश्मिश > किसमिस, किश्मिशी, > किसमिसी, खस्म > खसम, खुल्क़ > खलक, खुशबख़्ती > खुशबखतिया, [illegible] खुशहाल, > खुसिहाल, गंजबख़्श > गंजबक्स, ज़र्द > जरद, जह्र > जहर, जिन्हार > जिनहार, ज़िक्र > जिकिर, जुल्म > जुलम, जुलुम, तक़्सीर > तकसीर, तक्रार > तकरार, तख़्त > तखत, तद्बीर > तदबीर, तब्ल > तबल, तस्लीम > तसलीम, तह्रीर > तहरीर, दफ़्तर > दफतर, दस्तख़त > दसखत, दह्शत > दहसति, दुन्या > दुनिया, दुनी, > दुश्मन > दुसमन, पाज़ेब > पाइजेब, पापोश > पाइपोश, पमाल > पाइमाल, पाइमाली, पिश्वाज > पिसवाज, फ़ज्र > फजर, फ़त्ह > फतुह, फ़र्मान > फरमान, फ़ह्म > फहमे, बदख़्शाँ > बदखशान, बर्क़ंदाज > बरकनदाज, बह्स > बहस, बुल्बुल > बुलबुल, मक़्बूल > मकबूल, मख़्मल > मखमल, मख़्मली > मखमली, मग़रूर > मगरुर, मग़्रिबी > मगरबी, मज़्कूर > मजकूर, मजनूँ > मजनु, मज्बूत > मजबूत, मज्लिस > मजलिस, मत्लब > मतलब, मद्होश > मदहोस, मस्नद > मसलंद, मसुनद, महबूब > महबूब, मह्रम > महिरम, महरम, मह्शर > महशर, मिल्क > मिलक, मुंशी > मुनसी, मुचल्का > मुचलका, इस तरह कुल 145 शब्द मध्य स्वरागम के देखने को मिले ।

अन्त स्वरागम : अस्ल > असीले, उम्र > उमर, उमरा > उमराउ, उसूल > उसुले, कस्रत > कसरति, कलाम > कलामै, कह्र > कहरी, कीमत > किमति, खबर > खबरि, गद्र > गदर, जुराफ़ > जुराफा, देव > देवा, नज़र > नजर, बला > बलाइ, बह्र > बहरि, मग़रूर > मगरुरि, मसल > मसला, मुराद > मुरादा, रजा > रजाइ, के रूप में व्यवहृत हुए हैं ।

आदि व्यंजन आगम : गुर्ज > ग्गुरजनि, दीवनी > जिदीवने के रूप में व्यवहृत हुए हैं ।

<u>मध्य व्यंजन आगम</u> : अकबर > अकब्बर, अक्ल > अक्कल, अजूब > अजब्ब, अंमारी > अंबारी, रयाकी > यक्की, कमर > कम्मर, कलाबतून > कलाबत्तन, कीमत > किम्मति, कुल > कुल्ल, गजब > गजब्ब, गर्कः > गरक्कि, गर्क गिलः > गिल्ला, गुर्ज़ > गुरुज्जे, जबर > जब्बर, दिलेर > दिलवारे, पजामः > पायजामा, पाअंदाज > पायनदाज, बदी > बद्दी, बहाल > बहल्ला, बेहद > बेहद्द, मुकाबा > मुक्कबा, मुश्किल > मुसक्किल, रदी > रद्दी, रोजरोज > रोज ही रोज, वजीर > उज्जीर, सलाह > सल्लाह, हलब्बी > हलब्बी, हुनर > हुन्नर के रूप देखने को मिले ।

<u>अन्त व्यंजन आगम</u> : अदानी > अदानिया, अफ़्जूं > अफ़्ज़ूद, अदा > अदाह, अरबी > अरबीन, आमद > आवदनी, उमरा > उमराव, कद्द > कद्दन, कद्रदाँ > कदरदान, कलक > कलकान, कलाम > कलामिनी, ख़सम > खसमाना, खास > खासन, खुशअदा > खुशअदाह, खुशबू > खुशबोही, जक़द > जर्कदत, जलाल > जलुलत, तख्त नशीं > तखत नसीन, तसद्दुक़ > तसदुदुकता, ताजी > ताजिया, तुर्शः > तुरशना, तुर्क > तुरकिनि, दफ > दफेर, दरिया > दरियाव, दरयाव, दरय्याव, दस्तः > दस्ताने-करि, नवाज़ > नेवाजत, नशीं > नशीनम्, परवा > परवाहि, पश्म > पश्मीनन, पोयः > पोइस, फना > फनाह, फराख > फरागत, बख्श > बक्सत, बाजिंद > बाजीनदार, बू > बोहन, बेपर्वा > बेपरवाही, बेपरवाह, मजनः > मजन्नस, मज्मूअः > मजमूये, मेह्रबानी > मेहरबानगी, मुरस्सः > मुरस्सेकारी, रफ़ू र या रफ़ू अ > रफ्फयत, रिंद > रिंदगी, रुख > रुखाये, रुजूअ > रुजुक, सब्र > सबूर, शरीक > सरीकिनि, हक्क > हकाहक के रूप में प्रयुक्त हुए है ।

लोप के उदाहरण भी पर्याप्त देखने को मिले ।

<u>आदि स्वर लोप</u> : इसमें निम्न शब्द दृष्टिगत हुए है — अयाल > याल, कियामत > क्यामत, खयाल > ख्याल, जवान > ज्वान, जवाब > ज्वाब, पयादः > प्यादे-प्यादन, पियालः > प्याले-प्याला, मियान > म्यान, सवाल > स्वाल, सियाह > स्याह, सियाही > स्याही के रूप में प्रयुक्त हुए है ।

<u>मध्य स्वर लोप</u> : अजब > अज्ब, अखीर आखर, आखिर > आखर, उत्फ़ > उतक, खलक > खल्क, खुशहाल > खुस्याल, खुशहाली > [illegible], खुस्याली, [illegible] जैयिद > जैयद, तअज्जुब > तज्जुब, तकीअ > तका, तीरंअदाज > तीरंदाज, [illegible] दरमियान > दरम्यान, मुआफिक > माफक, माफिक, मुसव्विर > मुसव्वर, रजज़ > रज्ज, रवाअः > रद, रुक्अः > रुका, रुक्का > रुक्क, लाजिम > लाजम, सिफ़त > सिफ्त के रूप में प्रयुक्त हुए हैं।

<u>अन्त स्वर लोप</u> : सनम > सनम् ।

<u>आदि व्यंजन लोप</u> : अफसोस > सोस, दगाबाजी > बाजी के रूप में ।

<u>मध्य व्यंजन लोप</u> : अआज > अगाज, अल्लाम > अलाम, इज्जत > ईजत, उम्मीद > उमीदै-उमेद, एहतिमाम > इतमाम-इतिमान, कज़्ज़ाक़ > कजाकु, कज़्ज़ाकी > कजाकी, कद्देआदम > कदआदम, कस्साब > कसाइ, खुशहाल > खुसाला, जमानतदार > जमान्दार, ज़िंदगी बख्श > जिंदबक्स, ताजियानः > ताजन, तर्रार > तरारे, तोशाखाना > तोसेखाने, दल्लाल > दलाल, दावात > दोत, नज्दीक > नजीकहि, नशशः > नसा, नायब > नेब, फर्माबरदार > फरमार, फर्राश > फरास, बदख्वाह > बदखाह, ब्लगार > बगार, मज्हब > मज्ब, मस्लहत > मसलत मसलति, मस्जिद > मसीत, महल (ल्ल) > महल-महलन, महलनि, मुआफ > माफ, मुक्कैश > मुकेस, मुफ़्लिस > मुफिस, मुहिम्म > मुहिम, मुरस्सा > मुरसा, मुतसद्दी > मुसद्दी, मुशाज्जर > मुसजर, रंग बरंग > रंग रंग, रद्द > रद, रद्दी > रदासे, रब (ब्ब) > रब, लक्का > लकी, सक्का > सका, सर्राफ > सराफ, सुन्नत > सुनति, हक्क > हक, हम्माम > हिमाम, हमायल > हमेल हो गया है।

<u>अन्त व्यंजन लोप</u> : आनक > आ, अर्जा > आ, आलीजाह > आलीजा, कुहाम > कूहर, कोताह > कोता, जमूरक > जमूरे, जुल्कर्नैन > जुल्कर्न, तस्बीह > तस्बी, ताब > तौ, नवाजिश > नवाजा, पैकानी > पैक, फौरन > फौरी, बेआब > बेआब, बोहदः > बोह, मसखरगी > मसखरी, मिल्कीयत > मिलकिया, रंजिश > रंज रंज, शहादत > सहादी, हलाकत > हलाक, हैबत > हेबा हो गया है।

विपर्यय – स्वर व व्यंजन दोनों तरह के विपर्यय देखने को मिले —

(1) स्वर विपर्यय : असली > असील, अजीमत > अजमति, कलाबतू > कलाबुत, कलाम > कलमा, काहिल > काहली, गियार > गयारी, चादर > चदरा, जिरिह > जिरही, नवाजिस बहरियः > बहीर, हाल > हला के रूप में मात्रा विपर्यय दिखाई देता है ।

(2) व्यंजन विपर्यय : अव्वल > अवलम, आतशबाजी > आसतबाजी, इश्के पेचाँ > आक्सपेंचा, कुफुल > कुलुफ, कुहल > ~~कुल्ह~~, कुल्हली कुल्लह के रूप में ।

(3) समास विपर्यय : में खाकेपा > पायखाक, खासोआम > आमखास, आमखास, पयादः पाई > पाइपयादे, मस्ते शराब > सराबमस्त, रफ्तः होश > होशाम रफ्त प्रयुक्त हुए हैं ।

मात्रा भेद :

ह्रस्वीकरण की प्रवृत्ति भी निम्न शब्दों में देखने को मिली । अर्बा > अर्ब, ~~अजार~~ आज़ार > अजार, आदाब > अदाब, आबखोरा > आबखोर, आबशार > अबसारे, आवाज > अवाज, आस्तीन > असतीन, आशनाई > असनाइ, आहू > अहू, इलाहा > इलाह, खुदाया > खुदाय, चालाकी > चलाकी, जाब्ता > जबद, जेबा > जेब, जेबादार > जेबदार, तालिम > तलीम, नाकारी > नकारी, नापाक > नपाक, नाशपाती > नासपाति, बाज़ार > बजार, बारगी > बरगी, बारगीर > बरगीर, माहताब > महताब, करामाती > करामति, कही > कहि, खलीकः > खलिक, जुदाई > जुदाइ, दीवान > दिवान, नीलोफर > निलोफर, मीरजा > मिरजा, मुद्दई > मुद्दइ, शाही > साहि, दूरबीन > दुरबीन, बारूद > बरूद, तुफैल > तुफेल । औ > ओ : तौर > तोर, रौगन > रोगन, रौशनी > रोशनी, रौशनाई > रोसनाइ, सौसन > सोसनी, हामिल > हमाल, हौल > होल के रूप में दृष्टिगोचर होते हैं ।

<u>दीर्घीकरण</u> : का उदाहरण भी कुछ मिले है । जैसे – अरबी > आरबी, कशिदा > कसीस, कुब्ब > कूब, गुंचा > कूंचे, चुना > चूं, जिहाज़ > जिहाजधानी, ताकि > ताकी, दालान > दाला~~निशानी~~, दाल(ल्ल) निशानी > ~~दल्ल~~निसानी, पेंच > पेच, बदफैल > बदफैले, मुकाते > मुकातै ।

<u>समीकरण</u> :

<u>पुरोगामी</u> – इस परिवर्तन का रूप निम्न शब्दों में देखने को मिला – आमेज > आमेजे, आमेजन > आमेजना, एलची > एलच, कद्दू > क्कद, तवेल > तबेले, नजील > नजीली, नैजः > नेजे, पेश खेम > पेशखेमा, फिक्र > फि किर, मुल्क > मुलुक, सुमार > सुमारु, हजारहा > हजारह, हलाक > हलाका, हुक्म > हुकुम ।

<u>पश्चगामी समीकरण</u> – इसमें कश्ती > किस्ती, किवाम > किमाम, गिरिह > गिरहबाज, गिरीबान > गिरबान, चिकिन > चिक्न, जियादः > जादा, गिरिह > गिरह, जुलूस > जलूस, जुल्मत —, जुलुमात —, जाहिर > जाहर, तकाबुल > तकाबल, तफावुत > तफावत, दामाद > दमाद, नदिर > नादर, नाजुक नाजक, पेशानी > पिसानी, बुशारत > बसारत, मरातिब > मरातब, मशरुअ > मुसरु, मसुरु, सादिक > सादक, कत्लेआम > कतलाम, मेहमान > महमान, मेहराब > महराब, रिहल > रहल, सरकश > सक्कस, सरदारी > सिरदारी, के रूप में परिवर्तन देखने को मिला ।

<u>विषमीकरण</u> :

<u>पुरागामी</u> – गिरिफ्त > गिरफ्तै, गुलला > गुलेला, चुगुल > चुगुल, दमामा > दमल, दुरुस्त > दुरस्त, बकवाद > बकवादु, बुलंदबलंद > बखतबुलंद ।

<u>पश्चगामी</u> : आहन > अहिन, आशिकी , कुसूर > कसुर, गुरुर > गरुर, ~~कुसूरशिकायत~~ नुजूम > निजूम, नुजूमी > निजूमी, फुतूर > फितूर, मरातिब > मुरातब, हुजूर > हजूर हजूरि ।

अघोषीकरण – घोष ध्वनियों के स्थान पर अघोष ध्वनि का आ जाना – जैसे – चिराग् > चिराक, दिमाग् > दिमाक, शिगाफ > काफ, दिमागदार > दिमाकदार, अबदाली > अबताली, कस्द > कस्त, कवाइदः > कवाइत, पादशाह > पातशाह, पादशाही > पातसाही, फस्द > फस्त, मदद् > मदति, आफ्ताब > आफताप, किमख्वाब > कीमखाप, कीमखापी, जाब्ता > जापता, चोबदार > चोपदारी, तरकीब > तरकीप, बदपरहेज > पदपरहेज हो जाना । ग का क और ब का प होना ।

महाप्राणीकरण – अल्पप्राण ध्वनियों का महाप्राण ध्वनियों में बदल जाना । असपी > असफी (प के स्थान पर फ), कौम > खोम, चाबुक > चाभुक, फ़िद्मत फ़िदमत, कत्तर > खत्तर, कत्तरवारे > खत्तरवारे, मज़ाक > मजाखे, मुबारक > मुबारख, रसद > रसधि, वरक् > वरख, सबलत् > सबलथ, हमावर > समहरि, संदूक > सिंदुख, और हर्फः > हर्फ के रूप में परिवर्तन होना ।

अल्पप्राणीकरण – ख > क, फ > प, द > त होने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है । जैसे – दोज़ख > दोजक, बक्श > बक्से, बख्शिश > बखेसे, बलख़ > बलक, सीख़ > सीक, फौलाद > पोलाद, अफ़्सोस > अपसोस, फलीद > पलीद, फ़ानूस > पानस हो जाता है ।

संघीकरण के भी कुछ उदाहरण मिलते हैं । जैसे – ज़ोरआवर > जोरावर, मशहूर > मसूर, मुद्दई > मुद्दी, रईयत > रैयति रैयति के रूप में लिखा जाना ।

अनुनासिकता – के उदाहरण भी हैं । जैसे आन > आँन, आराम > आँराम, आस्मान > आसमाँन, कूच > कूँच, दाना > दाँने, दुनयादार > दुनियाँदार, मेह्रबान > महरबाँन, सरहद > सरहँदा, कशिश > कसीसें, अफ़सोस > अपसोसें फारसी में तथा कत्लेआम > कतलाँन, लौज > लौंज, सलामत > सलाँमत, हैरान > हैराँन हो जाना अरबी में देखने को मिलता है ।

स्वन का परिवर्तन – इस ध्वनि में स्थान भेद से निम्न परिवर्तन दिखे –

(1) अलिफ के बाद ऐन आने पर हमेशा आ होता है :–
जैसे – आ'रब > आरम्भ, आ'लम > आलम, आ'ला > आले हो गये ।

(2) मध्य में ऐन आने पर समीपवर्ती व्यंजन में आ की मात्रा जुड़ जाती है । जैसे – मश् अल > मसाल, शमअदान > समादानु, हक़्तआला > हक्कताला हो गये ।

(3) अन्त में ऐन आने पर भी आ की मात्रा हो गई । जैसे – जम् अ > जमा, तमअ > तमा, नफ़् अ > नफा हो जाना ।

(4) कुछ स्थान पर ع ऐन का प्रयोग आ की मात्रा के रूप में ही हुआ है । जैसे – जा'फर > जाफर, जा'फरानी जाफरान, ता'रीफ > तरीफ (ऐन का लोप), ता'लीम > तालीम, ता'बीज > तबीज (ऐन का लोप), दा'वत > दावत, दा'वा > दावा, मा'लूम (समीकरण), > मालिम, वा'दः > उबादो (आदि स्वरागम) हो जाना ।

(5) ऐन का ऐ हो जाना । जैसे – इस्ते'माल > इस्तैमाल व फे'ल > फैल हो जाना ।

(6) कहीं-कहीं ऐन का लोप भी देखने में आता है – जैसे – इनुआम > इनाम, जमाअत > जमात हो जाना ।

कुछ स्थान पर ध्वनि परिवर्तन ब्रजभाषा के अनुरूप हुआ है । जैसे बहु० वचन बनाने के लिए अन्त में न लगाने की प्रवृत्ति। अलगारों, तोहफा, मर्दः, मर्द का अलगारन, तोफन, मरदन, लिखना । अन्त में इन प्रत्यय की भी प्रवृत्ति दृष्टिगत होती है । जैसे – अहदी > अहदिनि, खवास > खवासिन, खिलवत > खिलवतिन, जुल्फनि > जुल्फनि, महल > महलनि आदि । बहुवचन बनाने में अन्त में ए ऐ ओ और औ कर देने की प्रवृत्ति भी आम है । जैसे – किला का किले और इसी प्रकार बंदा, का बंदे, मुरब्बा का मुरब्बे, चादर का चादरै, पेशकश का पेसकसै तथा महबूब का महबूबों, मर्द का मरदौं तथा मरदौ होना यार का यारौ हो जाना ।

कुछ शब्दों में अन्त में इकारान्त की प्रवृत्ति भी दृष्टिगत है । अज्मत > अजमति, अदूल > अदली, आलमगीर>आलमगीरी, करामत> करामति, के क्रम में लिखा जाना । इस प्रकार के करीब 21 शब्द दिखे ।

कहीं-कहीं ए को अ में और अ को ए में बदल दिया गया है । अ और ऐ के बीच भी परिवर्तन दिखते हैं ।

आ का ए व ऐ में बदल जाना । जैसे — किताब को कितेब, जुबा का जुबे, तमाशा का तमाशे । कहीं इ>अ में बदलता हुआ भी दिखता है । इख्तयार का अख्त्यार, इलाह का अलह आदि ।

<u>य > इ</u> : य का इ में व इ का य में परिवर्तन भी इक्का दुक्का है । खुश्यः का खुसी, तगय्युर का तगीर, विलायत का विलायती लिखा जाना ।

<u>इ > य</u> — अजायब का अजाइब व लाइक का ~~[illegible]~~ लायक लिखा जाना ।

इसके साथ कुछ व्यजनों में भी परिवर्तन दिखते हैं । ~~इसके साथ कुछ व्यजनों में भी परिवर्तन दिखते हैं~~ । जैसे र के स्थान पर ल, व ल के स्थान पर र होना ज और द भी एक दूसरे का स्थान लेते हुए दिखते हैं । ज के साथ त का भी स्थान परिवर्तन हुआ है । कुछ परिवर्तन ये भी हैं — द > य, न > र, द > र, ब > य, य > ल, इ > य, व > उ, व > औ, व > ब, ब > व के उदाहरण कुछ ही मात्रा में है । म > ब, ब > म ।

भिन्न वर्तनी के भी उदाहरण मिलते हैं । औरंग का अवरंग लिखना ।

<u>उ > ओ</u> : ऊ > ओ, ऊ > औ, ओ > उ का उदाहरण भी मिलते हैं ।

कुछ परिवर्तन बे नियम भी हुए हैं, जिनको एक अलग श्रेणी में ही रख दिया है ।

फूलों के 8, फलों के 6, मेवों के 2, देश के नाम 14, जाति के नाम 16, बादशाह या राजा के लिए 23 शब्द, मुस्लिम नाम 27, शरीर के

अंगों के नाम 30, धर्म के 49, ईश्वर के 13 नाम आये हैं । गाली के 17, जेवर के 12, शिक्षा के 7, वाद्य के 11 युद्ध के 7, कवच के लिए 4, सेना के लिए 13, शस्त्र के लिए 44, पताका के लिए 5, रंग के कुल 23 शब्द, रोग व दवा के 10, सम्बन्ध में पुत्र व दामाद का जिक्र है । व्यवसाय में 62 नाम आये हैं । खेल के 9 शब्द । खाद्यपदार्थ 13, जानवर व पक्षी 20 शब्द, अधिकारी के लिए 16, वस्त्र के नाम 20, कपड़ों के भेद में 35 प्रकार, बर्तन 14, शामियाना 10, सेवक के लिए 25 शब्द, मणिमोती के लिए 8, हाथी से संबंधित 8 व 2 शब्द रंग के लिए, घोड़े के लिए 31, भवन या मकान 27 शब्द, उपाधि 20 शब्द, शृंगार प्रसाधन 7, प्राकृतिक वस्तु के लिए 23 शब्द, ओढ़ने बिछाने के कपड़े तथा तत्सम्बन्धी सामान के 17, जहाज से सम्बन्धित 5 शब्द, शिष्टाचार के लिए 6 शब्द आये हैं ।

बार प्रत्यय : के लगभग 40 शब्द ।

बरदार प्रत्यय केग 10 शब्द ।

जादा प्रत्यय के 11 शब्द । जादः को स्त्री० बनाकर 5 शब्द बने हैं ।

गर प्रत्यय के 5 शब्द तथा गार प्रत्यय के 2, गीर प्रत्यय के 5 खानः या खाना प्रत्यय जोड़ कर कुल 13 शब्द ।

अर्थ : अर्थ संकोच, प्रसार व परिवर्तन के उदा० भी प्राप्त हैं । अर्थ-संकोच के 47 शब्द, अर्थ प्रसार के 103, अर्थ परिवर्तन के 26 शब्द मिले ।

मुहावरे - जीवित भाषा के प्राण मुहावरे होते हैं । इनके द्वारा भाषा की सजीविता में वृद्धि होती है । भाषा को समृद्ध सम्पन्न एवं प्रभावशाली बनानेवाली विभिन्न शक्तियों में मुहावरे का अपना विशिष्ट स्थान है । शब्द की तीनों शक्तियों - अभिधा, लक्षणा और व्यंजना पर आधारित यह अभिव्यक्ति प्रकार शब्द या वाक्यांश के माध्यम से अभिव्यक्ति को एक अनूठापन एक तीखा चुटिलापन एवं मार्मिकता प्रदान करता है । फारसी मुहावरे का शुद्ध रूप से प्रयोग न के बराबर मिलता है, बल्कि हिन्दी मुहावरे के कुछ शब्दों को फा० अ० के शब्दों द्वारा बदल दिया गया है

संदर्भ-ग्रन्थ-सूची

1. रीति काव्य की भूमिका : नगेन्द्र
2. काव्यशास्त्र का इतिहास : भगीरथ मिश्र
3. हिन्दी रीति साहित्य : भगीरथ मिश्र
4. हिन्दी साहित्य कोश : भाग-1 : धीरेन्द्र वर्मा (प्रधान संपादक),
   ब्रजेश्वर वर्मा
   धर्मवीर भारती
   रामस्वरूप चतुर्वेदी
   रघुवंश (संयोजक) ।
5. घनानन्द और स्वछन्द काव्यधारा : डा० मनोहर लाल गौड़,
   नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी ।
6. रीतिकालीन कवियों का काव्य-शिल्प : ले०डा० महेन्द्र कुमार
7. साहित्य कोश : भाग-2.
8. रीतिकाल के वस्त्राभूषण : डा० लल्लन राय
9. हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास : डा० नगेन्द्र
10. हिन्दी साहित्य का अतीत : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
11. शृंगारावली : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
12. अरब व हिन्द के ताल्लुकात : मौ० सुलेमान हादवी
13. चतुर्दश भाषा निबन्धावली : शिवपूजन सहाय
14. पर्सियन इनफ्लूएन्स आफ हिन्दी : डा० हरदेव बाहरी
15. हिन्दी मुहावरे : डा० प्रतिमा अग्रवाल : एम०ए०, डी०फिल्
16. अद्यतन हिन्दी शब्दकोश :
17. ए न्यू हिस्ट्री आफ इंडिया : ईश्वरी प्रसाद
18. बद्रनाह का उर्दू-हिन्दी शब्दकोश

19. मध्यकालीन भारत : भाग- 1, 2, 3 : सं० डा० इरफान हबीब
20. नागरी प्रचारणी पत्रिका, वाराणसी
21. मध्यकालीन भारत : डा० ईश्वरी प्रसाद

आधार-ग्रन्थ-सूची

1. आलम केलि, आलम और शेख, सं० लाला भगवानदीन, प्र० उमाशंकर मेहता, रामघाट, काशी, सं० 1979, प्र०सं० ।

2. आलमकृत माधवानल काम कंदला, आलम, सं० डा०रामकुमारी मिश्र, प्राध्यापिका-हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्र०डा०रत्नाकुमारी, स्वाध्याय संस्थान, विज्ञान परिषद् भवन, प्रयाग, सन् 1982.

3. कवित्त रत्नाकर, सेनापति, सं० पं० उमाशंकर शुक्ल, भू०पू०रीडर, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद । प्र० हिन्दी परिषद् प्रकाशन, प्रयाग विश्वविद्यालय, प्र०सं० 1936 तथा छठा सं० 1971 ई० ।

4. (आचार्य) केशवदासकृत रसिक प्रिया का प्रिया प्रसाद तिलक, आ०केशवदास, टीकाकार-विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, कल्याणदास एण्ड ब्रदर्स, ज्ञानवापी, वाराणसी, प्र०सं० सं० 2015 तथा द्वि०सं० 2024 वि०.

5. केशव ग्रन्थावली, खंड-2, सं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, हिन्दी वि० काशी विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्र० हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद, प्र०सं० सं० 1966 तथा द्वि०सं० 1959 वि० ।

6. केशव ग्रन्थावली, खंड-3, सं०तथा प्र० वही ।

7. कृपाराम ग्रन्थावली, कृपाराम, सं० पं० सुधाकर पाण्डेय, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, सं० 2026 वि० प्र०सं० ।

8. गंग कवित्त, गंग कवि, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र एवं बटे कृष्ण, ना०प्र०सभा, वाराणसी, सं० 2017 वि०, प्र०सं० ।

9. ग्वाल रत्नावली(महाकवि), ग्वाल, ले० कवि किंकर, भारतवासी प्रेस, दारागंज, इलाहाबाद, सं० 2019 वि०, प्र०सं० ।

10. ग्वाल कवि, ग्वाल, काव्य संकलन- प्रभुदयाल मित्तल, सं० 2019 वि० ।

11. घनानन्दरत्नावली, घनानन्द, संकलनकर्ता-कवि किंकर, मु०वप्र० भारतवासी प्रेस,

12. चन्द्रशेखर कृत हम्मीरहठ, चन्द्रशेखर, सं० जगन्नाथदास बी०ए० (रत्नाकर), काशी ना०प्र०सभा ।

13. ठाकुरशतक, ठाकुर, चरखारी निवासी श्रीयुत बाबू काशी प्रसाद (संगृहीत), काशी भारत जीवन प्रेस, 1961.

14. दूषण उल्लास, कवि चिन्तामणि तथा कवि रघुनाथ, सं० गोविन्द द्विवेदी, शोध सहायक, हिन्दी विभाग, सागर विश्वविद्यालय, प्र० बुन्देली पीठ प्रकाशन, हिन्दी विभाग, सागर वि०वि० (म०प्र०) ।

15. देव ग्रंथावली, महाकवि देव, डा०पुष्पारानी जायसवाल, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद तथा नागरी प्रेस, दारागंज, इलाहाबाद ।

16. देव ग्रन्थावली, महाकवि देव, सं० लक्ष्मीधर बाजपेयी, (मालवीय) नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, (चन्द्रलोक जवाहरनगर), 1967, प्र०सं० ।

17. शब्दरसायन, महाकवि देव, सं० डा०जानकी नाथ सिंह, मनोज (बी०ए०आनर्स), एम०ए०डी०फिल०, लेक्चरर लखनऊ विश्वविद्यालय, सं० 2014, तृ०सं० ।

18. नव रस तरंग, महाकवि बेनीप्रवीण, सं० कृष्ण बिहारी मिश्र, प्र० प्राचीन कवि-माला कार्यालय, काशी, 1925 प्र०सं० ।

19. नागेरीदास ग्रन्थावली, प्रथम खंड, नागरीदास, सं०मंडल- कृष्णदेवप्रसाद गौड, हरवंशलाल शर्मा, करुणापति त्रिपाठी, सुधाकर पाण्डेय, भोलाशंकर व्यास, शिवप्रसाद मिश्र (संयोजक) सं० डा०किशोरीलाल गुप्त, ना०प्र०सभा, वाराणसी, सं० 2022 वि० प्र०सं० ।

20. पजनेशप्रकाश, पजनेस, सं० बाबू श्रीकृष्ण वर्मा, प्र० काशी भारत जीवन यंत्रालय में प्रकाशित, बनारस सिटी ।

21. पद्माकर ग्रन्थावली, पद्माकर, सं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, प्र० ना०प्र०सभा, काशी, सं० 2016, प्र०सं० ।

22. बिहारी सतसई, महाकवि बिहारी, देवेन्द्र शर्मा इन्द्र, एम०ए०, हिन्दी विभाग, श्यामलाल कालेज, दिल्ली, प्र० विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, सन् 1978, नवम् सं० ।

23. बोधा ग्रंथावली, बोधा कवि, सं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, ना०प्र०सभा, काशी, सं० 2031 वि०, प्र०सं० ।

24. भिखारीदास ग्रंथावली, भिखारीदास, सं० वि०प्र० मिश्र, प्र० ना०प्र०सभा, वाराणसी, सं० 2013 वि०, प्र०सं० ।

25. भिखारीदास ग्रंथावली, द्वितीय खंड, सं० वि०प्र० मिश्र, प्र० ना०प्र०स०, सं० 2014 वि०, प्र०सं० ।

26. भूषण ग्रन्थावली, भूषण कवि, सं० एवं टीकाकार – स्व० राव राजा डा० साहित्य वाचस्पति पं० श्यामबिहारी मिश्र, एम०ए०डी०लिट् और राय बहादुर साहित्यवाचस्पति पं० शुकदेव बिहारी मिश्र, बी०ए०, प्र० ना०प्र० सभा, काशी, सं० 2005, षष्ठ सं० ।

27. मतिराम ग्रंथावली, मतिराम, स्व० कृष्णबिहारी मिश्र व स्व०ब्रजकिशोर मिश्र, प्र० ना०प्र०सभा, काशी, सं० 2021 वि०, प्र०सं० ।

28. रसखान रत्नावली, रसखान, सं० डा०भवानीशंकर याज्ञिक, हि०सा०सम्मेलन, प्रयाग, प्र० श्रीगोपालचन्द्र सिंह ।

29. रसलीन ग्रन्थावली, सैयद गुलामनबी "रसलीन", सं० सुधाकर पाण्डेय, ना०प्र०सभा, वाराणसी, सं० 2026 वि०, प्र०सं० ।

30. वृन्द ग्रंथावली, कविवर वृन्द, सं०डा०जनार्दनराव चेलेर, एम०ए०(हिन्दी/संस्कृत), पी०एच०डी०, हिन्दी विभाग, श्री वेंकटेश्वर वि०वि० तिरुपति(आन्ध्र), विनोद पुस्तक मन्दिर, सन् 1971, प्र०सं० ।

31 सोमनाथ ग्रन्थावली, प्र०सं०, सोमनाथ, सं० सुधाकर पाण्डेय, ना०प्र०सभा, काशी, सं० 2029, प्र०सं० ।